आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* नवरात्र प्रारंभ
* अग्रसेन जयंती

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 269 | उज्जैन, रविवार 11 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

124 पूर्व ब्यूरोक्रेट्स ने कहा चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा रखें

नई दिल्ली। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल समेत 124 पूर्व नौकरशाहों ने भारत की चुनावी प्रक्रिया के समर्थन में देश की जनता के नाम लेटर लिखा है। पूर्व राजदूतों और रिटायर्ड आईएएस अधिकारियों ने लिखा- हम यह पत्र इसलिए लिख रहे हैं, क्योंकि आजकल हमारे चुनावों के लिए बिना किसी सबूत के धांधली शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस शब्द को बार-बार दोहराने से लोकतंत्र में लोगों का भरोसा कमजोर होता है। यह पत्र ऐसे समय आया है, जब चुनाव आयोग और मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर राजनीतिक विवाद चल रहा है।

ट्रम्प ने नोबेल नहीं मिलने पर नाराजगी जताई

वॉशिंगटन डीसी। ट्रम्प ने नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलने पर एक बार फिर नाराजगी जताई है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि यह पुरस्कार उन्हें नहीं देकर नॉर्वे ने अपने ऊपर ऐसा दाग लगा लिया है, जो कभी नहीं मिटेगा। ट्रम्प ने इस फैसले को शर्मनाक और अपमानजनक बताते हुए कहा कि उन्हें हर जंग रोकने के लिए आठ बार पुरस्कार मिलना चाहिए था। इस साल नोबेल शांति पुरस्कार दक्षिण अफ्रीका की पूर्व यूएन मानवाधिकार प्रमुख नवी पिल्लै को दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें कोई नहीं जानता। ट्रम्प बोले, नोबेल पुरस्कार आज एक लिबरल को दिया गया, जो संयुक्त राष्ट्र में काम करती हैं और जिनके बारे में किसी ने नहीं सुना।

अमेरिकी चुनाव से पहले डीजल महंगा, ट्रम्प रूस से खरीदेंगे

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूसी डीजल खरीदने पर लगी रोक 7 अप्रैल 2027 तक हटा दी है। अब अमेरिका रूस से डीजल खरीद सकेगा। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिए थे। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब ईरान जंग के बाद अमेरिका में डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। फिलहाल वहां डीजल करीब 6.28 डॉलर प्रति गैलन बिक रहा है, जबकि जंग से पहले इसकी कीमत करीब 3.70 डॉलर थी। अमेरिका में 3 नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने हैं। ऐसे में ईंधन की बढ़ती कीमतें ट्रम्प प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं।

अजय देवगन की सबसे बड़ी फिल्म बनी दृश्यम-3



400 करोड़ कलेक्शन पार, 8 दिन में सिंघम-तान्हाजी का रिकॉर्ड टूटा

मुंबई। 2 अक्टूबर को रिलीज हुई अजय देवगन की फिल्म दृश्यम: द कॉन्क्लूजन यानी दृश्यम 3 ने महज 8 दिनों में वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। ये अजय देवगन के 35 साल के करियर की सबसे बड़ी हिट बन चुकी है। अब तक ये रिकॉर्ड 2024 में आई फिल्म सिंघम अगेन के पास था, जिसने ऑलटाइम 389 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। अजय देवगन के करियर की इस बड़ी उपलब्धि के साथ जानिए कैसा रहा उनका करियर ग्राफ और क्या रहे करियर के बड़े रिकॉर्ड- फिल्म दृश्यम 3, 2 अक्टूबर को रिलीज हुई। भारत में 15,759 शोज से ओपनिंग करने वाली इस फिल्म ने पहले ही दिन 66.75 करोड़ की नेट कमाई की। वहीं 8वें दिन यानी शुक्रवार को इसने 24.86 करोड़ का कलेक्शन किया, जिससे अब इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 409.43 करोड़ हो चुका है। वीकेंड में फिल्म की कमाई में उछाल के अनुमान हैं। महज 8 दिनों में ये फिल्म इस साल की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। वीकेंड के बाद ये तीसरे नंबर पर बनी हुई हनुमान अंश को भी पीछे कर सकती है, जिसने 430 करोड़ का कलेक्शन किया है।

नैनो न्यूज

- **भोपाल :** पटवारियों की हड़ताल खत्म, 12 से काम पर लौटेंगे, न्यायिक संरक्षण के आदेश होंगे जारी।
- **केरलम :** आंधी में स्कूल की छत उड़ी, उत्तराखंड के कोटद्वार में गाड़ियां बहीं, हरिद्वार में ओले गिरे, लखनऊ में 40 हजार घरों में पानी घुसा।
- **पनामा :** भूकंप में जान दांव पर लगाकर शराब की बोतलें बचाईं, 7.6 तीव्रता का भूकंप, अब तक 100 से ज्यादा बार धरती कांपी।
- **वाशिंगटन :** अमेरिका में फ्लोरिडा के तट से टकराया इसायस तूफान, 170 किमी की रफ्तार से हवाएं चल रहीं, 9 लाख घरों की बिजली गुल।
- **वाशिंगटन :** केटी जकारिया व्हाइट हाउस की नई प्रेस सेक्रेटरी बनीं, ट्रम्प बोले- वे मेरी वफादार, 7 बार से इस पद पर महिला चुनी गईं।
- **नई दिल्ली :** भारतीय सेना सिलीगुड़ी 18 की जगह 3 घंटे में पहुंचेगी, डोकलाम विवाद के बाद 4 सुरक्षा-इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स शुरू, 2029 में पूरे होंगे।

दिल्ली पुलिस की सख्ती की वजह से सुबह से शाम तक कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर तक नहीं पहुंच पाए


दिल्ली पुलिस ने सीजेपी की लीडरशिप अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को सुबह ही एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया

ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल भी हिरासत में, प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ी, पत्थर लगने से 2 पुलिसकर्मी घायल











दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की सख्ती की वजह से शाम 5 बजे तक कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर तक नहीं पहुंच पाए। पुलिस ने सीजेपी की लीडरशिप अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को सुबह ही एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया।

पार्टी ने सुबह 10 बजे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन बुलाया था। समर्थकों ने यहां पहुंचने की कोशिश भी की, लेकिन कई जगह 3 से 5 लेयर की बैरिकडिंग की वजह से आगे नहीं बढ़ने दिया। अब तक 3500 लोगों को कस्टडी में लिया गया। इस दौरान ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल को भी हिरासत में ले लिया गया।

पुलिस से झड़प की एक या दो घटनाएं सामने आईं। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग भी तोड़ी। आकाशवाणी भवन के पास पत्थर फेंके, जिससे 2 पुलिसकर्मी घायल हो गए। सीजेपी ने मतदाता सूची में गड़बड़ियों और एसआईआर के विरोध में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का आह्वान किया था।

38 हजार जवान तैनात: 8 से 12 अक्टूबर तक सीएपीएफ की 221 कंपनियां यानी करीब 23 हजार जवान बुलाए गए। इनके अलावा दिल्ली पुलिस के कम से कम 15 हजार कर्मियों की तैनाती की योजना बनाई गई।

दिल्ली आने वाली ट्रेनें रद्द, बसों की बुकिंग की जांच: शनिवार को सुबह 4 बजे से दोपहर 2 बजे तक आने वाली 250 ट्रेनें रद्द की गईं। बसों की बुकिंग की जांच शुरू की गई, ताकि पता चल सके कि कौन वाहन किराए पर ले रहा है और कितने लोग दिल्ली आने वाले हैं।

छात्रों को रोकने की अपील: यूनिवर्सिटी-कॉलेज प्रमुखों और पीजी मालिकों से संपर्क कर छात्रों को प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने की अपील की गई।

मेट्रो स्टेशन बंद, बैरिकेडिंग: 10 अक्टूबर को 45 मेट्रो स्टेशनों पर एंट्री और एग्जिट बंद रखने की व्यवस्था की गई। जंतर-मंतर से पहले ही 10 फीट ऊंचे बैरिकेड लगाए गए। आंसू गैस की गाड़ियां भी तैनात की गईं।

दिल्ली के बॉर्डर पर सख्ती: दूसरे राज्यों से आने वाले रास्तों पर जांच बढ़ाई गई। यूपी से लगी पूर्वी दिल्ली और शाहदरा सीमा के साथ राजस्थान से आने वाले रूट पर भी नजर रखी गई। कीलें और बैरिकेड लगाए गए।

बॉडीकैम से रिकॉर्डिंग, अस्थायी हिरासत केंद्र की तैयारी: झड़पों की रिकॉर्डिंग के लिए फ्रंटलाइन पर तैनात पुलिसकर्मियों को 150 बॉडीकैम दिए गए। प्रदर्शनकारियों को रखने के लिए स्टेडियम में अस्थायी हिरासत केंद्र बनाए गए।

दीपके फ्लाइट से ही हिरासत में, रास्ते में ही कार्यकर्ताओं को रोका: अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को फ्लाइट से ही हिरासत में लिया गया। सीजेपी कार्यकर्ताओं को जंतर-मंतर पहुंचने से पहले ही पकड़ा गया।



अराजकता फैलाई जा रही : भाजपा

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि दिल्ली के एक कोने में अराजक तत्वों का फ्लॉप शो हम देख रहे हैं। कोशिश थी आगजनी हो, कोशिश थी सड़कों पर लड़ाई हो। मगर आज भीड़ तंत्र पर लोकतंत्र की जीत हुई है। जिस प्रकार से सारा विषय कंट्रोल में है। 12 तारीख को प्रोटेस्ट बुलाया गया। भारत में स्थिति कैसे बिगाड़ी जाए, उसकी कोशिश की जा रही है। अराजक तत्वों के भीतर भी अराजकता है। आम आदमी पार्टी कह रही हैं कि कांग्रेस ने संविधान बचाने का ठेका ले रखा है, हमने भी ले रखा है। यह नहीं चलेगा। कल आप देखिए, राष्ट्रपति भवन गए थे कुछ नेता। राहुल गांधी का बयान एक नालायक नेता की तरह है। यह कहते हुए मुझे बुरा लग रहा है।

प्रियंका बोलीं- मोदी और शाह चला रहे तानाशाही

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने दिल्ली में विपक्षी दलों के प्रदर्शन और पुलिस की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि 254 सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की गई और उन्हें गैरकानूनी तरीके से हिरासत में लिया गया। प्रियंका ने कहा कि विपक्षी दलों के अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया गया। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि राजधानी को चारों तरफ से घेरकर रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई। ट्रेनों और मेट्रो को रोका गया, इंटरनेट बंद किया गया और जगह-जगह जांच चौकियां बनाई गईं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकार के तहत प्रदर्शन कर रहे युवक-युवतियों को पीटा गया और हिरासत में लिया गया। प्रियंका ने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में कथित धांधली के कारण सरकार जवाबदेही से डर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तानाशाही चलाने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने में सहयोग करने वाले लोग राष्ट्र के खिलाफ काम कर रहे हैं।

अभिजीत दीपके की दादी का निधन

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के राष्ट्रीय संयोजक अभिजीत दीपके के परिवार पर गहरा दुख टूट पड़ा है. दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान एक तरफ जहां दीपके पुलिस हिरासत में हैं, वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र के हिंगोली स्थित उनके पैतृक गांव संतुक पिंपरी में उनकी दादी का लंबी बीमारी के बाद दुखद निधन हो गया।

नहीं मिल सकी अंतिम विदाई

अभिजीत दीपके शनिवार सुबह मुंबई से अपने साथियों के साथ दिल्ली पहुंचे थे, ताकि जंतर-मंतर पर आयोजित बड़े विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर सकें। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने विमान के रनवे पर लैंड होते ही उन्हें एयरक्राफ्ट के भीतर से ही हिरासत में ले लिया था, हिरासत में रहने के दौरान ही उनके पैतृक गांव से दादी के निधन की खबर सामने आई, जिससे उनके परिवार और समर्थकों में शोक का माहौल छा गया है।

मस्क का तंज, कहा- डियर प्राइम मिनिस्टर अंबानी, आपका इतना प्रभाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सेटैलाइट इंटरनेट स्टारलिंक की भारत में एंट्री को लेकर कंपनी के मालिक इलॉन मस्क ने रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी पर कटाक्ष किया हैं। मस्क ने सोशल मीडिया पर डियर प्राइम मिनिस्टर अंबानी लिखते हुए कहा कि उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि भारत में उनका इतना प्रभाव है।

मस्क ने कहा कि भारतीय बाजार में स्टारलिंक जैसी विदेशी कंपनियों को भी उतरने की इजाजत मिलनी चाहिए। उनका मानना है कि स्पेक्ट्रम का आवंटन इस तरह होना चाहिए जिससे केवल एक कंपनी का वर्चस्व न रहे और अन्य कंपनियों को भी व्यापार में बराबर का मौका मिले।



मस्क बोले- क्या अंबानी देश के रियल बॉस हैं?

इससे पहले गुरुवार को मस्क ने कहा था कि स्टारलिंक को दुनिया के 165 से ज्यादा देशों में सेवा देने की मंजूरी मिल चुकी है। कंपनी पिछले पांच साल से भारत सरकार के हर कानून और जरूरी शर्त का पालन कर रही है। इसके बावजूद उसे भारत में लाइसेंस क्यों नहीं मिला? क्या अंबानी देश के रियल बॉस हैं?

डियर प्रधानमंत्री अंबानी जी, कृपया मेरी यह न समझ पाने की भूल को क्षमा करें कि भारत के असली मालिक आप ही हैं। जाहिर है, आप भारत के महान लोगों के बीच अपना एकाधिकार और फायदा बनाए रखना चाहेंगे, लेकिन फिर भी क्या आप स्टारलिंक को भारत में मुकाबला करने की अनुमति देने पर विचार करेंगे? भारत में ऐसे कई इलाके हैं, जैसे दुनिया के हर देश में होते हैं, जहां इंटरनेट की पहुंच नहीं है। इस वजह से बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं और छोटे कारोबारियों को अपना सामान दुनिया भर के बाजार में बेचने का मौका नहीं मिल पाता। स्टारलिंक उनके जीवन को बेहतर बना सकता है।

पंचायत चुनाव में महिला प्रत्याशी का अनोखा वादा

सरपंच बनी तो कुंवारों की कराऊंगी शादी

एजेंसी ▸▸ झुंझुनूं

राजस्थान में पंचायत चुनाव की सरगर्मियों के बीच झुंझुनूं जिले से एक ऐसा हैरान कर देने वाला चुनावी वादा सामने आया है, जिसने पूरे प्रदेश का ध्यान खींच लिया है। आमतौर पर पंचायत चुनावों में सरपंच पद के उम्मीदवार पक्की सड़कों, बिजली, पानी, नाली और स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास का दावा करते हैं, लेकिन नवलगढ़ तहसील के झाझड़ गांव की सरपंच पद की दावेदार अनीता सैनी ने खुला वादा किया है कि यदि वह सरपंच चुनी जाती हैं, तो गांव के कुंवारे युवकों की शादी करवाएंगी। उनके इस प्रचार का वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।



27 प्रतिशत आरक्षण पर फिर आमने-सामने कांग्रेस और भाजपा, कोर्ट में पक्ष ठीक से नहीं रखने का आरोप

प्रदेश सरकार ने भरोसे में लेकर धोखा दिया : कांग्रेस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला एक बार फिर राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाईकोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार की आरक्षण संबंधी प्रक्रिया और अधिसूचना पर सवाल उठाए हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्ष 2019 से 2022 के बीच हुई नियुक्तियों में 13 प्रतिशत अतिरिक्त नियुक्तियों को संरक्षित रखते हुए आगामी भर्तियों में समायोजित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, वर्ष 2022 के बाद से फैसले की तारीख तक की गई भर्तियों में 13 प्रतिशत होल्ड किए गए पदों पर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के निर्देश का भी उन्होंने उल्लेख किया है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अध्यादेश के माध्यम से 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने में जल्दबाजी की और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से परामर्श नहीं लिया। उन्होंने इस प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार हाईकोर्ट के निर्णय का विधिक परीक्षण कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। हालांकि, कांग्रेस सरकार की मंशा और प्रक्रिया को लेकर मुख्यमंत्री की टिप्पणियां उनका राजनीतिक पक्ष हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और न्यायालय के आदेश की वास्तविक सीमाओं को समझने के लिए संबंधित अधिसूचना तथा फैसले का अध्ययन आवश्यक है।

सवाल सरकारों की लड़ाई का नहीं, युवाओं के भविष्य का है। आरक्षण का मुद्दा केवल राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं है। इसके साथ उन हजारों अभ्यर्थियों की उम्मीदें जुड़ी हैं, जो वर्षों से सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे हैं। ओबीसी अभ्यर्थी अपने संवैधानिक अवसरों और निर्धारित आरक्षण के लाभ को लेकर स्पष्टता चाहते हैं, जबकि सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की भी उन पदों पर नियुक्ति को लेकर अपेक्षाएं हैं, जिन्हें लंबे समय से होल्ड रखा गया है। ऐसे में किसी भी फैसले का असर समझने के लिए यह देखना जरूरी है कि न्यायालय ने किन भर्तियों, किन पदों और किन अभ्यर्थियों के संबंध में क्या निर्देश दिए हैं।

आरक्षण पर स्थायी समाधान जरूरी

मध्यप्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का प्रश्न कानूनी, प्रशासनिक और सामाजिक-तीनों स्तरों पर महत्वपूर्ण है। सरकार को न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति के आधार पर विस्तृत स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। किन वर्षों की भर्तियां प्रभावित होंगी, कितने पदों पर नियुक्ति का रास्ता खुलेगा, होल्ड पदों का क्या होगा और आगामी भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण की व्यवस्था किस प्रकार लागू की जाएगी-इन सभी सवालों के जवाब सार्वजनिक होने चाहिए।
आरक्षण के प्रश्न को राजनीतिक प्रतिष्ठा का विषय बनाने के बजाय संवैधानिक प्रावधानों, न्यायिक निर्देशों और अभ्यर्थियों के हितों के अनुरूप हल करना समय की आवश्यकता है। सरकार और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि आरोप-प्रत्यारोप से न तो किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति मिलती है और न ही विवाद समाप्त होता है। युवाओं को आश्वासन नहीं, स्पष्ट नियम, पारदर्शी प्रक्रिया और समयबद्ध निर्णय चाहिए। अंततः इस मामले में सरकार की सफलता का आकलन बयानों से नहीं, बल्कि इस बात से होगा कि वह कानूनी स्थिति स्पष्ट करते हुए भर्ती और आरक्षण से जुड़ी अनिश्चितता को कितनी प्रभावी ढंग से दूर कर पाती है।

- यह भी महत्वपूर्ण है कि 13 प्रतिशत पदों को होल्ड रखने और उन्हें संरक्षित करने की व्यवस्था को सभी भर्तियों पर एक समान लागू मानकर निष्कर्ष न निकाला जाए। अलग-अलग भर्ती प्रक्रियाओं की स्थिति, न्यायालय के अंतरिम और अंतिम आदेश तथा संबंधित नियमों के आधार पर ही वास्तविक प्रभाव स्पष्ट होगा। मुख्यमंत्री ने जिन नियुक्तियों का उल्लेख किया है, उनके संबंध में सरकार को आधिकारिक स्थिति सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि अभ्यर्थियों के बीच भ्रम और अनिश्चितता दूर हो सके।
- राजनीतिक दृष्टि से कांग्रेस सरकार के फैसले पर सवाल उठाना भाजपा का पक्ष हो सकता है, लेकिन मौजूदा सरकार की जिम्मेदारी केवल पिछली सरकार की गलतियां गिनाने तक समाप्त नहीं होती। उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि न्यायालय के आदेश का पालन हो, भर्ती प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब न हो और पात्र अभ्यर्थियों के अधिकार सुरक्षित रहें। दूसरी ओर, कांग्रेस को भी अपने समय में लिए गए फैसले की प्रक्रिया और उसके कानूनी आधार पर उठ रहे सवालों का तथ्यात्मक जवाब देना चाहिए।

तमिलनाडु पर हिंदी थोपी जा रही : राहुल गांधी



एजेंसी ▸▸ चेन्नई

राहुल गांधी छात्रों की गूंज कार्यक्रम चेन्नई के आइलैंड ग्राउंड्स में शुरू हुआ। राहुल ने कहा- सवाल पूछना हर स्टूडेंट की जिम्मेदारी है। सरकार तमिलनाडु पर हिंदी थोप रही है। तमिल कल्चर, भाषा इतिहास पर हमला किया जा रहा है। आपका वोट चोरी किया जा रहा है। वह शनिवार दोपहर चेन्नई पहुंच गए हैं। सबसे पहले वह एक कैफे में सीएम विजय से मिले। राहुल कोटा, देहरादून, प्रयागराज, पुणे और इंदौर में युवाओं और छात्रों से इस कार्यक्रम में बात कर चुके हैं। यह कार्यक्रम पहली बार दक्षिण भारत में हो रहा है।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

महाआयोजन के काम में धीमी चाल

महाआयोजन के एक माह के दरमियान 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इसके लिए की जा रही तैयारी के तहत बहुत कुछ किया जा रहा है और बहुत कुछ करना होगा। धर्मनगरी वासी इसी के चलते बहुत कुछ समर्पण एवं त्याग कर रहे हैं। धूल खा रहे हैं, श्वास की परेशानी उठा रहे हैं, अपनी संपत्ति दे रहे हैं। अन्यानेक तरीके से अपना योगदान महाआयोजन की तैयारी के लिए दे रहे हैं। महाआयोजन की तैयारी के साथ ही मास्टर प्लान 2035 पर भी काम हो रहा है। जिससे आगे धर्मनगरी को विस्तृत रूप मिल सके और 2040 में बहुत ज्यादा परेशानी रहवासियों को नहीं उठाना पड़े। महाआयोजन के निर्माण के कामों को समयबद्ध अंजाम देना सभी की मजबूरी है। इसे इस तरह से समझा जाए की वर्तमान में वार-त्यौहार पर जब धर्मनगरी और जिले के वासी सड़कों पर उतर आते हैं तो सब कुछ जाम के हालात बन जाते हैं ऐसे में महाआयोजन के समय तो धर्मनगरी की जनसंख्या से कई गुना श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। ऐसे में उनके लिए अभी से सुविधा जुटाना ही होगी। धर्मनगरी के सहनशील वासियों का ही ये जज्बा है जो धीमी चाल से चल रहे कामों के बीच परेशानी उठाते हुए भी अपना सहयोग एवं समर्थन बराबर दे रहे हैं। महाआयोजन के लिए किए जाने वाले निर्माण कामों के लिए ठेकेदारों को जो समय दिया गया है वो वर्तमान मशीनरी के दौर में काफी ही नहीं बहुत ज्यादा कहा जाएगा। जब ठेकेदारों को उनकी मांग का पैंसा मिल रहा है तो वे कामों को धीमी गति से क्यों चला रहे हैं ये समझ से परे है। हाल ही में नगर की संस्था के प्रशासनिक मुखिया ने एक बार फिर से निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने के लिए जुर्माना ठेकेदार पर लगाया है। जुर्माना भी थोड़ा बहुत नहीं पूरे 5 लाख है। ये बात अलग है कि साइड जंत्री और अन्य नगर की संस्था के प्रचार प्रसार में ठेका एजेंसी एवं ठेकेदार का नाम ही गायब कर गए। खुसूर-फुसूर है कि इस स्थिति के लिए अकेले ठेकेदार की क्षमता नहीं है कि वह काम को पूर्ण गति के साथ चलाने की अपेक्षा अपनी मर्जी से ही चलाए। इसमें संबंधित साइड के जंत्री जी भी कुछ प्रतिशत में जिम्मेदार हैं। अब समय आ चुका है कि निर्माण कार्यों की स्थिति में ठेकेदारों एवं साइडों के जिम्मेदारों से भी कार्य पूर्णता के लिए प्रतिशत वार शपथ पत्र ले लिए जाने चाहिए। ऐसा न हो कि 92 की तरह फिर से सालों तक कामों को अपडेट किया जाना पड़े।

नैनो न्यूज

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष** हेमंत खंडेलवाल का धार आगमन पर आत्मीय स्वागत, जिला अध्यक्ष महंत नीलेश भारती के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत
- **शनिश्चरी अमावस्या** पर क्षिप्रेश्वर सिद्ध शनि मंदिर में हुई महाआरती, दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु, सुबह से ही मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शनिदेव के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचे।
- **माधव कॉलेज** में मेंटल हेल्थ असेसमेंट के लिए चैटबॉट लॉन्च, स्पंदन पॉलिसी के अंडर साथी सेल का इनोवेटिव इनिशिएटिव, तीन फेजेस में होगी स्ट्रेस और डिप्रेशन की स्क्रीनिंग
- **शहर में** सीवरेज एवं सड़क चैड़ीकरण का कार्य सराहनीय, किंतु जनता के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था जरूरी...
- **तेरा तुझको अर्पण** संस्था ने श्राद्ध पक्ष में 3 हजार से अधिक लोगों को कराया निःशुल्क तर्पण, नीलगंगा सरोवर पर 16 दिनों तक चला सेवा अभियान, सर्व पितृ अमावस्या पर एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया तर्पण
- **पंडित विष्णु नारायण भातखंडे** कला संस्थान द्वारा विगत 15 दिनों से विभिन्न स्थलों पर मालवा के सांस्कृतिक विरासत संझा लोक उत्सव के प्रचार प्रसार हेतु मालवा लोक रंगोत्सव कार्यशाला 2026 का आयोजन किया गया।
- **रेडक्रॉस** ने नुक्कड़ नाटकों से दिया नशा मुक्ति का संदेश, महाकाल और कालभैरव मंदिर सहित प्रमुख स्थानों पर हुआ मंचन, युवाओं को नशे से बचाने का आह्वान
- **अग्र-कुलदेवी** गजलक्ष्मी को ओढ़ाई राजस्थानी चुनरी, अग्रवाल जेसीस ने निकाली चुनरी यात्रा, अग्रसेन जयंती महोत्सव पर माता का किया सोलह श्रृंगार
- **जनजातीय** क्षेत्रों में संगठन विस्तार और संस्कृति संरक्षण पर जोर, विश्व मांगल्य सभा की राज्य स्तरीय बैठक में 20 जिलों की 50 कार्यकर्ताओं ने लिया भाग
- **शोध से समाज** और मानवता को नई दिशा मिलना जरूरी, निर्मला कॉलेज में सात दिवसीय रिसर्च मेथोडोलॉजी कार्यशाला का समापन
- **काल भैरव** मंदिर के पास घाट पर आज से होगी महाकाली और तारा देवी की साधना,
- **उज्जैन में** पाँचवें दिन भी सत्याग्रह जारी, 11 अक्टूबर से शुरू होगा क्रमिक अनशन

82 साल बाद बने गज छाया योग में शिप्रा घाटों व त्रिवेणी संगम पर उमड़ा आस्था का सैलाब, सर्वपितृ मोक्ष और शनिश्चरी अमावस्या का दुर्लभ संयोग

सिद्धवट, गयाकोठा, रामघाट और त्रिवेणी पर हुआ तर्पण-पिंडदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन में शनिवार को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या और शनिश्चरी अमावस्या के संयोग पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। दुर्लभ गज छाया योग के चलते पितरों की शांति और मोक्ष की कामना लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अवंतिका नगरी पहुंचे। सुबह तड़के से ही शिप्रा नदी के विभिन्न घाटों पर स्नान, तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान का सिलसिला शुरू हो गया। सिद्धवट, गयाकोठा, रामघाट और त्रिवेणी संगम सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं ने पवित्र शिप्रा में स्नान कर अपने ज्ञात-अज्ञात पितरों के निमित्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सर्वपितृ अमावस्या पितृ पक्ष का महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन उन पूर्वजों के निमित्त भी श्राद्ध और तर्पण किया जाता है, जिनकी मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं होती। यही कारण है कि उज्जैन जैसे प्रमुख तीर्थस्थल पर इस अवसर का विशेष महत्व रहता है। गज छाया योग के संयोग को लेकर भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। अनेक परिवारों ने पुरोहितों के मार्गदर्शन में विधि-विधान से तर्पण और पिंडदान कर पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।





सिद्धवट और गयाकोठा में पितरों के निमित्त अनुष्ठान

सिद्धवट और गयाकोठा में पितरों की शांति के लिए विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए गए। श्रद्धालुओं ने पुरोहितों के सान्निध्य में तिल, जल और अन्य पूजन सामग्री से तर्पण किया। पिंडदान और श्राद्ध कर्म के माध्यम से पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। परिवारों ने पितरों की आत्मशांति, सुख-समृद्धि और परिवार में खुशहाली की कामना की। धार्मिक मान्यता है कि पितृ पक्ष में श्रद्धापूर्वक किए गए श्राद्ध और तर्पण से पूर्वजों के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन होता है।

रामघाट और त्रिवेणी पर स्नान-दान का क्रम

रामघाट सहित शिप्रा के अन्य घाटों पर भी सुबह से श्रद्धालु पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद पूजा-अर्चना की और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-पुण्य किया। त्रिवेणी संगम पर भी धार्मिक आस्था का विशेष दृश्य दिखाई दिया। यहां श्रद्धालुओं ने स्नान और पूजन के साथ पितरों के निमित्त तर्पण किया। शनिश्चरी अमावस्या होने के कारण भगवान शनिदेव के दर्शन और पूजन के लिए भी श्रद्धालुओं में उत्साह रहा। भक्तों ने शनिदेव को तेल अर्पित कर परिवार की सुख-शांति और कष्टों से मुक्ति की कामना की।

- **शनि दोष से मुक्ति की कामना-** शनिश्चरी अमावस्या पर शनि आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार इस दिन शनिदेव की पूजा, तेल अर्पण और दान-पुण्य करने से शनि संबंधी बाधाओं से मुक्ति की कामना की जाती है। कुछ श्रद्धालुओं ने प्रचलित मान्यताओं के अनुरूप पुराने वस्त्र और जूते-चप्पल छोड़ने जैसी परंपराओं का भी पालन किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव के समक्ष प्रार्थना कर जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।
- **पितरों के प्रति श्रद्धा का पर्व-** सर्वपितृ अमावस्या पितृ पक्ष का समापन अवसर भी है। इस दिन लोग अपने पूर्वजों को स्मरण कर उनके निमित्त श्राद्ध, तर्पण और दान करते हैं। उज्जैन में शिप्रा स्नान और पितृ कर्म की प्राचीन परंपरा के कारण इस अवसर पर दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। शनिवार को धार्मिक संयोग के चलते घाटों और प्रमुख तीर्थ स्थलों पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहने का माहौल रहा। आस्था, परंपरा और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता से जुड़े इस पर्व पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से अनुष्ठान कर पितरों की शांति और परिवार के कल्याण की कामना की।

पितरों की शांति और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति की कामना लेकर पहुंचे श्रद्धालु

भूतड़ी अमावस्या पर 52 कुंड में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भूतड़ी अमावस्या के अवसर पर भैरवगढ़ स्थित 52 कुंड पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अमावस्या पर स्नान का विशेष महत्व मानते हुए हजारों श्रद्धालु कुंड पहुंचे और पवित्र जल में डुबकी लगाई। सुबह से ही यहां श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो दिनभर जारी रहा। कुंड परिसर में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी से धार्मिक माहौल बना रहा।

भूतड़ी अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था रहती है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र जल में स्नान करने और पूजा-अर्चना करने से नकारात्मक प्रभावों से मुक्ति मिलती है। इसी विश्वास के साथ कई श्रद्धालु परिवार सहित 52 कुंड पहुंचे। लोगों ने स्नान के बाद पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कुछ श्रद्धालु पितरों की शांति के उद्देश्य से भी धार्मिक अनुष्ठान करने पहुंचे।

आस्था और परंपरा का केंद्र बना 52 कुंड



उज्जैन धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं के लिए देशभर में विशेष पहचान रखता है। भूतड़ी अमावस्या पर 52 कुंड में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना इसी धार्मिक आस्था का हिस्सा है। इस अवसर पर दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग यहां पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के लिए यह दिन धार्मिक विश्वास, परंपरा और आध्यात्मिक शांति से जुड़ा हुआ है। अमावस्या पर कुंड में स्नान के साथ पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियों के चलते भैरवगढ़ क्षेत्र में दिनभर चहल-पहल बनी रही।

पितृ अमावस्या पर मां शिप्रा तैराक दल रामघाट पर दे रहा विशेष सेवाएं



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पितृ अमावस्या एवं शनिश्चरी अमावस्या के पावन अवसर पर माँ शिप्रा तैराक दल सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति, उज्जैन द्वारा रामघाट पर विशेष सेवाएं दी जा रही हैं। पितृ अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिप्रा नदी में स्नान एवं पितरों के निमित्त धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए रामघाट पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो तथा घाट पर सुरक्षा एवं व्यवस्था बनी रहे, इसी उद्देश्य से तैराक दल के सदस्य रामघाट पर निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। समिति के सदस्य श्रद्धालुओं की सहायता के लिए तत्पर हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। जानकारी मां शिप्रा तैराक दल सचिव संतोष सोलंकी ने दी।

आज से शक्ति की आराधना का महापर्व नवरात्र प्रारंभ



- **घट स्थापना के साथ नवरात्रि पर्व की शुरूआत**
- **जगह-जगह गरबा पांडाल सजकर हुए तैयार**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज से शक्ति की आराधना का महापर्व नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। आज से शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। मां दुर्गा की पूजा से पहले घटस्थापना व कलश स्थापना की जाएगी। इसी के साथ नवरात्रि पर्व की शुरूआत हो जाएगी। जिसकी तैयारियां भी पूर्ण हो चुकी है। शहर में कई जगह पंडाल सजाकर माता जी की स्थापना की जाएगी। वहीं इसके लिए गरबा पांडाल भी सज गए हैं। और नवरात्रि को लेकर लोगों में काफी उत्साह है तथा शहर में माताजी के दरबार में गरीबों की धूम रहेगी वहीं माता मंदिरों में दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ेगी।

अलग-अलग स्थानों पर आकर्षक पंडाल तैयार हो रहे हैं, जिसमें मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित कराई जाएगी।

घट-स्थापना का शुभ मुहूर्त

- प्रातः 7:51 से 9:18 तक चर।
- प्रातः 9:18 से 10:46 तक लाभ।
- प्रातः 10:46 से 12:13 तक अमृत।
- दोपहर 1:41 से 3:09 तक शुभ।
- शाम 6:04 से 7:36 तक शुभ।
- रात 7:36 से रात 9:09 तक अमृत।
- रात 9:09 से 10:41 तक चर।

मां की भक्ति का उत्सव पूरे नो दिन रहेगा - ज्योतिष डॉ. सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि इस बार देवी मां की भक्ति का उत्सव पूरे 10 दिन रहेगा। 11 अक्टूबर से शुरू होकर 20 अक्टूबर तक नवरात्रि पर्व मनाया जाएगा।

कई जगह पंडाल सजकर तैयार- नवरात्रि की तैयारी जोर-शोर से चल रही है चौक-चौराहों में पंडाल सजकर तैयार हो गए हैं शहर से लेकर गांवों तक विभिन्न स्थानों पर पंडाल सज गए जहां पर माता जी की स्थापना कर गरबा का आयोजन होंगे। इसमें कुछ भव्य और आकर्षक पंडाल भी सज रहे हैं।

वन विभाग ने सर्व पितृमोक्ष अमावस्या से 21 दिवसीय अभियान की शुरूआत की

ढाई घंटे में 100 कृष्णमृगों का किया सुरक्षित रेस्क्यू

प्रमुख सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं 7 जिलों के डीएफओ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वन विभाग ने शाजापुर जिले में कृष्णमृग एवं नीलगाय के रेस्क्यू एवं स्थानांतरण अभियान के प्रथम दिन ढाई घंटे में ही शतक लगाया है। प्रथम दिन सुबह 8.30 बजे के लगभग अभियान की शुरूआत की गई और लगभग 11.30 बजे के बीच हन्नूखेड़ी और पोलायकला के खेतों से लगभग 100 कृष्णमृगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

वन विभाग के अनुसार अभियान वन्यजीवों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने और फसलों को होने वाले नुकसान की समस्या के समाधान की दिशा में दूरदर्शी पहल का हिस्सा है। मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशन टीम के सहयोग से शाजापुर जिले के चिन्हित क्षेत्रों में 09 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक कृष्णमृग एवं नीलगाय के रेस्क्यू एवं ट्रांसलोकेशन का अभियान संचालित किया जा रहा है।

कूनों नेशनल पार्क भेजा- शनिवार को टीम ने सुबह के समय करीब ढाई घंटे चलाए गए अभियान में ही करीब 100 कृष्णमृगों को बोमा में घेर दिया। इस दौरान अभियान के लिए हेलीकाप्टर ने एक उड़ान भरी थी। बोमा में घेरने के बाद कृष्णमृगों को वन्य जीवों के विशेष ट्रकों में भरकर कूनो राष्ट्रीय पार्क के लिए भेजा गया है। शनिवार से शुरू किए गए अभियान के दौरान ग्रामीणों ने उल्लेखनीय सहयोग और संयम दिखाया। उन्होंने खेतों में प्रवेश नहीं किया और कुत्तों को खुला नहीं छोड़ा। क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी भी ग्रामीणों के साथ मौजूद रहे और उन्होंने पकड़े गए कृष्णमृगों के स्थानांतरण के लिए रवाना किए जा रहे वाहनों को हरी झंडी दिखाई।



प्रमुख सचिव खुद पहुंचे

अभियान का मार्गदर्शन प्रमुख सचिव वन राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभांजन सेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ. समिता राजौरा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एल. कृष्णमूर्ति, कलेक्टर ऋजु बाफना तथा अभियान के नोडल अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक डॉ. किरण बिसेन सहित अन्य अधिकारियों ने किया। अभियान में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 07 वनमंडलाधिकारी शामिल है।

गर्मी बढ़ते ही रोका अभियान

रेस्क्यू एवं ट्रांसलोकेशन अभियान की नोडल अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक डॉ. किरण बिसेन ने बताया कि दिन में तापमान बढ़ने के कारण शेष रेस्क्यू कार्य पशु-कल्याण को प्राथमिकता देते हुए रोक दिया गया। अभियान 11 अक्टूबर को इसी स्थल पर पुनः जारी रहेगा। जिला प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारियों ने पुनः ग्रामीणों से अपील की है कि अभियान के दौरान खेतों से दूर रहें, पालतू कुत्तों को सुरक्षित रखें तथा अनावश्यक भीड़ न लगाएँ।

कुछ जिलों के पशु चिकित्सकों को बुलावा- अभियान को लेकर वन विभाग की ओर से आसपास के जिलों के पशु चिकित्सकों को बुलाया गया है। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के अनुसार उन्हें मुख्य वन संरक्षक की ओर से पत्र मिला था जिसमें पशु चिकित्सकों की मांग की गई थी। इसके चलते उज्जैन से 2 पशु चिकित्सकों को ड्यूटी पर लगाया गया है। अन्य जिलों की जानकारी भी सामने आ रही है।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | रविवार 11 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

पालना व्यवस्था : बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर दिया जोर

इंदौर। महिला एवं बाल विकास विभाग की एडिशनल डायरेक्टर डॉ. संध्या व्यास द्वारा शुक्रवार को इंदौर के अशासकीय संस्था ह्यसंजीवनीह्ल का अवलोकन किया गया। इस दौरान प्रभारी संयुक्त संचालक श्री व्ही. पी. एस. राठौर एवं प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रवि शर्मा उपस्थित रहे।अवलोकन के दौरान संस्था में कुल 14 बालक पाए गए, जिनमें विशेष आवश्यकता वाले बालक एवं बाल कल्याण की दृष्टि से संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक सम्मिलित हैं। इस दौरान संस्था में बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। डॉ. संध्या व्यास ने बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के उद्देश्य से पालना (क्रैडल) व्यवस्था के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए।

मामाजी गृह उद्योग सहित विभिन्न इकाइयों से खाद्य नमूने लिए गए

इंदौर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्य प्रदेश, भोपाल के निर्देशन में तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने, खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाए रखने तथा आगामी त्योहारी अवधि के दृष्टिगत निरंतर निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज खाद्य निर्माण इकाइयों, रेस्टोरेंट एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य कारोबारकताओं को जागरूक भी किया गया। आज 09 अक्टूबर 2026 को 84, उद्योग नगर, मूसाखेड़ी, नेमावर रोड, इंदौर स्थित अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया गया।

आयुर्वेद के द्वारा संयुक्त रूप से ध्यान योग शिविर आयोजित

उज्जैन। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी उज्जैन के निर्देशन में शासकीय एडवांस साइंस एवं कॉमर्स कॉलेज उज्जैन में शासकीय आयुष विंग होम्योपैथी एवं आयुर्वेद के द्वारा संयुक्त रूप से ध्यान योग शिविर आयोजित किया जिसमें स्वस्थ दिनचर्या एवं आहार व योग विषय पर डॉ अमर राठौड़ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी आयुष विंग होम्योपैथी उज्जैन द्वारा विस्तार से बताया तथा दैनिक जीवन में आयुर्वेद के द्वारा निर्दिष्ट ऋतुचर्या एवं आहार तथा ध्यान व योग के विषय में विस्तार से आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ महेंद्र कौशल आयुष विंग उज्जैन द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य व सभी अध्यापक/अध्यापिका गण विशेष रूप से उपस्थित रहे । सत्र में डॉ अमर राठौड़ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी व डॉ महेंद्र कौशल आयुर्वेद विशेषज्ञ तथा डॉ रीना पंचोली ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं

उज्जैन में दो दिनी राष्ट्रीय मंथन से उभरा संदेश



उज्जैन। 51 शक्तिपीठों की आस्था को एक परिसर में समेटकर देश को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता के सूत्र में पिरोने की परिकल्पना अब बड़वाह के शक्तिधाम से साकार होगी। उज्जैन में दो दिन तक चले राष्ट्रीय मंथन के समापन पर यही संदेश उभरा कि शक्तिधाम केवल मंदिर नहीं, बल्कि आस्था, चरित्र निर्माण और समाजसेवा का ऐसा केंद्र बने, जो भारत की आध्यात्मिक चेतना को विश्वकल्याण से जोड़े। शुक्रवार को झालरिया मठ में आयोजित समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने इस प्रकल्प को देश की आध्यात्मिक शक्ति और राष्ट्रीय एकात्मता से जोड़ा। उप मुख्यमंत्री डॉ. शुक्ल ने कहा कि भारत आध्यात्मिक देश है और धर्म-अध्यात्म उसकी ताकत हैं। शक्तिधाम प्रकल्प के आने से देश का अध्यात्म और बढ़ेगा। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि यह पूरे देश को एकात्मता के सूत्र में जोड़ने वाला तीर्थ बनेगा। इसके माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाना है। मां दुर्गा का शौर्य, मां अन्नपूर्णा का त्याग, मां सरस्वती का ज्ञान और मां लक्ष्मी का संयम जीवन में उतरेगा, तभी समाज सशक्त बनेगा। शक्ति का अर्थ केवल पूजा करना नहीं, बल्कि निर्बल की रक्षा करना भी है। शक्तिधाम में गुरुकुल, चिकित्सालय, गोसेवा और संस्कार केंद्र के माध्यम से समाजसेवा की परिकल्पना की गई है।

नैनो न्यूज

- **देवास – दूषित पानी छोड़ने वाले उद्योगों पर कार्रवाई-** सिंहस्थ की तैयारियों के बीच क्षिप्रा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए देवास के नागधम्मन नाले का निरीक्षण किया गया। दूषित पानी छोड़ने वाले उद्योगों पर कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं।
- **आगर-मालवा – भुगतान में देरी से किसान नाराज-**आगर-मालवा में नकद भुगतान और उपज खरीदी में देरी के मुद्दों पर किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम किया। प्रदर्शन से यातायात प्रभावित हुआ।
- **शाजापुर – सोयाबीन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू-**शाजापुर जिले में खरीफ 2026 की सोयाबीन फसल के पंजीयन की प्रक्रिया 3 से 17 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। किसानों को तय अवधि में पंजीयन कराने की सलाह दी गई है।
- **सुसनेर – नगर परिषद चुनाव में भाजपा की जीत-** सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा के प्रदीप सोनी ने जीत दर्ज की। परिणाम में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को 960 मतों से पराजित किया।
- **रतलाम – पटवारियों पर प्रशासन की कार्रवाई तेज-**रतलाम में पटवारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई तेज हुई है। 22 पटवारियों को आरोपपत्र जारी किए गए, जबकि 53 परिवीक्षाधीन पटवारियों को अंतिम चेतावनी दी गई।

अमेरिका से यूरोप तक जुड़े श्रद्धालु, विभिन्न स्थानों से लोगों ने इस निःशुल्क सत्र में भाग लिया

भागीरथपुरा जल त्रासदी के मृतकों के लिए अंतरराष्ट्रीय सामूहिक तर्पण

कृष्णा गुरुजी की पहल पर कई देशों के लोग जुड़े, आचार्यों ने प्रार्थना कराई और चार शहरों में जरूरतमंदों को भोजन कराया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में शनिवार को सर्वपितृ अमावस्या के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन सामूहिक तर्पण का आयोजन किया गया। मानवतावादी एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शक कृष्णकांत मिश्रा ह्यकृष्णा गुरुजीह्ल की पहल पर हुए इस कार्यक्रम में दिवंगतों की आत्मा की शांति और उनके शोकाकुल परिवारों को संबल देने के लिए प्रार्थना की गई।

आयोजन में उज्जैन के सिद्धवट से लालू गुरु, हरिद्वार से पंडित राजीव शर्मा और ऋषिकेश से पंडित दिनेश जी ऑनलाइन जुड़े। तीनों आचार्यों ने अपने-अपने तीर्थस्थलों से तर्पण और प्रार्थना संपन्न कराई। पुष्कर से योगेश पराशर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं को गंगा, शिप्रा और सिद्धवट के ऑनलाइन दर्शन कराए गए। आयोजकों के अनुसार, अमेरिका, कनाडा, दुबई, सिंगापुर और यूरोप के विभिन्न स्थानों से लोगों ने इस निःशुल्क सत्र में भाग लिया। सहभागियों ने अपने पूर्वजों के साथ भागीरथपुरा के दिवंगतों और अन्य हादसों में असमय जान गंवाने वाले लोगों का भी सामूहिक स्मरण किया।

कृष्णा गुरुजी ने कहा कि किसी परिवार का दुख केवल उसी तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज को संवेदनशीलता के साथ उसके साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने उन दिवंगतों के लिए भी प्रार्थना करने का आग्रह किया, जिनका तर्पण या स्मरण करने वाला कोई नहीं है।

श्रद्धा को सेवा भाव से जोड़ने पर जोर दिया



पूर्वजों की स्मृति में जरूरतमंदों, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को भोजन कराने का संदेश दिया। साथ ही युवाओं को परंपराओं का अर्थ सरल भाषा में समझाने और श्रद्धा को सेवा भाव से जोड़ने पर जोर दिया।

कार्यक्रम का समापन पितृ देवेभ्यो नमः और शांति पाठ के साथ हुआ। कृष्णा गुरुजी ने सहयोगी आचार्यों सहित अमेरिका से जयलक्ष्मी जी, सिएटल से धीरज जी, दुबई से कंचन गेहानी, जर्मनी से सबरीना, फिनलैंड से जीवन मुक्ति और देश-विदेश से जुड़े अन्य श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कृष्णा गुरुजी सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मुंबई, उज्जैन के सिद्धवट, ऋषिकेश और इंदौर के वृद्धाश्रमों में जरूरतमंदों एवं दिव्यांगजनों को भोजन भी कराया गया।

शिकायतें मिलती रहीं, सिस्टम सोता रहा

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड को जांच आयोग ने महज एक दिन की चूक का नतीजा नहीं माना है। हाई कोर्ट के आदेश पर गठित एक सदस्यीय जांच आयोग की रिपोर्ट में सामने आया है कि वर्षों से चली आ रही लापरवाही, पेयजल और सीवरेज नेटवर्क की गलत प्लानिंग, कमजोर निगरानी, खराब रखरखाव और शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने के कारण हालात बिगड़ते गए। आयोग के मुताबिक, समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाते तो इस त्रासदी को टाला जा सकता था। भागीरथपुरा कांड में 36 लोगों की मौत हुई थी। आयोग ने अस्पताल रिकॉर्ड के आधार पर इनमें से 22 मौतों को दूषित पानी से फैली बीमारी से जुड़ा पाया है, जबकि बाकी मामलों में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

केन-बेतवा प्रोजेक्ट पर हाईकोर्ट सख्त, केंद्र को नोटिस जारी कर रिपोर्ट तलब

पन्ना टाइगर रिजर्व आधा डूबा तो कहां जाएंगे बाघ?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

केन-बेतवा लिंक परियोजना के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को लेकर दायर जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। याचिका में दावा किया गया है कि परियोजना के कारण पन्ना टाइगर रिजर्व का आधे से अधिक हिस्सा डूब क्षेत्र में आ सकता है और करीब 60 लाख पेड़ों की कटाई हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश अल्पेश यशवंत कोगजे और न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने केंद्र से सीईसी रिपोर्ट में सामने आई कथित अनियमितताओं और परियोजना से संबंधित सुप्रीम कोर्ट में लंबित कार्यवाही की स्थिति भी स्पष्ट करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी। दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि परियोजना से पन्ना टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र, बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और उनके विचरण गलियारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

पन्ना के बाघों और घड़ियालों पर असर का मुद्दा

क्या पन्ना टाइगर रिजर्व आधा डूब जाएगा? यह सवाल देश की पहली नदी जोड़ो लिंक परियोजना केन–बेतवा के प्रभाव को लेकर उठ रहे हैं। दरअसल लिंक परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। पन्ना टाइगर रिजर्व, केन घड़ियाल अभयारण्य और बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से जुड़े सवालों पर चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने केंद्र सरकार से सुप्रीम कोर्ट की सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट और वहां लंबित कार्यवाही की अद्यतन स्थिति पेश करने को कहा। जबलपुर के अधिवक्ता अरिहंत तिवारी की जनहित याचिका में परियोजना के पर्यावरणीय, वन्यजीव और सामाजिक प्रभावों का स्वतंत्र वैज्ञानिक आकलन कराने की मांग की गई है ॥

60 लाख पेड़ों की कटाई और ईआईए रिपोर्ट पर सवाल

वन सलाहकार समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए याचिका में दावा किया गया है कि परियोजना के लिए करीब 60 लाख पेड़ काटे जा सकते हैं। याचिकाकर्ता ने आशंका जताई कि बड़े पैमाने पर वन कटाई सेबुंदेलखंड की पारिस्थितिकी और स्थानीय जल चक्र प्रभावित हो सकते हैं।

याचिका में 2017 की पर्यावरण प्रभाव आकलनरिपोर्ट की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि रिपोर्ट में तथ्यात्मक गलतियां थीं और स्वतंत्र हाइड्रोलॉजिकल स्टडी की सिफारिश को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया।

याचिका में वर्ष 2017 की पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए तथ्यात्मक त्रुटियों और स्वतंत्र जलवैज्ञानिक अध्ययन की जरूरत का उल्लेख किया गया है। वन कटाई से बुंदेलखंड के पर्यावरण और स्थानीय जलवायु पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की ओर भी ध्यान दिलाया गया है।

याचिका में छतरपुर जिले में परियोजना के विरोध में आदिवासियों और किसानों के आंदोलन व प्रदर्शनकारियों पर प्रशासनिक दबाव डालने के आरोप लगाए गए हैं। राशन-पानी की आपूर्ति और ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित किए जाने संबंधी दावे भी किए गए हैं।

इन आरोपों पर अदालत का अंतिम निष्कर्ष सामने आना बाकी है। केन-बेतवा परियोजना का उद्देश्य केन नदी के जल को बेतवा नदी बेसिन तक पहुंचाकर बुंदेलखंड के सूखा प्रभावित क्षेत्रों में सिंचाई और पेयजल सुविधा बढ़ाना है।

याचिका में परियोजना के लाभों के साथ उसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों के व्यापक मूल्यांकन की मांग की गई है।

केंद्रीय जेल में अधिवक्ताओं को मुलाकात में परेशानी, अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

केंद्रीय जेल, इंदौर में निरुद्ध बंदियों से मुलाकात करने आने वाले अधिवक्ताओं को हो रही असुविधाओं एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को लेकर अधिवक्ता रशमेंद्र सूर्यवंशी, एक्जीक्यूटिव मेंबर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इंदौर ने केंद्रीय जेल अधीक्षक को औपचारिक शिकायत प्रस्तुत की है।

शिकायत में अधिवक्ताओं के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल के अभाव, मुलाकात प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब तथा समयबद्ध व्यवस्था नहीं होने जैसे मुद्दे उठाए गए हैं। साथ ही, पूर्व में प्रस्तुत शिकायत की प्राप्ति रसीद नहीं दिए जाने और उसे विधिवत अभिलेख पर दर्ज किए जाने की पुष्टि नहीं होने पर भी आपत्ति जताई गई है। अधिवक्ता ने जेल प्रशासन से मुलाकात व्यवस्था को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने, आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा पूर्व शिकायत की जाँच कर वर्तमान शिकायत को आवक पंजी में दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने शिकायत पर की गई कार्रवाई की लिखित जानकारी देने का भी अनुरोध किया है ।शिकायत की प्रतिलिपि श्री वरुण कपूर, महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल को भी प्रेषित की गई है।

महंगा लैपटॉप खरीदना अनिवार्य नहीं

एआई के दौर में बच्चों की डिजिटल शिक्षा जरूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तेजी से बदलते तकनीकी दौर में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान और पारंपरिक शिक्षा तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कोडिंग, कंप्यूटर स्किल्स, डिजिटल लर्निंग और कम्युनिकेशन जैसी क्षमताएं भी भविष्य की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। ऐसे में बच्चों को तकनीक के सही इस्तेमाल के लिए तैयार करना अभिभावकों के सामने एक नई चुनौती बनकर उभर रहा है।

तकनीक का इस्तेमाल पढ़ाई, रचनात्मकता और नई चीजें सीखने के लिए कैसे किया जाए

विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों को लैपटॉप उपलब्ध कराने के साथ यह समझाना भी जरूरी है कि तकनीक का इस्तेमाल पढ़ाई, रचनात्मकता और नई चीजें सीखने के लिए कैसे किया जाए। अभिभावकों की निगरानी, स्क्रीन टाइम का संतुलन और इंटरनेट सुरक्षा पर ध्यान देकर डिजिटल उपकरणों को बच्चों की सीखने की प्रक्रिया का उपयोगी हिस्सा बनाया जा सकता है।

बच्चों की पढ़ाई में लैपटॉप उपयोगी साधन साबित हो सकता है। इसके माध्यम से विद्यार्थी यूट्यूब पर शैक्षणिक वीडियो देखकर कठिन विषयों को दोबारा समझ सकते हैं, गणित के सवालों के हल सीख सकते हैं और ऑनलाइन उपलब्ध निःशुल्क पाठ्यक्रमों के जरिए कंप्यूटर तथा एआई की शुरूआती जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे घर पर ही डिजिटल लर्निंग का अवसर मिल सकता है।

खास बात यह है कि डिजिटल शिक्षा की शुरूआत के लिए 50 हजार से एक लाख रुपये तक का नया लैपटॉप खरीदना जरूरी नहीं है। सीमित बजट वाले परिवार अच्छी स्थिति वाला रिफर्बिश्ड यानी पहले इस्तेमाल किया गया लैपटॉप भी विकल्प के रूप में देख सकते हैं। हालांकि, खरीदारी के समय डिवाइस की स्थिति, बैटरी, वारंटी और तकनीकी क्षमता की जांच करना जरूरी है।

माता के गरबा में टैटू प्रदर्शन पर उठे सवाल, आस्था के बीच चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नवरात्रि में माता की आराधना के लिए आयोजित गरबा उत्सव में भक्ति, परंपरा और सांस्कृतिक आस्था का विशेष महत्व है। समय के साथ गरबा आयोजनों में आधुनिक फैशन और नई शैलियों का प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। ऐसे में गरबा पंडालों में टैटू के प्रदर्शन को लेकर यह सवाल उठता है कि धार्मिक आयोजन में व्यक्तिगत फैशन और परंपराओं के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए।

गरबा मां दुर्गा की उपासना से जुड़ा उत्सव है, जिसमें श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य कर अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। वहीं, टैटू बनवाना व्यक्तिगत पसंद का विषय है। केवल टैटू होने को धार्मिक मर्यादा के विरुद्ध मानना उचित नहीं होगा। हालांकि, यदि किसी आयोजन में प्रदर्शन का तरीका धार्मिक भावनाओं को आहत करता है या निर्धारित नियमों का उल्लंघन करता है, तो उस पर चर्चा हो सकती है। इस विषय में गरबा आयोजकों की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण है। आयोजन की गरिमा बनाए रखने के लिए नियम स्पष्ट होने चाहिए और उनका पालन सभी प्रतिभागियों से समान रूप से कराया जाना चाहिए। सवाल यह है कि गरबा आयोजनों में आधुनिकता और धार्मिक परंपराओं के बीच संतुलन कैसे कायम रखा जाए। आस्था का सम्मान और व्यक्तिगत स्वतंत्रता–दोनों को ध्यान में रखते हुए ही इस विषय पर कोई निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए।

बलराम कृषि महोत्सवः किसानों को 'पकड़-पकड़' कर बैठाने लगे अधिकारी

मंच पर नेताजी पर पंडाल में रही कुर्सियां खाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मध्य प्रदेश में सरकार भले ही 'कृषक कल्याण वर्ष-2026' और 'बलराम कृषि महोत्सव' के जरिए किसानों के कल्याण के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन शाजापुर कृषि उपज मंडी में हुआ नजारा कुछ और ही कहानी बयां कर रहा है। यहां महोत्सव के नाम पर मंच पर तो बड़े-बड़े नेता और दिग्गजों का जमावड़ा दिखा, लेकिन पंडाल में किसानों की जगह खाली कुर्सियां ही तालियां बजाती नजर आईं!

कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। उनके साथ स्थानीय विधायक अरुण भीमावत, जिला अध्यक्ष रवि पांडे और पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाड़ा जैसे कई दिग्गज नेता भी मौजूद रहे। तामझाम और वीआईपी मौजूदगी पूरी थी, लेकिन जब बात किसानों की भीड़ जुटाने की आई, तो सारे प्रशासनिक दावे फुस्स साबित हुए। हाल यह था कि पंडाल की आधे से ज्यादा कुर्सियां खाली पड़ी थीं और सन्नाटा पसरा हुआ था।

खाली कुर्सियों को देख कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और कृषि विभाग के कर्मचारियों के हाथ-पांव फूल गए। फिर क्या था, अपनी नौकरी और रिपोर्ट बचाने के लिए साहब लोग खुद मैदान में उतर गए। अधिकारी इधर-उधर मंडराते दिखे और आने-जाने वाले किसानों को हाथ जोड़कर, समझा-बुझाकर और लगभग 'पकड़-पकड़' कर कुर्सियों पर बैठाते नजर आए।

सरकारी आयोजनों की खुल गई पोल

इस चटपटे और दिलचस्प नजारे ने एक बार फिर सरकारी आयोजनों की असलियत सामने ला दी है। करोड़ों खर्च करने और व्यापक प्रचार-प्रसार के दावे करने के बावजूद जब अन्नदाता ही स्वंम अपने आप तरीके से नहीं पहुंचे, तो महकमे की किरकिरी होना लाजिमी था। कुल मिलाकर कहें तो, मंच से किसानों के हक में भाषण तो खूब हुए, लेकिन कुर्सियों को भरने के लिए अधिकारियों को जमकर पसीना बहाना पड़ा।

शाजापुर में संभागीय कराटे प्रतियोगिता विवादों में, रात 12 बजे खिलाड़ियों की नारेबाजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर में शुक्रवार को स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित संभागीय कराटे प्रतियोगिता विवादों में घिर गई। उज्जैन संभाग से आएं कोच और खिलाड़ियों ने आयोजन की व्यवस्थाओं और चयन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। रात करीब 12 बजे खिलाड़ियों ने नारेबाजी करते हुए चयन प्रक्रिया में चीटिंग के आरोप लगाए। इस प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के सात जिलों के 300 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया, इनमें से 50 से ज्यादा खिलाड़ी प्रतियोगिता लेट होने पर भाग नहीं ले सकें। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग ने पुलिस, एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार की भी कोई व्यवस्था नहीं की। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे शुरू होनी थी, लेकिन लगातार विवादों के कारण देरी होती रही। खिलाड़ियों का आरोप है कि कोच और आयोजकों के बीच बार-बार विवाद हुआ। अंततः रात 12 बजे विवाद के बाद प्रतियोगिता समाप्त कर दी गई। छात्राओं ने आरोप लगाया कि उनकी सुरक्षा और ठहरने की उचित व्यवस्था नहीं थी। पीने के पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं होने की शिकायत की गई। देर रात तक चली प्रतियोगिता के कारण दूर-दराज से आए बच्चों की वापसी को लेकर भी चिंता जताई गई।

वार्ड 37 में कांग्रेस का प्रदर्शन

खराब सड़कें, फूटे ड्रेनेज और बंद स्ट्रीट लाईट की समस्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

वार्ड 37 में बुनियादी समस्याओं के अंबार और जनता की बदहाली को लेकर कांग्रेस पार्टी ने नगर निगम के खिलाफ तुलसी नगर मे मोर्चा खोला। वार्ड में खराब सड़कों, टूटे-फूटे ड्रेनेज , बंद स्ट्रीट लाईट और नियमित कचरा गाड़ी न आने जैसी गंभीर समस्याओं से त्रस्त नागरिकों के समर्थन में कांग्रेस ने जोरदार किया।

प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे नगर निगम के जोनल अधिकारी को कांग्रेस नेताओं ने जमकर आड़े हाथों लिया और सात दिन के भीतर सभी समस्याओं का स्थायी समाधान करने का अल्टीमेटम दिया। नेताओं ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि तय समयसीमा में वार्ड की इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी द्वारा इसके बाद उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

इस प्रदर्शन का आयोजन वार्ड अध्यक्ष दीपु ठाकरे ,राजा गोस्वामी और राहुल गुलाने के नेतृत्व में किया गया। विरोध प्रदर्शन की इस गूंज के बीच मौके पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सुनिला मिमरोट, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, पार्षद कुणाल सोलंकी कांग्रेस नेता अमन बजाज और एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विक्रम सचान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय रहवासी मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने बताया कि नगर निगम में रहवासी लगातार शिकायतें करते हैं, लेकिन निगम लगातार ऐसी गैर-जिम्मेदाराना हरकतें कर रहा है। अभी हमने शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर-के सिर्फ चेतावनी दी है। यदि 7 दिनों में समस्या का हल नहीं हुआ, तो निगम उग्र प्रदर्शन के लिए तैयार रहे।

न्यूज कालम



प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के कार्यों की समीक्षा की

आलीराजपुर। कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके की अध्यक्षता में वन विभाग के गेस्ट हाउस में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी ग्रीष्मकाल में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस वर्ष कम वर्षा होने के कारण आगामी गर्मी में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए जल निगम के अधिकारी इंटेक वेल एवं पानी की टंकियों के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मानव संसाधनों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए, ताकि मार्च माह से ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप एवं तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, जिससे ग्रामीण अंचलों में निर्धारित समय पर पेयजल की आपूर्ति प्रारंभ की जा सके। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए निर्माण कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

शारदीय नवरात्रि : माँ दुर्गा की आराधना से नारी शक्ति का जागरण

मनावर। भारतीय संस्कृति में शारदीय नवरात्रि शक्ति, श्रद्धा, साधना और आत्मशुद्धि का पावन पर्व है। माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना हमें जीवन में साहस, संयम, धैर्य, करुणा और आत्मविश्वास अपनाने की प्रेरणा देती है। ये नौ दिन केवल पूजा-अर्चना का अवसर नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर की शक्ति को पहचानने और समाज के प्रति अपने दायित्वों का संकल्प लेने का समय भी हैं। नवरात्रि का प्रत्येक दिन एक विशेष संदेश लेकर आता है। माँ शैलपुत्री दृढ़ संकल्प, माँ ब्रह्मचारिणी तपस्या और अनुशासन, माँ चंद्रघंटा साहस तथा माँ कूष्मांडा सृजनशीलता की प्रेरणा देती हैं। माँ स्कंदमाता वात्सल्य, माँ कात्यायनी अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, माँ कालरात्रि निर्भयता, माँ महागौरी पवित्रता और माँ सिद्धिदात्री साधना की पूर्णता का संदेश देती हैं। व्रत, ध्यान, मंत्र-जप और सेवा के माध्यम से हम मन को एकाग्र कर सकते हैं तथा अपने जीवन में सकारात्मकता और अनुशासन ला सकते हैं। सच्ची साधना वही है, जो हमारे विचारों को शुद्ध करे, व्यवहार में संवेदनशीलता लाए और हमें दूसरों के कल्याण के लिए प्रेरित करे।

लायंस क्लब ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत की वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन



बड़वानी । लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट के लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर मनोज नाहर व प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राम जाट के मार्गदर्शन में सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। क्लब अध्यक्ष लायन श्रीराम यादव ने बताया कि सेवा सप्ताह के सातवें दिन लायंस क्लब सदस्यों द्वारा घर घर जाकर नगर के वरिष्ठजनों रामचंद्र शुक्ल, के टी मंडलोई, सोहन माहेश्वरी, राधेश्याम अग्रवाल का सम्मान किया गया जिसमे क्लब अध्यक्ष श्रीराम यादव , लायंस गवर्नर राम जाट, महेश शर्मा, संतोष भावसार, नकुल पटेल, जया शर्मा, सुधीर पांडे, ईश्वर यादव, सचिन शर्मा, उपस्थित थे।

छात्र कार्तिक यादव का राज्य स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा के लिए हुआ चयन

बड़वानी । पश्चिम क्षेत्रीय लेदर बाल क्रिकेट स्पर्धा खरगोन में आयोजित की गई इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर शा उ मा वि बोरलाय के छात्र कार्तिक यादव का चयन विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता छिन्दवाड़ा हेतु हुआ इस अवसर पर श्रीमान सहायक आयुक्त महोदय श्रीमती रंजना सिंह , प्राचार्य श्रीमती वंदना जोशी, जिला खेल अधिकारी श्री मुकेश मालवीय , व्यायाम शिक्षक संजय पारगीर एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने छात्र को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की ।



बघनी नदी के तट पर दीपदान के साथ 16 दिवसीय संजा पर्व का समापन



बाग। मालवा की लोक संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक 16 दिवसीय संजा पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पर्व के समापन अवसर पर सर्वपितृ अमावस्या के दिन बाग की बघनी नदी के तट पर पितरों की स्मृति में दीपदान किया गया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की तथा उनकी आत्मशांति एवं सद्गति की कामना की। उल्लेखनीय है कि 16 दिनों तक चलने वाले संजा पर्व में बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा घरों की दीवारों पर गोबर से संजा माता की विभिन्न आकृतियां बनाकर फूल-पत्तियों से सजाया जाता है। पारंपरिक लोकगीतों और रीति-रिवाजों के माध्यम से मालवा की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत रखा जाता है। संजा पर्व का समापन और बघनी नदी के तट पर दीपदान की परंपरा लोक आस्था, पूर्वजों के प्रति सम्मान और सांस्कृतिक विरासत का सुंदर संदेश देती है।

महेश्वर विधानसभा के अलग-अलग कार्यक्रमों में 128 साइकिल और 4 स्कूटी वितरित, विधायक ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित





दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की जनसेवा के २५ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के मंडलेश्वर, बबलाई एवं धरगांव के शासकीय विद्यालयों में निःशुल्क साइकिल एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को साइकिल एवं स्कूटी प्रदान कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिले और उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना संचालित की जा रही है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयास कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया।

तीन स्थानों के विद्यालयों में हुआ वितरण

विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों के शासकीय विद्यालयों में कुल 128 साइकिल और ४ स्कूटी वितरित की गईं। इनमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर में 16 साइकिल तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर में 18 साइकिल और 1 स्कूटी का वितरण किया गया।

इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबलाई में 60 साइकिल और 2 स्कूटी का वितरण हुआ। इस योजना से विद्यार्थियों को विद्यालय तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए साइकिल उपयोगी साबित होगी। इससे विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और अपनी पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों को प्रदान की गईं। ग्राम धरगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 17 साइकिल तथा शासकीय कन्या हाई स्कूल में 17 साइकिल और एक स्कूटी वितरित की गई।

इस प्रकार मंडलेश्वर, बबलाई एवं धरगांव के विद्यालयों में कुल 128 साइकिल और 4 स्कूटी का वितरण हुआ। इस योजना से विद्यार्थियों को विद्यालय तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए साइकिल उपयोगी साबित होगी। इससे विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और अपनी पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी।

मां दुर्गा धाम मंदिर का स्थापना दिवस 11 से 15 अक्टूबर तक मनाया जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा



किशोर नगर जूनियर एलआईजी स्थित मां दुर्गा धाम मंदिर में रविवार से अश्विन नवरात्र पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा यह जानकारी देते हुए दुर्गा धाम महिला मंडल प्रवक्ता ज्योति निर्मल मंगवानी ने बताया कि मंदिर में अश्विन नवरात्र पर्व 9 दिनों तक श्रद्धा पूर्वक मनाया जाने हेतु मंडल की बैठक भजन गायक दीपक तांबट एवं कौशल मेहरा के सानिध्य में हुई। आज रविवार 11 अक्टूबर से नवरात्रि पर्व का शुभारंभ होगा। वही पंचमी 15 अक्टूबर को मंदिर का 20 वां स्थापना दिवस महा काकड़ आरती एवं गगन भेदी आतिशबाजी के मध्य मनाया जाएगा। इस दौरान मंडल की बहनों द्वारा मां दुर्गा जी को चुनरी ओढ़ाई जाकर जागरण किया जाएगा। इस दौरान खंडवा के भजन गायक एवं अनेक कलाकारों द्वारा संगीतमय सुंदर भक्तिमय गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। प्रति रात्रि क्षेत्र की मातृशक्ति एवं बालिकाओं द्वारा सुंदर मनमोहक गरबों की प्रस्तुतियां होगी। आयोजित बैठक के दौरान महिला मंडल की नेहा कटारे, गिरजा राठौर, नीलम मेहरा, पंजिता गाठे, कमलाबाई यादव, खुशबू राठौर, नेहा मंगवानी, रंजीता महेंद्र चौहान, प्रीति महोदय, ज्योति मंगवानी, माधुरी सोनू लाड़, मीरा लाड़, झूमाबाई, जया खंडेल, दीपक तांबट, संजय पाठक, कौशल मेहरा, निर्मल मंगवानी, राधेश्याम राठौर, श्री राठौर, शिवांश, शिवी लाड़, खुशी, महक नीरज, समर्थ, डिम्पी मेहरा, नेतिक खंडेल, मिली राठौर, सौम्य लाड़, अथर्व चौहान, एनी हैरी, मां दुर्गा धाम महिला मंडल की मातृशक्ति सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

शासकीय प्राथमिक विद्यालय, मगदी में बाल शोध मेला एवं भाषा उत्सव का आयोजन हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बाग



बाग विकासखंड में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की भावना के अनुरूप बच्चों में रचनात्मकता, जिज्ञासा, भाषा कौशल एवं अनुभव आधारित सीखने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक विद्यालय, मगदी में बाल शोध मेला एवं भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बाग विकासखंड एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साझा प्रयासों से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में कक्षा 3, 4 एवं 5 के बच्चों ने आस-पास का परिवेश थीम पर आधारित 10 अलग-अलग अवधारणाओं पर चार्ट एवं मॉडल तैयार कर अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने अपने आसपास के परिवेश से जुड़ी अवधारणाओं को समझने और उन्हें अपने शब्दों में व्यक्त करने का प्रयास किया।

भाषा उत्सव के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने पठन अभियान के दौरान सीखी गई विभिन्न कविताओं को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके साथ ही बच्चों ने कक्षा में सीखी गई अन्य कविताओं एवं कहानियों पर भी अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों द्वारा किए गए स्वतंत्र लेखन तथा गोंड एवं वर्ली जैसी कला शैलियों में तैयार की गई कलाकृतियों को भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर उनके अनुभवों, स्थानीय परिवेश, कला, भाषा एवं गतिविधियों के माध्यम से सीखने पर बल देती हैं। इस आयोजन में बच्चों को अपनी समझ, कल्पनाशीलता, अभि व्यक्ति एवं रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर मिला। साथ ही, बच्चों को स्वयं करके सीखने तथा अपने विचारों को दूसरों के सामने प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



लिंग भेद से नहीं संवेदनशीलता से बनेगा आत्मनिर्भर भारत

बड़वानी । प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श.भी. ना.शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में लैंगिक संवेदनशीलता पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमे कार्यक्रम अधिकारी डॉ.लक्ष्मी वास्केल ने समाज में सम्मान और न्यायपूर्ण वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देना आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गया है तत्पश्चात डॉ शीला बघेल ने कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता संबंधित जागरूकता कार्यक्रम सामाजिक सोच में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं इसी श्रृंखला में डॉ.कंचन कन्नौजे ने लैंगिक संवेदनशीलता केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है बताते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम के दौरान डा.चंदा यादव ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने में परिवार, शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई ,तथा प्रो. अर्चना पिपलाज ने डॉ.भीमराव अंबेडकर की धर्म पत्नी रमाबाई के अमूल्य अविस्मरणीय योगदान को महिलाओ के उत्थान के लिए विधार्थियों बीच अपने विचार साझा किए और इनकी अहम भूमिका बताई।

शासकीय आईटीआई निवाली में प्रवेश जारी

बड़वानी । आईटीआई निवाली में प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए" पहले आओ पहले पाओ" राउंड की तिथि बढ़ाकर 15 अक्टूबर कर दी गई है। अभ्यर्थी शासकीय आईटीआई निवाली में पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। रिक्त सीटों पर "पहले आओं पहले पाओं "के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी को पहले प्रवेश पोर्टल पर सीट लॉक करनी होगी। इसके बाद संबंधित आईटीआई में पहुंचकर दस्तावेजों का सत्यापन कराने और निर्धारित प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चत करना होगा। सीटें सिमित होने के कारण देरी होने पर सीट अगले पात्र अभ्यार्थी को आंवटित की जा सकती है। संस्था में विभिन्न ट्रेड में सीटें रिक्त हैं। (अपग्रेड/अगले राउंड में प्रवेश अनुसार रिक्त सीटों की स्थिति मे परिवर्तन संभव है) 8वी/ 10वी उत्तीर्ण अभ्यर्थी विभिन्न व्यवसायों मे पात्रता अनुसार आवेदन कर सकते है।



सेवा के रंग राष्ट्र के संग गतिविधि के तहत खेल परिसर में हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा के रंग राष्ट्र के संग गतिविधि के तहत खेल परिसर आलीराजपुर में विशाल ह्यूमन रंगोली का निर्माण किया गया।

कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के मंत्री श्री नागर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 2 हजार बच्चों ने सहभागिता करते हुए करीब 20 हजार वर्गफीट क्षेत्र में संस्कृति , प्रकृति , परम्परा एवं विकास पर आधारित यह रंगोली की भव्य आकृति बनाई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने बच्चों के सामूहिक प्रयास, अनुशासन एवं मेहनत की सराहना की।

उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस अभिनव गतिविधि की प्रशंसा करते हुए बच्चों के उत्साह और सहभागिता को सराहनीय बताया।

बैतूल विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल ने भी ह्यूमन रंगोली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह रंगोली भविष्य के भारत की तस्वीर प्रस्तुत करती है। बच्चों की एकजुटता, सामूहिक सहभागिता एवं रचनात्मकता इस आयोजन की विशेष उपलब्धि है।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम , अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



घर-घर पहुंचाएंगे सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान का संदेश-अर्चना चिटनिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि बच्चे केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान में भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की सबसे बड़ी ताकत हैं। इसी विश्वास के साथ 'सेवा मेरा योगदान' के अंतर्गत संचालित 'स्वच्छ बुरहानपुर अभियान-180, नगरीय' के तहत शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैराती बाजार में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसडर बनने के लिए प्रेरित किया। चिटनिस ने कहा कि स्वच्छ बुरहानपुर का निर्माण केवल सफाई करने से नहीं, बल्कि नागरिकों की आदतों में बदलाव लाने से होगा। स्वच्छता किसी एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन का सहज हिस्सा बननी चाहिए।

अभियान के तहत जिले के 47 हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी अपने आसपास के पांच घरों तक पहुंचकर परिवारों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से जागरूक करेगा और इसके उपयोग को बंद करने के लिए प्रेरित करेगा। परिवारों से संकल्प पत्र भरवाकर उनके घरों पर 'मेरा घर, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त' का स्टीकर लगाया जाएगा। कार्यशाला में विद्यार्थियों को गीले, सूखे, खतरनाक एवं सेनेटरी कचरे को अलग-अलग रखने की जानकारी दी गई। कपड़े की थैली सहित पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने पर जोर दिया गया।

चिटनिस ने कहा कि 'स्वच्छ बुरहानपुर अभियान' केवल कुछ दिनों का कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षभर चलने वाला सतत जन-अभियान है।



बिना लाइसेंस मंडी के बाहर मक्का खरीद पर बड़ी कार्रवाई, 150 क्विंटल मक्का जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

जिले में कृषि उपज मंडी के नियमों को दरकिनार कर बाहर मक्का खरीदने वालों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। डोईफोड़िया गांव में मंडी के बाहर अवैध रूप से मक्का खरीदने की शिकायत पर मंडी सचिव भूपेंद्र सिंह सोलंकी अपनी टीम के साथ शुक्रवार को गांव पहुंचे और कार्रवाई की। जांच के दौरान मातापुर रोड पर सुरेश पाटिल और विनोद महाजन के पास से 150 क्विंटल मक्का बरामद की गई, जिसकी बाजार कीमत लगभग 2 लाख 47 हजार 500 रुपए आंकी गई। पूछताछ में सामने आया कि सुरेश पाटिल के पास बुरहानपुर कृषि उपज मंडी का वैध लाइसेंस नहीं है। इस पर टीम ने मौके पर ही मक्का जब्त कर पंचनामा तैयार किया। मंडी सचिव के अनुसार, बिना लाइसेंस के मक्का खरीदने पर नियमानुसार 21 हजार 37 रुपए के मंडी शुल्क का पांच गुना जुमार्ना लगाया गया है। यदि तय समय में शुल्क जमा नहीं किया गया तो प्रकरण न्यायालय को भेजा जाएगा। पंचनामा के बाद जब्त मक्का सुरेश पाटिल को सुपुर्द कर दी गई है।3 करोड़ की ठगी के 2 साल बाद भी फरार हैं। फोपनार, बड़सिंगी और तुरकगुराड़ा के किसानों से आरंभ ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर हुई थी ठगी बुरहानपुर जिले के किसानों के साथ हुई 3 करोड़ रुपए की बड़ी ठगी का मामला आज भी अधर में लटका है। करीब दो साल पहले ग्राम फोपनार, बड़सिंगी और तुरक गुराड़ा के 29 किसानों से बाहरी व्यापारियों ने महाराष्ट्र की आरंभ ट्रेडिंग कंपनी के जरिए उनकी उपज का भुगतान न कर ठगी की थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल 11 को आएंगे बड़वानी, राजघाट पर करेंगे मां नर्मदा का पूजन जिला कोर कमेटी और जिला स्तरीय वृहद बैठक में होंगे शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का 11 अक्टूबर, रविवार को पहली बार बड़वानी जिला मुख्यालय आगमन होगा। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह है। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत-सत्कार और विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों में पार्टी कार्यकर्ता जुट गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल अपने प्रवास के दौरान राजघाट रोड स्थित साखी रिसोर्ट में आयोजित विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 8.30 बजे राजघाट पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन-अर्चन करेंगे तथा प्रदेश और देशवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना करेंगे। इसके बाद सुबह ९ बजे बूथ कमेटी की बैठक में शामिल



होंगे। सुबह 10 बजे जिला कोर कमेटी की बैठक में सहभागिता कर संगठन विस्तार और पार्टी की गतिविधियों को लेकर मार्गदर्शन देंगे। वहीं, सुबह 10.30 बजे से आयोजित जिला स्तरीय वृहद बैठक में शामिल होकर कार्यकताओं को संबोधित करेंगे।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद डॉ. गजेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, जिलाध्यक्ष अजय यादव, पानसेमल विधायक श्याम बरडे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल सहित जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और मंडल अध्यक्षो सहित अपेक्षित श्रेणी के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल होंगे।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल


ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांक: W722-1-26-27-18RT, दिनांक 09.10.2026. कार्य का नाम: रेलवे कॉलोनी दाहोद में रिप्लेस्मेंट अकाउंट पर 20 टाइप-II क्वार्टर के निर्माण से संबन्धित इलैक्ट्रिकल कार्य। सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, फ्रीलैंडगंज, दाहोद-389160. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 30,20,990/-. **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय:** Submission Up to 15.00 Hrs on 30.10.2026 and the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website **www.ireps.gov.in** / E-Tenders / Works / IR Electrical by this office. AK/17/1/293

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

पुलिस कप्तान ने प्रधान आरक्षक को दिया नगर इनाम



उज्जैन। सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने पर पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने महाकाल थाना प्रधान आरक्षक मनीष यादव को 5 हजार के नगद इनाम से पुरूस्कृत किया। बताया जा रहा है कि लंबित शिकायतों में एक 1556 दिन पुरानी थी। उक्त शिकायत के निराकरण के लिये कई अधिकारियों द्वारा प्रयास किया गया, लेकिन शिकायतकर्ता को संतुष्ट नहीं कर पाये थे। प्रधान आरक्षक मनीष यादव ने मामले को समझा और शिकायत करने वाले से चर्चा कर उसे पूरी तरह से संतुष्ट किया। साढे चार साल से लंबित शिकायत का प्रधान आरक्षक द्वारा निराकरण करने की खबर पुलिस कप्तान को पता चली तो उन्होने 5 हजार के नगद इनाम से पुरूस्कृत किया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि प्रधान आरक्षक द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कई शिकायतकर्ता को संतुष्ट कर उनकी समस्या का समाधान करते हुये कार्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है।

साइबर ठगों ने ग्रामीण के खाते से निकाले 1.31 लाख



उज्जैन। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरिया रेहवारी में रहने वाले सतीश पिता कमल परमार के क्रेडिट कार्ड के माध्यम से साइबर ठगों ने ऑनलाइन फ्रॉड करते हुये खाते से 1.31 लाख से अधिक रूपये निकाल लिये। सतीश का खाते से रूपये निकलने पता चला तो उसने बैंक ऑफ बडौदा पहुंचकर जानकारी जुटाई। इस दौरान सामने आया कि क्रेडिट कार्ड से रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर भी बदल दिया गया है और अन्य मोबाइल नम्बर दर्ज कर दिया गया है। सतीश ने नरवर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बिना अनुमति के क्रेडिट कार्ड के माध्यम से धोखाधड़ी की गई है। उसने किसी को ना तो ओटीपी बताया ना ही किसी से कोई लेनदेन किया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। बैंक से जानकारी जुटाकर बदले गये मोबाइल नम्बर के आधार पर धोखाधड़ी करने वाले का पता लगाया जायेगा।

हफ्ता नहीं देने पर 4 मजदूरों के साथ मारपीट

उज्जैन। माकडोन के ग्राम पाट में पाइप लाइन डालने की मजदूरी करने आये संतोष पिता झल्लू पटेल 40 साल निवासी दमोह, रोशन पिता संतोष पटेल 16 साल, गणेश पिता तोलाराम पटेल 21 साल और पवन पिता रामकिशन पटेल निवासी गढाकोटा सागर के साथ रात में गांव के नरेन्द्र पटेल, हरेन्द्र पटेल और तीन चार अन्यों ने हफ्ता वसूली की मांग करते हुये रूपये मांगे। मजदूरों ने मना किया तो सभी ने बेल्ट, लात घूंसों से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। माकडोन पुलिस ने 2 नामजद और अन्यों के खिलाफ हफ्ता वसूली, मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

घर के बाहर टहल रहे युवक को ट्रेक्टर ने कुचला

उज्जैन। नागदा की इंद्राकलोनी में रहने वाला मुज्जफर पिता हुसैन शाह 27 साल घर के बाहर रात को आटा चक्की के सामने टहल रहा था। उसी दौरान तेजगति से आये ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 13 एसी 7391 ने कुचल दिया। मुज्जफर के घायल होने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

दिन मेन बाजार	359-7	567-8
कल्याण नाइट		
मिलन डे	228-2	440-8
मिलन नाइट	447-5	689-3
मधुर डे	270-9	168-5
मधुर नाइट	147-0	467-7
शुभांक	8 5	2

नवरात्री में महिला सुरक्षा को लेकर तैनात रहेगी शक्ति स्क्वाड...

डायल 112 का गूंजा सायरन, सवार थी महिला पुलिसकर्मी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





नवरात्री में महिला-युवतियों की सुरक्षा को लेकर शहरभर की महिला पुलिसकर्मियों की शक्ति स्क्वाड़ का गठन कर दिया गया है। शनिवार शाम शहर के मार्गो पर डायल 112 का सायरन गूंजा, जिसमें महिला पुलिसकर्मी सवार थी। संदेश दिया गया कि महिला-युवतियों से छेड़छाड़ करना अब भारी पड़ सकता है। शक्ति स्क्वाड ऐसा करने वालों को सबक सिखाएगी।

पुलिस कंट्रोलरूम से शाम 6 बजे नवरात्री पर्व के दौरान महिला सुरक्षा और सहायता को लेकर शक्ति स्क्वाड रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर की महिला पुलिसकर्मियों को डायल 112 के साथ दोपहिया वाहनों पर सवार होकर शहर के मार्गो पर निकली। शक्ति स्क्वाड रैली को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने संबोधित करने के साथ दिशा-निर्देश जारी कर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक शर्मा ने बताया कि नवरात्री में महिला सुरक्षा को लेकर महिला पुलिसकर्मियों की स्क्वाड टीम गठित की गई है, जिसे शक्ति नाम दिया गया है। प्रतिदिन शाम ढलने के बाद स्क्वाड़ एक्शन में आ जायेगी और गरबा स्थलों के आसपास तैनात रहेगी। महिला-युवतियों के साथ होने वाली कमेंट्सबाजी और छेड़छाड़ की घटना पर टीम तुरंत एक्शन लेगी और युवकों को सबक सिखाएगी। नवरात्री के दौरान होने वाले गरबों के दौरान असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और पेड गरबा आयोजनों के साथ फूहडता को रोकने के लिये हिन्दूवादी संगठन भी मैदान में उतरेगा। पूर्व में संगठन के पदाधिकारी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर मांग कर चुके है कि पेड गरबों का आयोजन रोका जाये। धार्मिक संस्कृति के अनुरूप ही गरबों का आयोजन हो।

रात 2 बजे तक तैनात रहेगी टीमें

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि गठित की गई शहर के अलग-अगल स्थानों पर आयोजित होने वाले गरबा स्थलों पर रात 2 बजे तक तैनात रहेगी। इस दौरान किसी महिला को किसी भी प्रकार की जरूरत होगी टीम द्वारा सहयोग किया जायेगा। जरूतर पड़ने पर संबंधित थाना पुलिस का बल भी शक्ति स्क्वाड की मदद के लिये पहुंचेगा।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले 2 सालों से इस तरह की व्यवस्था की शुरूआत की गई है। पिछले साल मुख्यमंत्री द्वारा भी महिला पुलिसकर्मियों की सराहना की गई थी।

देवी मंदिरों में भी रहेगी ड्युटी

धार्मिक नगरी के अतिप्राचीन देवी मंदिरों में भी सुबह-शाम महिला पुलिसकर्मियों की ड्युटी लगाई है। थाना पुलिस के साथ महिला स्तर की अधिकारी मंदिरों में सुरक्षा-व्यवस्था की कमान संभालेगी। मंदिरों के आसपास आवागमन व्यवस्था को बनाये रखने के लिये यातायात पुलिस की टीम को अलर्ट किया गया है। नवरात्री का पर्व शांति, सौहार्द्र और बिना किसी विघ्न के संपन्न हो इसकी पूरी तैयारी पुलिस प्रशासन द्वारा कर ली गई है।

सूदखोरों से परेशान ग्रामीण ने जहर खाकर की आत्महत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उधार लिये रूपयों से अधिक लौटाने के बाद भी सूदखोर पैसे देने का दबाव बना रहे थे। ग्रामीण ने परेशान होकर जहर खा लिया था। 2 दिन बाद शनिवार को ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

नरवर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम खजूरिया रेहवारी में रहने वाले घनश्याम पिता भागीरथ 50 साल ने 2 दिन पहले ग्राम कडछा में जहर खा लिया था। हालत बिगड़ती देख गांववालों ने परिजनों को सूचना दी थी। पुत्र सोनू पिता को उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार रात घनश्याम की मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान पुत्र ने बताया कि ग्राम लखमनखेड़ी में रहने वाले 2 लोगों से पिता ने कर्ज लिया था। पिता 2 लाख के बदले 3 लाख लौटा चुके थे। उसके बाद भी दोनों रूपये देने का दबाव बना रहे थे। उनकी ओर से पिता को धमकाया जा रहा था। जिसके चलते पिता डिप्रेशन में रहने लगे थे। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार मामला नरवर थाना क्षेत्र का है। मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी। नरवर पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू करेगी।



इधर पारिवारिक विवाद में खाया जहर- माधवनगर थाना क्षेत्र के जीरो पाइंट ब्रिज पर छोटी मायापुरी में रहने वाले मुकेश पिता जगदीश ने शुक्रवार शाम जहर खा लिया था। परिजनों को सूचना मिली तो वह अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां कुछ देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मुकेश ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर खाया था। पुलिस के अनुसार फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। बाद में पत्नी-बच्चों के बयान दर्ज किये जायेगें।

दुर्घटना में घायल की हुई मौत- चार दिन पहले इंदौररोड पर स?क दुर्घटना में इंगोरिया का रहने वाला 18 वर्षीय दीपेश पिता मुकेश बागवान गंभीर घायल हो गया था। नानाखेड़ा पुलिस ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजन उपचार के लिये प्रायवेट अस्पताल लेकर गये थे। जहां शनिवार सुबह मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दीपेश फल की दुकान लगाता था। नानाखेड़ा पुलिस के अनुसार सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से दीपेश की बाईक को टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जायेगा।

बाइक सवार के पास थैले में भरी मिली अवैध शराब



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सर्कल भ्रमण पर निकली नरवर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मुंजाखेड़ी-पिपलोदा द्वारकाधीश मार्ग पर बाइक सवार युवक अवैध शराब लेकर आया है, वह किसी को देने के लिये इंतजार कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई एएसआई रोहित टीम के साथ घेराबंदी करने पहुंचे। युवक ने पुलिस को देख बाइक छो?कर भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे पीछा कर पकड़ लिया गया। उसकी बाइक पर 2 थैले रखी थे। जिनकी तलाशी लेने पर उसमें भरे देशी शराब के 305 क्वार्टर बरामद हो गये। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि युवक ने पूछताछ में अपना नाम रोहित पिता जुगलदास 28 वर्ष निवासी शिखरजीधाम विकास नगर थाना औद्योगिक क्षेत्र जिला देवास बताया। शराब देवास से लेकर आना कबूल किया और बिना दस्तावेज की होना बताई। मामला अवैध शराब से जुडा होने पर आरोपी युवक की बाइक जप्त कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त शराब 28 हजार के लगभग और बाइक 50 हजार कीमत की है।

दिन-रात के तापमान में 18.3 डिग्री का अंतर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अक्टूबर माह प्रथम सप्ताह बीत चुका है, बावजूद मौसम अब भी मार्च अप्रैल की गर्मी जैसा लग रहा है। दिन का तापमान 36 से 37 डिग्री के बीच दर्ज हो रहा है। दिन-रात के तापमान में 18.3 डिग्री का अंतर बना हुआ है। अधिकतम तापमान में तेजी बनी होने से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है।

इस बार वर्षाकाल में पर्याप्त बारिश नहीं होने और औसत से 10 इंच कम बारिश होने के चलते अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह गुजर जाने के बाद भी मौसम में ठंडक नहीं आई है। पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तामपान 36 डिग्री से अधिक दर्ज हो रहा है। दिन में उमस और गर्मी मार्च अप्रैल जैसी महसूस हो रही है। जिसके चलते लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। रात के तापमान 18 से 20 डिग्री के बीच बना हुआ है। सुबह हल्की गुलाबी ठंड लग रही है लेकिन सूर्योदय के साथ ही गर्मी महसूस हो रही है। मौसम विभाग की माने तो कुछ दिन मौसम का मिजाज नरम गरम बना रहेगा। 20 अक्टूबर बाद मौसम में ठंडक आ सकती है। लेकिन कड़ाके की ठंड के लिये लम्बा इंतजार करना पड़ सकता है।



सर्दी-जुखाम के साथ बुखार के मरीज- दिन में गर्मी और रात में हल्की ठंड बनी होने का असर आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ता दिखाई दे रहा है। दिन में कूलर एसी की हवा और ठंडने पानी के सेवन से सर्दी जुखाम के साथ बुखार के मरीजों की संख्या में बढोतरी देखी जा रही है। सबसे ज्यादा समस्या बुजुर्गो के साथ बनी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार ऐसे मौसम में बुखार-जुखाम होने पर सलाह के बाद ही उपचार संबंधित दवाओं का उपयोग करें। अपनी मर्जी से दवा का सेवन करना स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है।

सूने मकान पर चोरों का धावा, परिवार के जागने पर भागे

उज्जैन। बदमाशों ने शुक्रवार-शनिवार रात सूने मकान पर धावा बोला और दरवाजे का सेंटर लॉक तोड़ दिया। परिवार आवाज सुनकर जागा तो बदमाश भाग निकले।

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि अलकापुरी में एक मकान पर रात में कुछ बदमाशों ने धावा बोला था। बदमाश दरवाजे का सेंटर लॉक तोड़ रहे थे उसी दौरान आवाज सुनकर पास के मकान में सो रहा परिवार नींद से जाग गया। परिवार के सदस्य बाहर आये तो बदमाश भाग निकले। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि मकान समर जादौन का होना सामने आया है, परिवार पास के दूसरे मकान में सोया था। जागने पर बदमाश चोरी में नाकाम रहे। फिलहाल परिवार ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। सूचना पर पुलिस पहुंची थी, आसपास लगे कैमरे देखने पर तीन बदमाश दिखाई दिये है। जिनकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है।

होगा एक्सक्लूसिव आयोजन

उज्जैन। सकल सिंधी समाज के तत्वावधान में 11 से 19 अक्टूबर 2026 तक इंदौर रोड स्थित होटल पार्क पैलेस में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। तारक मेहता की बबीता जी और अनुपमा सहित बॉलीवुड और टॉलीवुड की कई चर्चित अभिनेत्रियां इस उत्सव का मुख्य आकर्षण होंगी। ललित लुल्ला और लोकेश आडवाणी के अनुसार यह आयोजन विशेष रूप से सकल सिंधी समाज के लिए रखा गया है जिसमें प्रवेश केवल पास के माध्यम से ही दिया जाएगा। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल जी महाराज के आशीर्वाद से आयोजित इस महोत्सव में प्रतिदिन रात 8 बजे माता की आरती होगी और इसके उपरांत रात 10.30 बजे तक गरबा आराधना चलेगी।

स्वामित्व योजना में पंगा लेना भारी पडा,खुली पुरानी फाईलें....

रिश्वत के मामलों में अभियोजन स्वीकृति, तीन पटवारी निलंबित

रतलाम कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया ने की सख्त कार्रवाई, लोकायुक्त उज्जैन में दर्ज हैं प्रकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸▸ रतलाम

स्वामित्व योजना में सरकार और जिलों में कलेक्टरों से पंगा लेना पटवारियों को भारी पडा है। लोकायुक्त के मामलों में पत्रों के कई दिनों बाद भी जो पटवारी निलंबित नहीं किए गए थे उनकी भी फाईलें खुल गई और उन्हें निलंबित कर दिया गया है। रतलाम कलेक्टर अजय कटेसरिया ने रिश्वत मांगने के ऐसे ही तीन मामलों में पटवारियों को निलंबित किया है।

लोकायुक्त उज्जैन के आरोपों से संबंधित तीन अलग-अलग प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति जारी करने के बाद तीन पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। इनमें पटवारी रमेश बैरागी, प्रभुकुमार गरवाल एवं प्रवीण कुमार जैन शामिल हैं। तीनों के विरुद्ध लोकायुक्त पुलिस उज्जैन द्वारा ट्रैप की कार्रवाई कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं।



कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश में तीनों प्रकरणों में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) के अंतर्गत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में संबंधित पटवारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। प्रकरणों में आरोपों पर अंतिम निर्णय सक्षम न्यायालय द्वारा किया जाएगा।

सीमांकन रिपोर्ट के एवज में रिश्वत का आरोप- पटवारी हल्का क्रमांक 05, ग्राम पंचेड़, टप्पा नामली, तहसील रतलाम ग्रामीण में पदस्थ पटवारी रमेश बैरागी के विरुद्ध ग्राम पंचेड़ निवासी गोपाल उपाध्याय ने शिकायत की थी। शिकायत के अनुसार, भूमि सीमांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं संबंधित शासकीय कार्य के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की गई थी। 40 हजार रुपये रिश्वत के रूप में प्राप्त करने की शिकायत थी। शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस उज्जैन ने ट्रैप की कार्रवाई कर अपराध दर्ज किया था।

सीमांकन एवं पंचनामा देने के लिए राशि मांगने का आरोप-पटवारी हल्का क्रमांक 24, ग्राम किटखेड़ी, तहसील ताल में पदस्थ प्रभुकुमार गरवाल के विरुद्ध तहसील ताल निवासी किशनलाल आंजना ने शिकायत प्रस्तुत की थी। आरोप है कि उनके पिता की भूमि के सीमांकन की रिपोर्ट एवं पंचनामा उपलब्ध कराने तथा संबंधित शासकीय कार्य के एवज में श्री गरवाल ने 4 हजार रुपये की मांग की। लोकायुक्त पुलिस उज्जैन ने 14 मई 2025 को ट्रैप की कार्रवाई कर अपराध पंजीबद्ध किया था।

भूमि डायवर्जन की कार्रवाई के एवज में रिश्वत का आरोप

पटवारी हल्का क्रमांक 28, ग्राम खेड़ाखेड़ी, तहसील जावरा में पदस्थ पटवारी प्रवीण कुमार जैन के विरुद्ध जावरा निवासी श्रीमती श्यामु बाई बलाई ने लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन में शिकायत की थी।

शिकायत के अनुसार, ग्राम बामनखेड़ी स्थित भूमि के डायवर्जन संबंधी कार्रवाई के लिए संपर्क करने पर 6 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। इस शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस उज्जैन द्वारा ट्रैप की कार्रवाई कर अपराध दर्ज किया गया था।

विश्व का ब्रह्ममय देखिए



गुरु का मार्गदर्शन कितना आवश्यक है? यह प्रश्न बहुत लोग पूछते हैं। दरअसल, किसी के लिए यह संभव नहीं है कि वह ऐसी कोई नई वस्तु पा ले, जो उसके पास पहले से न हो। यदि वह ऐसी कोई वस्तु पाता भी है, तो वह जैसे आई थी, वैसे चली भी जाएगी। जो आता है, वह जाता है। जो हमेशा है, वही रहेगा। गुरु आपको ऐसी कोई नई वस्तु नहीं दे सकता, जो पहले से आपके पास न हो। हमने आत्म-साक्षात्कार नहीं किया, यह विचार छोड़ना ही आवश्यक है। हम हमेशा ही हैं, केवल हमें इस सत्य का अनुभव नहीं होता।

यह कहते हुए कि आत्मा कहां है, हम इधर-उधर आत्मा को ढूंढ़ते हैं। आखिर ज्ञान-दृष्टि का उषाकाल आता है और हम कहते हैं; यह आत्मा है, यह मैं हूं। हमें ऐसी दृष्टि प्राप्त करनी चाहिए। इस दृष्टि के प्राप्त होने पर हम जगत में चाहे जहां रहें या घूमें या किसी से मिलें, कहीं भी आसक्त नहीं होंगे। एक बार आपने अपने पैरों में जूते डाल दिए, तो चलते समय आपको मार्ग के कांटे या कंकड़ पीड़ा नहीं पहुंचाएंगे। मार्ग में चाहे पहाड़ भी आए, आप निर्भय और निश्चिंत होकर चलते रहेंगे। इस प्रकार ज्ञान दृष्टि युक्त पुरुषों के लिए सब कुछ सहज होता है। अपनी आत्मा से भिन्न है भी क्या?

याद रखिए। मन मिट गया, तो पूरी दुनिया मिट गई। यदि वह मिट गया, तो सहज अवस्था प्रकट होगी। आत्मा हमेशा स्वयं को अहं-अहं रूप से उद्घोषित करता रहता है। वह स्वयं प्रकाश है और यहां, अभी है। यह सब वही है। हम केवल उसी में हैं। उसी में रहकर उसकी तलाश क्यों की जाए? प्राचीन ऋषि कहते हैं : दृष्टि को ज्ञानमय बनाकर विश्व को ब्रह्ममय देखना चाहिए।

सम्पादकीय

नवी को नोबेल

भारतीय मूल की अंतरराष्ट्रीय न्यायविद नवनेथम नवी पिल्लै को शांति प्रयासों के लिए दिया जा रहा नोबेल तमाम भारतवंशियों के लिए खुशी और गौरव का क्षण है। न्यायविद नवी को बड़े-बड़े शांति व सेवा कार्यों को संपन्न करते देखा गया है, पर उनकी एक खासियत है कि वह आत्मप्रचार से सदा दूर रही हैं। नोबेल समिति के मुताबिक, नवी को युद्ध अपराधों, मानवता के विरुद्ध हुए अपराधों और नरसंहार के दोषियों के साथ न्याय करने की वजह से सम्मानित किया गया है। इस नोबेल सम्मान से केवल शांति-सेनानियों को ही नहीं, दुनिया भर के न्यायविदों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। साल 1941 में डरबन, दक्षिण अफ्रीका में जन्मी नवी दक्षिण अफ्रीका के उच्च न्यायालय, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में सेवा दे चुकी हैं। वह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त रही हैं। फलस्तीन पर संयुक्त राष्ट्र के स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग की अध्यक्ष रही हैं। उम्र और अनुभव से संपन्न जस्टिस नवी आज भी थकी नहीं हैं और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में म्यांमार पर नरसंहार के आरोप वाले मामले में न्यायाधीश हैं।

गौर कीजिए, विगत आधे दशक से विश्व स्तर पर संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थाओं का हाल बहुत बुरा है। ऐसे बुरे वक्त में भी जस्टिस नवी पिल्लै का योगदान ऐतिहासिक है। वह विश्वास जगाती हैं कि आज भी न्याय की शक्ति से संसार में शांति संभव है। आज दुनिया भर में जगह-जगह उपद्रव और युद्ध की स्थिति है। ऐसे में, न्यायविदों की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। न्यायविदों को शांति-दूतों के साथ मिलकर बड़े प्रयास करने चाहिए और ऐसे ही महती प्रयास को जस्टिस नवी पिल्लै ने साकार किया है। वैसे, यह सम्मान उन्हें काफी पहले दिया जा सकता था, जब वर्ष 2008 से 2014 के बीच वह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त के रूप में अपनी सेवाएं दे रही थीं। जब वह दक्षिण अफ्रीका के उच्च न्यायालय की पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश थीं, तब भी उन्हें यह सम्मान हासिल हो सकता था। भूलना नहीं चाहिए, अपने लंबे न्यायिक जीवन में उन्हें रंगभेद के साथ ही लिंगभेद से भी लड़ना पड़ा है। अपनी योग्यता के बल पर तमाम बाधाओं को उन्होंने पार किया और तब अपने देश दक्षिण अफ्रीका व भारतवंशियों का मान बढ़ाया है।

नवरात्र पर विशेष

स्त्री-शक्ति के नौ रूप नवजीवन के प्रतीक

शारदेय नवरात्रों में एक बार फिर हम स्त्री शक्ति के नौ रूपों की पूजा करेंगे। नवरात्र में जो नव उपसर्ग हैं, वे नौ की संख्या के साथ-साथ नूतनता के भी प्रतीक हैं। इस अर्थ में वे परिवर्तन के सूचक हैं। ये



प्रमोद भार्गव (दैनिक अवन्तिका)

रूप-शक्ति, स्त्रीत्व और समृद्धि के प्रतीक भी हैं। इन स्वरूपों की पूजा करते हुए स्त्री रूपी इन देवियों के भव्य रूप हमारी चेतना में उपस्थित रहते हैं। इन्हें शक्ति रूप इसलिए कहा जाता है, क्योंकि जब सृष्टि के सृजन काल में देव पुरूष, दानवों से पराजित हुए, तो उन्हें राक्षसों पर विजय के लिए दुर्गा से अनुनय करना पड़ा। एक अकेली दुर्गा ने विभिन्न रूपों में अवतरित होकर अनेक रक्षसों का नाश कर सृष्टि के सृजन को व्यवस्थित रूप देकर गति प्रदान की। प्रतीक रूप में ये रूप अंततः मनुष्य की ही विभिन्न मनोदशाओं के परिष्कार से जुड़े हैं। इन मनोदशाओं को राक्षसी प्रवृत्ति कह सकते हैं, जो मनुष्य की नकारात्मक विकृतियों के भी प्रतीक हैं। इन रूपों के महत्व को जानते हैं।

नवदुर्गाओं में शौल पुत्री प्रथम दुर्गा मानी जाती हैं। इनके हाथों में त्रिशूल और कमल पुष्प सुशोभित हैं। इनका वाहन वृषभ है। शैल पुत्री अपने पूर्वजन्म में दक्ष प्रजापति की कन्या थीं और इनका नाम सती रखा गया। पिता की इच्छा के विरुद्ध सती ने भगवान शिव से विवाह किया। दक्ष ने एक बार महायज्ञ का आयोजन किया। किंतु इसमें शिव व सती को आमंत्रित नहीं किया। इसे सती ने शिव का अपमान माना और बिना बुलाए ही यज्ञ स्थल पर पहुंच गईं। वहां उन्होंने अपने पिता को शिव को आमंत्रित करने के लिए बाध्य किया। किंतु प्रजापति ने शिव का उपहास उड़ाया और उन्हें बुलाने से इनकार कर दिया। तब सती ने क्रोधित होकर यज्ञ-कुंड में कूंदकर अपने प्राणों की आहुती दे दी। शिव को जब सती के प्राण त्यागने का समाचार मिला, तो उन्होंने अपने गणों को भेजकर यज्ञ का विध्वंस करा दिया। बाद में शिव सती के जले शव को कंधे पर लेकर भटकते रहे। पुराणों में उल्लेखित है कि इस दौरान सती के अंग बारह स्थानों पर गिरे। उन्हें बारह ज्योतिर्लिंग की मान्यता प्राप्त है। अगले जन्म में यही सती शैलराज हिमालय के घर में पैदा हुईं और शैलपुत्री कहलाईं। उन्हें ही पार्वती कहा जाता है।

दुर्गा का दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी का है, श्वेत वस्त्रधारी ब्रह्मचारिणी के एक हाथ में जपमाला और दूसरे में कमंडल है। ब्रह्मचारिणी का जन्म पर्वतराज हिमालय की पत्नी मैना के गर्भ से हुआ था। पहले इनका नाम शुभ लक्षणों को देखते हुए पार्वती रखा गया। बाद में नारद मुनि ने हिमालय को बताया कि यही पार्वती पूर्व जन्म में सती थीं। इस रहस्य को जानने के बाद पार्वती में शिव को प्राप्त करने की इच्छा जागृत हो गई। इसके लिए देवी ने कठिन तपस्या की। इससे उनका शरीर कृशकाया में बदल गया। तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। तब ब्रह्मा ने उनके समक्ष उपस्थित होकर मनचाहा वर मांगने की प्रार्थना की। पार्वती ने शिव को मांगा। ब्रह्मा ने पार्वती को अशीर्वाद तो दिया ही, उनकी काया को भी सुदंर रूप में बदल दिया। यहीं ब्रह्मा ने तप का आचरण करने के कारण ब्रह्मचारिणी का नाम दिया।

नवरात्रों के तीसरे दिन दुर्गा के शरीर से नई शक्ति के रूप में चंद्रघंटा की वंदना की जाती है। सिंह पर सवार ये देवी निडरता के साथ सौम्यता के गुणों से भी भरपूर हैं। इनके आभामंडल से अदृश्य शक्ति का विकिरण होता रहता है। इनके शरीर का वर्ण स्वर्ण है। इनके दस हाथ हैं, जिनमें खड्ग, अस्त्र-शस्त्र, बाण आदि विभूषित हैं। देवासुर संग्राम में इनके घंटे की भयानक ध्वनि से सैंकड़ों दैत्य मारे गए थे। इनकी मुद्रा हमेशा युद्ध के लिए तत्पर दिखाई देती है।

दुर्गा का चौथा स्वरूप कुष्मांडा देवी का है। इनका निवास सूर्यलोक में है। इसीलिए इनके शरीर की कांति और आभा सूर्य के समान सदैव प्रकाशित रहती है। सृष्टि के संपूर्ण प्राणियों में इन्हीं देवी का आलोक प्रदीप्त है। जब ब्रह्माण्ड का अस्तित्व नहीं था और चारों और अंधेरा था, तब इन देवी ने अपनी मंदमुस्कान द्वारा अंड अर्थात ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति की। इसी कारण इन्हें कूष्मांडा कहा गया। सिंह पर सवार कूष्मांडा अष्ट भुजाधारी हैं। इनके हाथों में कमण्डल, धनुष-बाण, कमल-पुष्प, अमृत-कलश, चक्र गदा और सभी प्रकार की सिद्धियां व जपमाला सुशोभित हैं।

दुर्गा का पांचवां रूप स्कंद माता का है। इनके पुत्र कार्तिकेय का एक नाम स्कंद है, इसलिए इन्हें स्कंद माता कहा जाता है। सिंह पर सवार इन देवी की चार भुजाएं हैं। इनके दो हाथों में कमल पुष्प हैं एक हाथ वरदान की मुद्रा में है और दूसरा हाथ पुत्र स्कंद को गोद में लिए है। इस कारण ये पद्मासना देवी भी कहलाती हैं।

इनके बाद छठे दिन देवी कात्यायनी की पूजा की जाती है। कात्य नामक ऋषि की वंशावली में एक प्रसिद्ध ऋषि कात्यायन हुए हैं। ये दुर्गा के भक्त थे। इस भक्ति से प्रसन्न होकर दुर्गा ने कात्यायन को कोई वर मांगने को कहा। तब महर्षि ने दुर्गा से अपने घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने का आग्रह किया। दुर्गा ने यही वरदान दे दिया। कुछ समय बाद जब पृथ्वी पर महिषासुर नाम के असुर का अत्याचार बढ़ गया, तब दुर्गा के तेज से कात्यायन की पत्नी की कोख से देवी कात्यायनी ने जन्म लिया। पुराणों में ऐसा कहा गया है कि इस तेज में ब्रह्मा, विष्णु और महेश के तेज का भी समावेश है। चार भुजाधारी कात्यायनी का वाहन सिंह है। इनकी चार भुजाओं को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का प्रतीक माना गया है।

दुर्गा के सातवें रूप को देवी कालरात्रि के नाम से जाना जाता है। इनकी काया अमावस्या की गहरी काली रात की तरह काली है। इनके मस्तक पर तीन नेत्र विद्यमान हैं, जो ब्रह्मांड के समान गोल तथा तीन लोकों के प्रतीक हैं। इनके केस घने एवं बिखरे हुए हैं। इनके गले में विद्युत ज्वाला सी प्रकाशित माला पड़ी हुई है। सांस लेते समय इनके नासिका छिद्रों से अग्नि की लपटें निकलती रहती हैं। इनकी सवारी गधा है और ये चार भुजाओं वाली हैं। इनके दो हाथों में तलवार और नुकीला अस्त्र है। जबकि एक हाथ वरदान की मुद्रा में और दूसरा अभय की मुद्रा में है। इन देवी को राक्षस और भूत-प्रेत का विनाश करने वाली देवी माना जाता है।

दुर्गा पूजन के आठवें दिन महागौरी की उपासना की जाती है। महागौरी ने शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक तपस्या की। इस समय उन्होंने धूप, आंधी, वर्षा और ठंड के थपेड़े सहे। इस कारण उनका शरीर कृशकाय और काला हो गया। अंत में जब भगवान शिव ने पार्वती रूपी इन महागौरी को पत्नी रूप में स्वीकार किया तब शिव ने अपनी जटाओं से निकलने वाली गंगा की जलधारा से पार्वती का शरीर धोया। इस पवित्र और शुद्ध गंगाजल से पार्वती का मैल धुल गया और उनका शरीर गौर वर्ण की तरह चमकने लगा। इसी कारण वे महागौरी के नाम से जानी जाने लगीं। इनका वाहन बैल है और इनकी मुद्रा अत्यंत शांत एवं सौम्य है।

नवरात्रि के अंतिम यानी नौवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा करने की परंपरा है। ये सभी रिद्धी-सिद्धियों की स्वामिनी हैं। पुराण कथाओं के अनुसार जब दुर्गा के मन में सृष्टि की रचना का विचार उत्पन्न हुआ, तब उन्होंने शिव को उत्पन्न किया। शिवजी ने उत्पन्न होने पर दुर्गा से सिद्धियों की मांग की। शिव को सिद्धियां प्रदान करने के लिए एक अंश से देवी सिद्धिदात्री का जन्म हुआ। जो सभी प्रकार की सिद्धियों की ज्ञाता थीं। बाद में सिद्धिदात्री ने शिव को 18 प्रकार की दुर्लभ, अमोघ और शक्तिशाली सिद्धियां दीं। इनसे ही शिव में अलौकिक शक्तियों का तेज उत्पन्न हुआ। इसके बाद शिव ने विष्णु की और विष्णु ने ब्रह्मा की उत्पत्ति की। ब्रह्मा को सृष्टि रचना का, विष्णु को सृष्टि पालन का और शिव को सृष्टि के संहार का दायित्व सुपुर्द किया।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11अक्टूबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि- एकम 20:24 उपरांत द्वितीया
नक्षत्र -चित्रा 22:38 उपरांत स्वाती
योग- वैधृति 22:15 उपरांत विष्कुम्भ
करण - किस्तुघ्न
चन्द्रमा - कन्या मे हे 10:13पर तुला
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 29तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में संयम रखें, सहकर्मियों से सहयोग लें। व्यापारिक निर्णय सोच-समझकर ही लें।

वृषभ- परिवार में छोटी बातों पर ध्यान न दें। आर्थिक मामलों में सावधानी जरूरी है।

मिथुन- कार्यक्षेत्र में प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। व्यापार में मनमाफिक सफलता मिलेगी।

कर्क- पारिवारिक रिश्ते और अधिक मजबूत होंगे। आय में वृद्धि के योग स्पष्ट हैं। स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा।

सिंह- करियर में नए द्वार खुल सकते हैं। व्यापार में बड़ा निवेश फायदेमंद रहेगा।

कन्या- परिवार का पूर्ण समर्थन प्राप्त होगा। आर्थिक लाभ की अच्छी संभावनाएं हैं। ऊर्जा बनी रहेगी।

तुला- कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास रंग लाएंगे। व्यापार में धन प्राप्ति के योग हैं। परिवार में शुभ कार्य की योजना बनेगी।

वृश्चिक- दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। सेहत अच्छी रहेगी, ताजगी रहेगी।

धनु- नौकरी में नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। व्यापारिक विस्तार की सोच सफल होगी।

मकर- संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। आय के साधन मजबूत होंगे। मानसिक रूप से ऊर्जावान रहेंगे।

कुंभ- कार्यस्थल पर आपकी रणनीति सफल होगी। व्यापार में नए सौदों से फायदा होगा। मित्रों के साथ समय बीतेगा।

मीन- आपकी वाणी से काम आसान होंगे। व्यापार में मुनाफा होगा, नए रास्ते खुलेंगे।

संजा पर्व अंतिम दिन

आज संजा का विवाह व बिदाई

सोलह वर्ष तक जीवित रही संजा के निमित्त मनाया जानेवाला संजा पर्व के 16वें दिन अमावस्या को किलाकोट पूर्ण कर लिया जाता है। हर एक अंकन अपनी जगह इस किलाकोट में पा लेता है। संजा की बारात आ जाती है और उसका विवाह सम्पन्न हो जाता है। साथ ही संजा की



मायके से बिदाई भी हो जाती है। सखियां संजा की आरती करते वक्त जहां रूआंसी होती है वहीं कहती है-

संजा तू जीम ले, चूठ ले, अकेली मत जा।

साथे चांद-सूरज बीर के लईजा।।

यह माना जाता है कि संजा को सबसे अधिक सुख मायके में ही मिला। उसे अपने पिता और भाईयों पर गर्व था। उसके पिता ठिकानेदार थे, यही कारण था कि उसकी सहेलियां कहती थी- संजा तू बड़ा बाप की बेटी, तू खाये खाजा रोटी, पठाणी चाल चाले ...। संजा का बचपन लाड़-प्यार में बिता। उसे मां का जितना स्नेह मिला, उतना ही भाभियों एवं सखियों का भी मिला। उसे सखियों के साथ खेलना पसंद था। यही कारण है कि वह सुबह से शाम तक बस सखियों के बीच दौड़ लगाती थी। चिंता, दुःख जैसी बातें उसके जीवन को छू भी नहीं सकी थी। जब उसकी बिदाई का वक्त आता है तो सखियां कहती है कि-तुम्हारे सासरे से हाथी, घोड़ा,म्याना, पालकी आई है ..इधर संजा कहती है कि मै नहीं जाउंगी।विवाह बाद ससुराल में संजा को कोई सुख नहीं मिला। उसे उसकी सासु, ननद, देवर से लेकर पति तक की प्रताड़ना झेलना पड़ी। वहीं उसकी अल्पायु में मौत हो गई।

संजा की बिदाई

संजा को जब बिदा दी जाती है तो वह मां से कहती है कि मां उसे जल्दी लेने भेजना। मां कहती है कि तुम्हारे बापू जल्द ही लेने आएंगे। इस पर संजा कहती है कि मां, बापू तो गढ़ अजमेर के राजा है, काकाजी को फूर्सत नहीं मिलती है। तुम ही आ जाना। मां कहती है कि बेटी तुम्हारा ससुराल कहां है, मुझे नहीं पता। इस पर संजा कहती है कि मैं रास्ते भर अपने जेवर फेंकती जाउंगी, तुम उसे देखकर आती जाना? संजा को मां समझाती है कि बेटी पराया धन होता है, इसलिए मायके से अब मोह छोड़ना होगा। इधर संजा की सखियां भी अश्रु बहाती है और संजा बिदा हो जाती है। अमावस्या को संजा की आखिरी आरती होती है। इसके बाद दीपक बुझा दिया जाता है।

आज का गीत

कोट पै बैठी चिरकली, उड़ाव म्हारा दादाजी
संजा बई चाल्या सासरा, मनाओ म्हारा दादाजी
आंगणे बैठ्या पामना, जीमाओ म्हारा दादाजी
संजा बई रूठी ने बैठ्या, मनाओ म्हारा दादाजी
संजा बई चाल्या सासरा, पधारो सारा पामणा जी
चांद-सूरज बीरा पालकी लाया, बैठाओ म्हारा दादाजी

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

लेमन टी सेहत के लिए बेहद लाभकारी है

लेमन टी यानी नींबू चाय सेहत के लिए बहुत अच्छी होती है, खासतौर से कोरोना महामारी के प्रकोप से बचाने में यह बहुत सहायक साबित हुई है। नींबू की चाय में विटामिन सी होता है, जो बॉडी की इम्यूनिटी बढ़ाता है। लेमन टी यानी नींबू की चाय आपकी कई बीमारियों से रक्षा करती है। वैसे तो दूध वाली चाय पीते ही ऐसा लगता है जैसे सारी थकान दूर हो गई हो लेकिन इसके मुकाबले हर्बल टी काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। हर्बल चाय कई तरह की होती है जैसे ग्रीन टी , कैमोमाइल टी, जिंजर टी, लेमन टी । इन सभी चाय को पीने के अपने फायदे और विशेषताएं हैं। आपको बता दें कि नींबू की चाय बहुत जल्दी बनती है और आमतौर पर नींबू हर घर में आसानी से उपलब्ध होता है।

नींबू की चाय बनाना बहुत आसान है। यदि आप स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो नींबू की चाय एक बेहतर विकल्प हो सकता है। इसमें नींबू होने के कारण शरीर को विटामिन सी मिलता है और विटामिन सी सेहत के लिए बेहद जरूरी है। नींबू की चाय पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। शरीर को एनर्जी मिलती है। रिफ्रेश होने के लिए नींबू की चाय पीनी चाहिए। आइए आपको बताते हैं नींबू की चाय पीने के फायदों के बारे में।



सर्दी-जुकाम से बचाता है

नींबू की चाय सर्दी-जुकाम में राहत देती है। यह चाय ठंड और फ्लू के लक्षणों को कम करती है। बेहतर परिणाम के लिए, आप चाय में अदरक डाल सकते हैं। इसके अलावा, यह गले में दर्द व गले में खराश में आराम देती है। नींबू की चाय रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत करती है।

वजन घटाती है

ग्रीन टी की तरह ही नींबू की चाय या लेमन टी पीने से वजन कम होता है। अगर आप अपना वजन कम करने के लिए रोज सुबह नींबू पानी पीते हैं, तो अब नींबू वाली चाय भी पीना शुरू कर दें। लेमन टी भी वजन को नियंत्रित करता है। नींबू में कैलोरी न के बराबर होती है, इसलिए आप नींबू की चाय पीकर अपना वजन घटा सकते हैं।

नैचुरल एंटीसेप्टिक

नींबू एक नैचुरल एंटीसेप्टिक होता है। नींबू की चाय में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं। चाय को नियमित रूप से पीने से संक्रमण और बीमारियों के उपचार में मदद मिलती है।

डिटॉक्सीफायर का करती है काम

नींबू की चाय प्रभावी रूप से शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल देती है। शरीर से विषाक्त पदार्थों को हटाना जरूरी होता है क्योंकि वह इंफेक्शन और बीमारियों को बढ़ाते हैं। नींबू की चाय पीने से रोग और इंफेक्शन कम होते हैं।

स्किन पर लाए निखार

लेमन टी विटामिन सी का एक अच्छा स्रोत है। विटामिन सी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसके अलावा, इसमें एस्ट्रिंजेंट भी होते हैं जो पिंपल्स और त्वचा की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं।

धर्म-आस्था

द्वैपायिनी देवी की स्थापना का रहस्य

रावण की शक्ति अत्यधिक बढ़ गई थी। उसका जीवन अत्याचार, अनाचार और भोग विलास में व्यतीत हो रहा था। उसे इन्द्रिय सुख भोगने की लालसा हमेशा रहती थी। वह परायी स्त्री में ही सर्वदा व्यस्त रहना



डॉ. शारदा मेहता (दैनिक अवन्तिका)

चाहता था। विलासिता पूर्ण जीवन के त्याग से मिलने वाले सुख शान्ति से वह अनभिज्ञ था। उसके विचार में इन्द्रिय सुख ही सच्चा सुख है।

कुबेर शिवभक्त थे। वे प्रतिदिन शिवजी का पूजन मनोभाव से करते थे। एक दिन कुबेर ने सहजभाव से कह दिया कि शिवजी मैं आपकी क्या सेवा करूँ। शिवजी ने कहा कि मैं वैष्णव हूँ। वैष्णव किसी की सेवा लेने के पक्ष में नहीं रहते हैं। शिवजी के समीप ही बैठी पार्वती ने कहा कि शिवजी हम वृक्षों और पर्वतों के मध्य निवास करते हैं, इसलिए इनसे हम इनका महल लेने का कह सकते हैं। कुबेर ने जब यह सुना तो अपना स्वर्ण महल शिव-पार्वती को समर्पित कर दिया। नए घर में वास्तु पूजन करना अनिवार्य होता है। वास्तु पूजन में शिवजी यजमान बने और रावण को पुरोहित का कार्य सौंप दिया। पुरोहित को दक्षिणा देने का अवसर आया तो शिवजी ने कहा कि आप अपनी इच्छानुसार माँग लीजिए। रावण ने निःसंकोच स्वर्ण महल माँग लिया और शिवजी ने दक्षिणा में सहर्ष स्वर्ण महल दे दिया। यह शिवजी की उदारता का परिचय है। पार्वतीजी को देखकर रावण की बुद्धि भ्रष्ट हो गई। उसने शिवजी से कहा कि महाराज आपने महल तो दे दिया, परन्तु महल में रहने के लिए कोई चाहिए अतः आप मुझे पार्वतीजी दे दीजिए। भोले भंडारी शिवजी ने बड़ी उदारतापूर्वक रावण से कहा कि आपकी यही इच्छा है तो आप इन्हें ले जाइए। रावण ने पार्वतीजी को अपने कन्धे पर बैठाया और वहाँ से चल दिया। पार्वतीजी बड़ी परेशान हो रही थीं। वे संकट में थीं। वह रावण के साथ जाना नहीं चाहती थी परन्तु शंकरजी की आज्ञा के कारण उन्हें जाना पड़ा। वे मन ही मन परमात्मा का स्मरण कर रही थी। परमात्मा (विष्णुजी) ब्राह्मण का रूप धारण करके रावण के पास आए और उससे पूछा कि वह किसको ले जा रहे हो। रावण बोला कि शिवजी ने मुझे सोने की लंका दी और साथ में उन्होंने पार्वतीजी भी दे दी है। मैं उन्हीं को लेकर जा रहा हूँ। परमात्मा ने कहा-

"प्रतारितः शिवनेत्वं दत्वा दुर्गान्तु कत्रिमाम।
पाताले मयगेहे सा गोपिताऽस्ति शिवेन हि।।
(तत्वार्थ रामायण- श्रीरामचन्द्र केशव डोंगरे शास्त्री)

अर्थात- तू अत्यधिक भोला है। शिवजी ऐसा नहीं कर सकते हैं। हो सकता है उन्होंने तुम्हें नकली पार्वती दे दी है। असली पार्वती को उन्होंने पाताल में छिपा रखा है। यह पार्वती की दासी हो सकती है। शिवजी ने धोखे से तुम्हें दासी दे दी है। मेरी एक बात तुम ध्यान से सुनो कि असली पार्वती के श्रीअंगों से कमल पुष्पों की दिव्य सुगन्ध निकलती है। तुम सावधान रह कर दिव्य सुगन्ध निकल रही या नहीं, इसको देखो। रावण को शंका आ गई। उसे ऐसा अनुभव हुआ कि पार्वती के अंगों से दुर्गंध आ रही है। रावण ने समझा कि यह तो नकली पार्वती है। उसने पार्वतीजी को उसी स्थान पर छोड़ दिया और वहाँ से प्रस्थान कर गया। प्रभु ने उसी स्थान पर माताजी की स्थापना कर दी। यही देवी द्वैपायिनी देवी के नाम से प्रसिद्ध हुई। डिजिटल सामग्री के अनुसार कर्नाटक के पास प्रसिद्ध स्थल गोकर्ण के समीप स्थित है।

रावण अनीति करता था। स्वभाव से वह लालची था। परधन और परस्त्री पर उसकी हमेशा निगाह रहती थी। स्वर्ण महल, माता पार्वती और सीता माता इसके उदाहरण हैं। रावण के राज्य के बारे में कहा है-

"बाढ़े खलुबहुचोर जुआरा। जे लंपट परधन पर दारा।।
मानहिं मातु पिता नहीं देवा। साधुन्ह सन करवावहि सेवा।।
(श्रीरामचरितमानस बालकांड दोहा- 183 के बाद की चौपाई)

पृथ्वी पर अनाचार, अत्याचार बढ़ रहे थे। सभी ने देवताओं से अनुरोध किया कि रावण के अतिशय त्रास के कारण सभी दुःखी हो गए हैं। अतः पृथ्वी पर आप अवतार धारण करो। तब भगवान ने कहा कि मैं त्रेता युग में सूर्यवंश में प्रकट होऊँगा। यह कथा लोककथाओं में, पौराणिक ग्रन्थों में तथा श्रीरामचन्द्र केशव डोंगरे शास्त्री के ग्रन्थ तत्वार्थ रामायण में भी प्राप्त होती है। ऐसे धन लोलुप, दुराचारी, स्त्रियों पर बुरी नजर रखने वाले रावण का अन्त करने के लिए श्रीराम का प्राकट्य हुआ। इन्होंने पृथ्वी का भार कम करने के लिए दुर्दान्त राक्षसों का वध किया और प्रजा को सुख दिया।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्ड- 1,50,000 रवा- 1,50,000 चांदी- टंच- 2,26,500 पाट- 2,25,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

देवास। देवास के बिंजाना के पास ट्रेन की चपेट में आने से 50 साल के मजदूर सीताराम की मौत हो गई। शनिवार को शव मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की जेब से मिली चिट्ठी पर लिखे मोबाइल नंबर से परिजनों से संपर्क कर उनकी पहचान की गई। सीताराम पिता कन्हैयालाल, देवास के दिग्गीराजा नगर के रहने वाले थे। वह मजदूरी और सेंटिंग का काम करते थे। शुक्रवार रात काम खत्म कर घर लौटे, फिर कुछ सामान लेने निकले, लेकिन वापस नहीं आए।शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। सीताराम के परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं।

पटवारियों ने किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव



शाजापुर। स्वामित्व योजना के तहत शाजापुर सहित अन्य जिलों में पटवारियों की सेवा समाप्ति के विरोध में जिलेभर के पटवारियों ने लामबंद होकर प्रदर्शन किया। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष हरिओम हनोतिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आक्रोशित पटवारियों ने गुरूवार दोपहर 3.30 बजे कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया और शासन के इस फैसले के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार स्वामित्व योजना के अंतर्गत कार्य कर रहे पटवारियों की सेवाएं अचानक समाप्त किए जाने से पूरे संवर्ग में भारी रोष व्याप्त है। इसी कड़ी में दोपहर जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए पटवारियों ने नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पर अपना डेरा डाल दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष हरिओम हनोतिया ने कहा कि पटवारियों की सेवा समाप्ति का यह आदेश पूरी तरह से अनुचित और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सेवा समाप्ति के आदेशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर सभी को पुनः बहाल किया जाए।

दहेज प्रताडा से तंग आकर विवाहिता ने की थी आत्महत्या

पति और जेठ पर केस दर्ज

शुजालपुर। भीलखेड़ी गांव में जहरीला पदार्थ सेवन करने से हुई 25 वर्षीय विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद पति और जेठ के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। परिजनों ने दोनों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। मंडी पुलिस के अनुसार कशिश मालवीय का विवाह 23 नवंबर 2023 को भीलखेड़ी निवासी घनश्याम मालवीय के साथ हुआ था। परिजनों ने बयान में बताया कि करीब डेढ़ साल से पति घनश्याम और जेठ कैलाश मालवीय दहेज में मोटरसाइकिल,कूलर,पंखा, सोफा सेट और रुपए की मांग कर कशिश को परेशान कर रहे थे। सामाजिक स्तर पर समझाइश के बावजूद प्रताड़ना जारी रही। कशिश मायके आने पर परिजनों को इसकी जानकारी देती थी। 15 सितंबर 2026 को कशिश ने ससुराल में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे शुजालपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

ट्रक में घुसी बाइक, 25 वर्षीय युवक की मौत

आगर-मालवा। आगर-सुसनेर मार्ग पर शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में 25 साल के युवक अर्जुन सिंह की मौत हो गई। वह अपनी बाइक से गांव खनोटा जा रहा था, तभी उसकी बाइक आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में अर्जुन के सिर में गंभीर चोट लगी। उसे तुरंत सुसनेर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अर्जुन सिंह पिता ईश्वर सिंह सोंधिया निवासी ग्राम खनोटा के रूप में हुई है। पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया है। शनिवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

मंडी में 16,260 क्विंटल उपज की आवक, सोयाबीन के भाव 6600 रुपए तक पहुंचे

नकदी की कमी से गल्ला व्यापारियों को भुगतान में आ रही परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



कृषि उपज मंडी शुजालपुर में शुक्रवार को कुल 16,260 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। मंडी में सोयाबीन की सर्वाधिक 7,503 क्विंटल आवक रही। इसके उच्चतम भाव 6,600 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किए गए। गेहूं की 395 क्विंटल आवक रही और भाव 2,440 से 3711 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। चना सफेद के भाव 5900 से 10201 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे। वहीं चना के भाव 6956 से 7700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। मंडी में मसूर की 92 क्विंटल और मैथीदाना की एक क्विंटल आवक दर्ज की गई। मसूर के भाव 4000 से 7200 रुपए तथा मैथीदाना के भाव 6201 रुपए प्रति क्विंटल रहे। शुजालपुर सिटी मंडी प्याज व लहसुन की अच्छी आवक हुई। सिटी मंडी में प्याज की 3400 क्विंटल आवक रही, जिसके भाव 1000 से 3575 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन की 1500 क्विंटल आवक पर भाव 1300 से 20000 रुपए प्रति क्विंटल तक दर्ज किए गए। कृषि उपज मंडी शुजालपुर में 10 अक्टूबर शनिवार को द्वितीय शनिवार के कारण अवकाश रहेगा। इसके बाद 11 अक्टूबर रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा।

ऐसे में खरीदी के बाद किसानों को भुगतान करने की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। गल्ला व्यापारी नवनीत विजयवर्गीय ने बताया कि उनका खाता एचडीएफसी बैंक में है। उन्होंने बैंक से 30 लाख रुपए निकालने के लिए निकासी पर्ची भरी थी लेकिन बैंक ने इतनी राशि उपलब्ध नहीं होने की बात कहते हुए उन्हें केवल पांच लाख रुपए ही दिए। आवश्यकता के अनुरूप नकदी नहीं मिलने से व्यापारिक लेन.देन में परेशानी आ रही है।

बैंकों से पर्याप्त नकदी नहीं मिलने से गल्ला व्यापार प्रभावित

कृषि उपज मंडी में उपज की खरीदी के बाद किसानों को भुगतान करने के लिए पर्याप्त नकदी उपलब्ध नहीं हो पाने से गल्ला व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कुछ बैंकों से आवश्यकता के अनुसार नकदी नहीं मिल पा रही है। दूसरी ओर कई किसान आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान लेने के बजाय नकद राशि की मांग कर रहे हैं।



अग्रसेन जयंती पर समाज के वरिष्ठ दम्पत्ति सहित मातृशक्तियों का लिया आशीर्वाद

शुजालपुर। महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा समाज के वटवृक्ष रूपी वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समाज के वरिष्ठ दंपती गुलजारीलाल अग्रवाल एवं शकुंतला अग्रवाल का शॉल,श्रीफ ल और स्वागत दुपट्टे से सम्मान कर आशीर्वाद लेने के साथ हुई। महिला मंडल अध्यक्ष विद्या गोयल ने बताया कि इसके बाद वरिष्ठ मातृशक्तियों काशी गर्ग, वैजयंती गुप्ता, सावित्री गोयल, निर्मला अग्रवाल, कैलाशी बिंदल, कांता गोयल एवं अयोध्यादेवी गुप्ता का शॉल, श्रीफ ल और स्वागत दुपट्टे से सम्मान किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति गोयल एवं मीडिया प्रभारी वीणा गोयल ने वरिष्ठजनों का सम्मान किया। समाजजनों ने हर्षोल्लास के साथ आगामी कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं, वरिष्ठजनों ने सभी को आशीर्वाद देकर मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। 403

रबी सीजन पर मंडराया संकट, लखुंदर डैम में नर्मदा का पानी लाने किसानों ने खोला मोर्चा



शाजापुर। इस साल मानसून की बेरुखी ने जिलेभर के के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। ऐसे में अल्पवर्षा के कारण मक्सी के जीवनदायिनी माने जाने वाले लखुंदर डैम में भी पर्याप्त जलभराव नहीं हो सका है, जिससे रबी सीजन में सिंचाई और पेयजल का भारी संकट खड़ा हो गया है। इसी चिंता के चलते गुरुवार को बड़ी संख्या में लामबंद हुए किसानों ने प्रशासन का दरवाजा खटखटाया और डैम में नर्मदा का पानी छोड़ने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम मनीषा वास्कले को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि लखुंदर डैम से निकलने वाली नहरों पर ही आसपास के दर्जनों गांवों की खेती निर्भर करती है। डैम में पानी कम होने से इस बार रबी की फसल की बुवाई और सिंचाई बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है। इसलिए समस्या के स्थायी समाधान को लेकर नर्मदा-क्षिप्रा लिंक परियोजना की पाइपलाइन के जरिए लखुंदर डैम तक पानी पहुंचाया जाए। किसानों का तर्क है कि इससे न केवल सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा, बल्कि कम बारिश से खरीफ की फसल में हुए नुकसान की भी काफी हद तक भरपाई हो सकेगी। साथ ही किसानों ने दस दिनों में समस्या हल नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

अब नवरात्रि में भी डीजे से दूरी की अपील, पुलिस ने प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया आयोजकों का उत्साह

■ नियमों का पालन करने वाली उत्सव समितियां सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



त्योहारों में परंपरा के साथ अनुशासन और आमजन की सुविधा का ध्यान रखने वाली गणेश उत्सव समितियों को अकोदिया पुलिस ने सम्मानित किया। गणेशोत्सव के दौरान शासन के निर्देशों का पालन करते हुए विसर्जन जुलूस में डीजे नहीं बजाने वाली समितियों को पुलिस ने पुष्पमाला पहनाकर प्रशस्ति पत्र दिए। अब पुलिस ने आगामी नवरात्रि और दशहरा पर्व पर भी इसी तरह सहयोग करने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय और एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख के निर्देशन में गणेशोत्सव से पहले शांति समिति की बैठक में आयोजकों से डीजे का उपयोग नहीं करने, प्रतिमा स्थापना स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और 24 घंटे दो स्वयंसेवक तैनात रखने की अपील की गई थी। अकोदिया में समितियों ने इन निर्देशों का पालन किया। अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन जुलूस में डीजे का उपयोग नहीं किया गया, वहीं प्रतिमा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ स्वयंसेवकों की तैनाती भी की गई। इसी सहयोग के लिए 8 अक्टूबर को थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में गणेश उत्सव समितियों का सम्मान किया गया। बैठक में एसडीओपी निमेष देशमुख, थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत, नायब तहसीलदार घनश्याम लोहार, नगर परिषद और विद्युत विभाग के प्रतिनिधियों सहित आयोजन समितियों के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। 402

अमावस्या पर नर्मदा नदी में 25 हजार श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव

सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर शनिवार को नेमावर में नर्मदा घाटों पर भारी भीड़ उमड़ी। सुबह स्नान शुरू होते ही घाटों पर भीड़ बढ़ी। सुबह 8 बजे तक करीब 25 हजार श्रद्धालु नर्मदा में स्नान कर चुके थे। शाम तक यह संख्या 75 हजार तक पहुंचने का अनुमान है।

मध्य प्रदेश समेत महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात से श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने पितरों के लिए तर्पण और पूजा की। मान्यता है कि इससे पितरों को शांति मिलती है।

सुरक्षा के लिए घाटों पर बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस और होमगार्ड के जवान गहरे पानी में जाने से रोक रहे हैं। नावों से भी निगरानी है। एडिशनल एसपी सौम्या जैन और एसडीओपी आदित्य तिवारी ने बताया, सुरक्षा के लिए 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी और 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे तैनात हैं।

भीड़ और वाहनों के दबाव को देखते हुए अलग-अलग वाहनों के लिए पार्किंग स्थल तय किए गए हैं। भारी वाहनों की पार्किंग सातताला रोड पर, चार पहिया वाहनों की पार्किंग गुराड़िया फाटा के आगे निर्धारित स्थान पर तथा दोपहिया वाहनों के लिए निजी स्कूल मैदान और आसपास के क्षेत्र में व्यवस्था की गई है। प्रमुख मार्गों पर नो-व्हीकल जोन और आवश्यकतानुसार यातायात डायवर्शन लागू किया गया है।

प्रशासन ने की व्यवस्था

एसडीएम राजेंद्र पंवार सहित प्रशासनिक अमला नेमावर में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहा है। नगर परिषद की ओर से पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, कंट्रोल रूम, टेंट, महिलाओं के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम और मयार्दा कक्ष की व्यवस्था की गई है। कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह भंडारे भी लगाए गए हैं।



गायत्री परिवार ने किया आयोजन

सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर प्रज्ञा कुंज आमला में सामूहिक तर्पण

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा जिले के नलखेड़ा क्षेत्र में सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर शनिवार को प्रज्ञा कुंज आमला में पितरों के तर्पण का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम गायत्री परिवार द्वारा आयोजित किया गया।

सुबह 9 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए परिजनों ने अपने पूर्वजों को याद किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और इष्ट-मित्रों के नाम से भी तर्पण कर श्रद्धांजलि दी।

पूजन सामग्री गायत्री परिवार द्वारा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोग अपने साथ पूजन पात्र और धोती लाए थे। राधेश्याम गामी, रामेश्वर गोठी और छतर सिंह भगत ने बताया कि इसका मकसद पितरों को याद कर उनके प्रति आभार जताना था।

घर में सो रही महिला का मंगलसूत्र लूटने वाला गिरफ्तार

शाजापुर। जिले के सुनेरा में घर में सो रही महिला के गले से मंगलसूत्र लूटने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 2.40 लाख रुपए का सोने का मंगलसूत्र और वारदात में इस्तेमाल 1 लाख रुपए की मोटरसाइकिल जब्त की है। मामले में दो आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस के मुताबिक, 17 सितंबर 2026 की रात ग्राम सुनेरा में बदमाश घर के एक कमरे की कुंडी तोड़कर अंदर घुसे थे। उन्होंने सो रही महिला के गले से मंगलसूत्र लूटा और फरार हो गए। शिकायत पर सुनेरा थाने में बीएनएस की धारा 309(4) और 331(3) के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोपियों पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। पुलिस के अनुसार, 8 अक्टूबर की रात सूचना मिली कि एक संदिग्ध काले रंग की मोटरसाइकिल से बोलाई की तरफ से शाजापुर आ रहा है। पुलिस ने लाहोरी बर्डे रोड पर घेराबंदी कर होकमसिंह पिता फूलसिंह कंजर, निवासी देवड़ा कंजर डेरा को पकड़ लिया।

पटवारियों का धरना तीसरे दिन भी जारी, काले कपड़े पहने किया विरोध

■ 5 पटवारियों की सेवा समाप्ति के विरोध में आंदोलन

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर-मालवा में पांच परिवीक्षाधीन (प्रोबेशनर) पटवारियों की सेवा समाप्त करने के विरोध में पटवारियों का प्रदर्शन शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। पटवारियों ने काले कपड़े पहनकर अपना विरोध जताया और नारेबाजी करते हुए बर्खास्त किए गए पटवारियों को वापस काम पर लेने की मांग की। इस प्रदर्शन में महिला पटवारी भी बढ़-चढ़कर शामिल हुईं।

यह पूरा विवाद स्वामित्व योजना से जुड़ा है। योजना के तहत अधिकार अभिलेखों के काम में लापरवाही बरतने के आरोप में प्रशासन ने पांच पटवारियों को नौकरी से निकाल दिया था। पटवारी संघ का कहना है कि मैदानी स्तर पर आ रही व्यावहारिक समस्याओं को हल करने के बजाय सीधे सेवा समाप्ति की एकतरफा कार्रवाई कर दी गई, जो बिल्कुल गलत है। संघ की मांग है कि बर्खास्तगी का आदेश तुरंत वापस लिया जाए।

पटवारियों के इस आंदोलन को एनएसयूआई के अंकुश भटनागर और भारतीय मजदूर संघ ने भी अपना समर्थन दिया है।

पटवारी संघ ने साफ कर दिया है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पटवारियों ने चेतावनी दी है कि जल्द सुनवाई न होने पर वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

मांग पूरी न होने की स्थिति में जिले भर में राजस्व से जुड़े सभी कामों का पूरी तरह बहिष्कार किया जाएगा, जिससे लोगों के सरकारी काम अटक सकते हैं।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में वोकल फॉर लोकल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



शाजापुर। स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालकृष्ण शर्मा नवीन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला व्यापार उद्योग केंद्र शाजापुर के सहयोग से ह्यवोकल फॉर लोकलह्य विषय पर गुरूवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति चेतना जगाना था। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर मीनू गिडवानी ने स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर ही हम देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने दैनिक जीवन में स्थानीय कारीगरों और उद्योगों द्वारा निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र शाजापुर के महाप्रबंधक प्रकाश इंदौरे, सहायक प्रबंधक ऋषिकांत ठाकुर एवं सहायक ग्रेड-3 भरत वास्कल मौजूद रहे। इन अधिकारियों ने भी स्वदेशी उत्पादों के आर्थिक एवं सामाजिक महत्व को रेखांकित किया और विद्यार्थियों को स्वरोजगार व स्थानीय व्यवसायों को सपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ह्यवोकल फॉर लोकलह्य थीम पर आधारित एक अत्यंत प्रभावी और ऊर्जावान नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने बहुत ही सरल और रोचक ढंग से संदेश दिया कि कैसे स्थानीय उत्पादों को अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।

टीबी उन्मूलन में शाजापुर की बड़ी उपलब्धि, 153 पंचायतें हुईं सम्मानित



शाजापुर। जिले ने टीबी मुक्त भारत के संकल्प की दिशा में एक शानदार मिसाल पेश की है। टीबी उन्मूलन अभियान के तहत जमीनी स्तर पर बेहतरीन काम करने वाली शाजापुर की 153 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के सम्मान से नवाजा गया है। कलेक्टर ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में गुरूवार को आयोजित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत समारोह में 153 पंचायतों को पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट प्रयासों के आधार पर 20 पंचायतों को गोल्ड, 41 को सिल्वर और 92 पंचायतों को ब्रॉन्ज सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि टीबी को जड़ से खत्म करना केवल स्वास्थ्य विभाग ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व है। उन्होंने नागरिकों से लक्षण दिखने पर तुरंत जांच और इलाज पूरा करने की अपील की। इस अवसर पर जन-जागरूकता फैलाने और मरीजों तक सुलभ इलाज पहुंचाने के लिए युवाओं व स्वयंसेवकों की एक नई जोश टीम का भी शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उमेश टेलर भी मौजूद रहे।

एमडी तस्कर नेटवर्क का खुलासा : 4 मामलों के 9 आरोपी पकड़ाए, करीब 100 ग्राम ड्रग और देशी कट्टा जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में पुलिस ने ह्यऑपरेशन प्रहारह्न के तहत एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाले नेटवर्क का खुलासा किया है। चार अलग-अलग मामलों में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से करीब 100 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक, ड्रग्स की खेप राजस्थान से मध्यप्रदेश के आगर जिले तक पहुंचती थी। यहां से इसे देवास और आसपास के इलाकों में पेडलरों के जरिए बेचा जाता था। पुलिस अब राजस्थान में ड्रग्स के स्रोत और देवास में इसे खरीदने वालों की तलाश कर रही है।

चार कार्रवाइयों में सामने आई नेटवर्क की कड़ियां

पुलिस के अनुसार, 4 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस ने अंबेडकर नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास इमरान पठान और रेहान उर्फ मंसूरी को पकड़ा। उनके पास से 34.78 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। पूछताछ में ड्रग्स आगर जिले के युसुफ खान से मिलने की जानकारी सामने आई।

इसी दिन होमगार्ड लाइन स्थित सीवरेज पंपिंग स्टेशन के पास स्वयं उर्फ विशु पुजारी को पकड़ा गया। उसके पास से 17.04 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस मिला।

4 अक्टूबर को ही नागदा-रसूलपुर रोड पर बंद कांच फैक्ट्री के पास से राजेश मालवीय उर्फ राजा को 15.71 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, 6 अक्टूबर को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने टुमनी रेलवे ओवरब्रिज के पास न्यू बायपास रोड से राजकुमार गांगुली को 13.49 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा।

पुलिस ने चारों मामलों में कुल 9 आरोपियों की गिरफ्तारी बताई है। इनमें आगर निवासी युसुफ खान सहित देवास के अलग-अलग क्षेत्रों के आरोपी शामिल हैं। हालांकि, पुलिस की जारी जानकारी में सभी आरोपियों की भूमिका और उनके बीच सप्लाई के संबंधों का पूरा ब्योरा नहीं दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि इमरान के खिलाफ 8, स्वयं उर्फ विशु के खिलाफ 7, राजकुमार गांगुली और राजेश मालवीय के खिलाफ 4-4 और शाहरुख के खिलाफ 7 पुराने अपराध दर्ज हैं।

मुख्य सप्लायर और खरीदारों की तलाश

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उनसे ड्रग्स के स्रोत, सप्लाई के रास्तों और नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि राजस्थान से आगर तक ड्रग्स की खेप कौन पहुंचाता था और वहां से देवास तक सप्लाई में किन लोगों की भूमिका थी।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवीन जिला कार्यालय का शुभारंभ

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे ने फीता काटकर किया उद्घाटन, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार रहे मौजूद

दैनिक अवन्तिका » गुना



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला गुना के नवीन जिला कार्यालय का शुभारंभ गत दिवस हनुमान चौराहा स्थित आईडीबीआई बैंक के सामने, शुभम होटल के पास किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर संभाग के संगठन प्रभारी डॉ. निशांत खरे ने फीता काटकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार का गरिमामयी सानिध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। नवीन कार्यालय के शुभारंभ पर अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति ने उपस्थित होकर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में मीडिया पैनलिस्ट विकास जैन नखराली, जिला कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव, एल्डरमैन सुनील सोनी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री अशोक खरे, पवन खटीक, जिला मंत्री शिवा चौधरी, सह कार्यालय मंत्री गोलू अहिरवार सहित आरोन की टीम मौजूद रही। इसके अलावा लखनलाल पंथ, प्रताप जाटव, लखपत सिंह पंत तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं विभिन्न मंडलों के कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। नवीन जिला कार्यालय के शुभारंभ को संगठनात्मक गतिविधियों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस कार्यालय के माध्यम से मोर्चे की बैठकें, संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय तथा जनसेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी। नवीन कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों का भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र बड़कुल अहिरवार ने सम्मान कर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि नया कार्यालय संगठन को अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के साथ जनसेवा के कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के अंत में संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया गया।

बीड़ में गाली-गलौज कर मारपीट, दो आरोपियों पर केस

खंडवा। मूंदी थाना क्षेत्र की बीड़ चौकी अंतर्गत शांतीनगर में एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी रोहित गीर (25) निवासी शांतीनगर, बीड़ ने पुलिस को बताया कि 8 अक्टूबर की सुबह करीब 7:30 बजे विजेस गीर और सुनीता बाई, दोनों निवासी शांतीनगर, ने उसके साथ अश्लील गाली-गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। डीएसआर के अनुसार, आरोपी फरार हैं।

चांचौड़ा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी गया 8 लाख रुपये का ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद



गुना। जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चांचौड़ा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने करीब 8 लाख रुपये कीमत का चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका एक अन्य साथी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 3 अक्टूबर 2026 की रात चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम आशाखेड़ी चक निवासी राधेश्याम मीना का आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 08 जेडबी 0254 अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गए थे। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 336/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की। इसी दौरान 8 और 9 अक्टूबर की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का ट्रैक्टर-ट्रॉली गोया रोड से होते हुए राजस्थान ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना पर बीनागंज चौकी पुलिस ने गोया रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास घेराबंदी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित एक संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान देवेन्द्र मीना (18 वर्ष), निवासी ग्राम सागर, थाना चांचौड़ा, जिला गुना के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर लिया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज लोधी सहित पुलिसकर्मियों और साइबर सेल की टीम का सराहनीय योगदान रहा। फ़िलहाल पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

124 पूर्व ब्यूरोक्रेट्स बोले- चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा रखें हमने वोट धांधली का दौर देखा है

नई दिल्ली। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल समेत 124 पूर्व नौकरशाहों ने भारत की चुनावी प्रक्रिया के समर्थन में देश की जनता के नाम लेटर लिखा है।पूर्व राजदूतों और रिटायर्ड ड्ब्स् अधिकारियों ने लिखा, हम यह पत्र इसलिए लिख रहे हैं, क्योंकि आजकल हमारे चुनावों के लिए बिना किसी सबूत के 'धांधली' शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस शब्द को बार-बार दोहराने से लोकतंत्र में लोगों का वह भरोसा कमजोर होता है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि सर्वे नम्बर 372/2/1 रकबा 0.600 हेक्टर, सर्वे नम्बर 372/2/2 रकबा 0.490 हेक्टर, सर्वे नम्बर 373/1/2/1/2/1 रकबा 0.1838 हेक्टर कुल किता 3 कुल रकबा 1.2738 हेक्टर स्थित ग्राम जैथल तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को अमित जैन पिता श्री शांतिलालजी जैन, निवासी 30, वर्धमान नगर सेंटपाल स्कूल के पास, उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अत: इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधि वित उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 10-10-2026

दिलीप कुमार जैन एडवोकेट
डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
मो. 94250 92749

सभी को रिहा करो, वरना अनशन करूंगा, सोनम वांगचुक, 24 घंटे का अल्टीमेटम

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में कई नेताओं की कथित गिरफ्तारी को लेकर सोनम वांगचुक ने सरकार को अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर सरकार आज शाम तक सरकार इन सभी गिरफ्तारियों को खत्म नहीं करती हैं, तो वह दिल्ली या लेह में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने वीडियो जारी कर बताया कि वह दिल्ली में चल रहे प्रदर्शन से दूर क्यों हैं? शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कहा, आज मुझे जानकारी मिली है कि दिल्ली में वकील, पत्रकार, छात्र, नेताओं और सांसद समेत कई लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि मैंने एक दिन पहले लोगों से अनुरोध किया था कि प्रदर्शन के दौरान शांति बनाए रखे। ऐसे में मुझे लग रहा है था दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति तो दी ही जाएगी।

सोनम वांगचुक ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, वर्तमान की हालत देखकर लग रहा है कि जैसे देशभर में अघोषित आपातकाल लगी है।सोनम वांगचुक ने सरकार को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम वांगचुक ने गिरफ्तारियों की निंदा करते हुए कहा, मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि आज शाम तक इन सब गिरफ्तारियों को खत्म कर दिया जाए और मामलों को सुलझाया जाए। उन्होंने सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर ये सभी गिरफ्तारियां नहीं हटाई गईं, तो मैं भी एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर सकता हूं। यह प्रदर्शन दिल्ली या लेह में हो सकता है। हालांकि वांगचुक ने स्पष्ट किया कि मुझे उम्मीद है कि सरकार इन मसलों को बातचीत के जरिए सुलझाएगी और हमें इस तरह के कोई कदम उठाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

सीता स्वयंवर और परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का हुआ मंचन

गुना। सार्वजनिक श्री रामलीला एंव दशहरा पर्व समिति पुरानी मंडी गुना के तत्वावधान में चल रही रामलीला के चौथे दिवस की लीला में सीता स्वयंवर और लक्ष्मण परशुराम संवाद का मंचन किया गया। मिथिला के राजा जनक की ओर से आयोजित सीता स्वयंवर में लंकापति रावण और वाणासुर समेत दूसरे राजा धनुष नहीं उठा सके तो सभा में सन्नाटा छा गया। राजा जनक ने कहा कि यह पृथ्वी वीरों से हीन हो गई है। राजा जनक की यह बात सुनकर लक्ष्मण क्रोध से आगबबूला होकर बोले जहां रघुवंश का एक भी व्यक्ति मौजूद हो वहां इस तरह की बातें नहीं की जातीं। यदि गुरु की आज्ञा पाऊं तो पूरे ब्राह्मांड को उठाकर कच्चे घडे की तरह फोड डालूं तब लक्ष्मण को राम शांत करते हैं। इसके बाद गुरु विश्वामित्र ने श्रीराम को राजा जनक का संताप दूर करने के लिए धनुष उठाने के लिए भेजा। भगवान राम के द्वारा उठते ही धनुष टूटा पंडाल में बैठे दर्शकों ने जय श्रीराम के जोरदार जयकारे लगाए। उधर, शिव धनुष टूटते ही धनुष भंग की प्रचंड ध्वनि सुन कर शिव भक्त परशुराम अत्यधिक क्रोधित होकर जनक दरबार में आते है। तब भगवान श्री राम शांति और विन्रम भाव से परशुराम से कहते है की शिवजी का धनुष तोडने बाला आपका ही कोई दास होगा परशुराम जवाब देते है की सेवक वह होता है जो सेवा करे जिसने शिव धनुष तोडा है। वह साहस्त्रबाहु के समान मेरा शत्रु है तब लक्ष्मण मुस्कुराते है और व्यंग करते हुये कहते है बचपन में ऐसे धनुष बहुत तोडे है तब किसी ने क्रोध नहीं किया। भगवान परशुराम ने राम के शांत स्वभाव और स्वरूप को पहचान कर क्षमा प्रार्थना कर तपस्या को चले जाते है। इस मौके पर कथा समिति सयोजक गोविन्द सोनी, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष रामदयाल कुशवाह, सचिव विजय पटेरिया, कोषाध्यक्ष अतिवीर जैन, निर्देशक पुरुषोत्तम धाकड, मिडिया प्रभारी योगेश लोधा, अनिल जैन (रूपश्री), डॉ अनिल जैन, प्रमोद अग्रबाल, ब्रजेश राठौर, दीपक सोनी, दामोदर शर्मा (शिक्षक) कलाकारों में महावीर जैन, हरवीर धाक?, जमना लाल कुशवाह, रघुवीर ओझा, वैभव भार्गव, रूद्र भार्गव, रमेश जैन, घनश्याम रघुवंशी, राम सिंह धाकड, रवि केवट, विराट केवट, कुलदीप भार्गव, चिरंजी लाल लोधा, दिनेश सेन, ओम यादव, अरविंद जैन, चंपालाल कुशवाह, श्रगार कर्ता मनोज, व्यास गादी पर शम्भू दयाल शर्मा, ढोलक सुनील शर्मा, आदि उपस्थित रहे। आज की लीला में राम विवाह का बहुत ही सुंदर लीला का मंचन किया जाएगा।

जाहिर सूचना का प्रतिवाद

यह कि, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन, दिनांक 02-10-2026 के दैनिक समाचार-पत्र दैनिक अंवतिका के पेज क्रमांक-08 राजकुमार प्रजापत के माध्यम से परवेज खान पिता इदरीश खान ने ग्राम-उण्डासा, तहसील-उज्जैन, जिला-उज्जैन में स्थिति कृषि सर्वे क्रमांक-753/1/1/2 रकबा 0.389 हेक्टयर को विक्रय जाने के संबंध में जाहिर प्रकाशित करवाई है, उक्त सर्वे क्रमांक जैसी कोई राजस्व विभाग द्वारा करवाये गये सर्वे अनुसार प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर मौके पर स्थित नही है तथा पूर्व से कैलाशचन्द्र राठौर विरुद्ध आर. के. डेव्लहपर्स के प्रकरण क्रमांक-721 ए/2024 विचाराधीन है तथा उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर के समक्ष विचाराधीन रिट याचिका क्रमांक-21526/2025 श्रीमती अंशु आदि विरुद्ध कैलाशचन्द्र राठौर में कमिश्नर, उज्जैन के आदेश दिनांक 23 अप्रैल-2025 के विरुद्ध आदेश दिनांक 16-7-2025 अनुसार स्टे है तथा मेरे पक्षकार मां भीमेश्वरी डेवकॉन प्राइवेट लिमिटेड़, द्वारा-डायरेक्टर तरुण कौशिक द्वारा प्रस्तुत वाद क्रमांक-221/2023 में विविध अपील क्रमांक-41/2023 में आदेश दिनांक 23-12-2025 अनुसार अस्थाई निषेधाधा माननीय द्वितीय जिला न्यायाधीश महोदय, उज्जैन के न्यायालय से जारी है। पूर्व में भी लीलाबाई आदि ने उक्त भूमि जो कि मौके पर स्थित नही है, उसे कैलाशचन्द्र राठौर से कपट-संधि करते हुये, विक्रय-पत्र के माध्यम से विक्रय किया जाना बताते हुये उक्त ग्राम कृषकों की भूमि को हड़पने और उन्हें ब्लैंक मेल करने के उद्देश्य के कैलाशचन्द्र राठौर के माध्यम से प्रकरण क्रमांक-721ए/2024 का वाद स्वयं को पक्षकार बनवाते हुये करवाया और दिनांक 28-12-2024 को गौरव गौदावत, अधिवक्ता के माध्यम से जाहिर सूचना दैनिक अंवतिका समाचार पत्र में प्रकाशित करवाई और दिनांक 01-01-2025 के माध्यम से कैलाश राठौर ने उक्त जाहिर सूचना का खण्ड़न करवाया, जिसमें मेरे पक्षकार की जानकारी अनुसार लीलाबाई आदि को उक्त भूमि अन्य व्यक्ति / संस्था को विक्रय करने से रोका गया है। किन्तु ग्राम-उण्ड़ासा के सर्वे क्रमांक-753, 754, 755 के भूमिस्वामी को ब्लैंक मैल कर अवैध उद्देश्यों की पूर्ति हेतु दिनांक 02-10-2026 को असत्य एवं निराधार अनुबंध के माध्यम से फर्जी तौर पर सर्वे क्रमांक-753/1/1/5 रकबा 0.389 की भूमि मौके पर बताते हुये जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया है, जो स्पष्ट रुप से माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश की अवज्ञा की श्रेणी में आता है। अत: इस जाहिर सूचना के प्रतिवाद के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त श्रीमती लीलाबाई आदि और कैलाश राठौर व अन्य के मध्य कपट संधि और आपसी आपराधिक षड़यंत्र के पालन में प्रकाशित जाहिर सूचना से भ्रमित होकर किसी भी प्रकार से न्यायालीन आदेश के अपालन ना करें। दिनांक 10-10-2026

(सीताराम मदरोसिया) एड्व्होकेट
46, देसाई नगर कॉलोनी (कम्युनिटी हॉल के पास)
उज्जैन, जिला-उज्जैन
मो. 94240-14069, 98262-21039

अमेरिकी चुनाव से पहले डीजल महंगा

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूसी डीजल खरीदने पर लगी रोक 7 अप्रैल 2027 तक हटा दी है। अब अमेरिका रूस से डीजल खरीद सकेगा। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिए थे।यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब ईरान जंग के बाद अमेरिका में डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। फिलहाल वहां डीजल करीब 6.28 डॉलर प्रति गैलन बिक रहा है, जबकि जंग से पहले इसकी कीमत करीब 3.70 डॉलर थी।अमेरिका में 3 नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने हैं। ऐसे में ईंधन की बढ़ती कीमतें ट्रम्प प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। कीमतें कम करने के लिए ट्रम्प तेल और डीजल की सप्लाई बढ़ाने जैसे कदम उठा रहे हैं।हालांकि, इस फैसले पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इससे रूस को पैसा मिलेगा, जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ करेगा।

मणिपुर में हिंसा भड़की, 5 की मौत, घर जलाएं

कामजोंग। मणिपुर के कामजोंग और उखरुल में शनिवार को हथियारबंद गुटों के बीच हुई झड़पों में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हालांकि पूर्व सीएम बीरेन सिंह का दावा है कि 7 लोग मारे गए हैं, वहीं एक पुलिस स्टेशन जला दिया गया है। नगा-बहुल कामजोंग के कुकी-बहुल चसाड गांव में 22 साल के एक युवक और 42 साल की एक महिला की मौत हो गई। महिला को गोली मारी गई थी। उसकी हत्या के बाद शुक्रवार रात से कुकी और नगा हथियारबंद गुटों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई, जो शनिवार सुबह तक जारी रही। इस दौरान 10 घरों में आग भी लगा दी गई। फरवरी में मणिपुर में दोबारा शुरू हुई हिंसा की घटनाओं से लेकर अब तक करीब 40 लोगों की मौत हो चुकी है।

इलॉन मस्क को कंगना रनोट का जवाब

नई दिल्ली। अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनोट ने इलॉन मस्क और भारत में स्टारलिंक को लाइसेंस में देरी पर चल रही बहस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अभिनेता और राज्यसभा सांसद कमल हासन के बयान का समर्थन किया। कंगना ने सोशल मीडिया एक्स' पर हासन की टिप्पणी की तारीफ की। कमल हासन ने कहा था कि भारत किसी का गुलाम नहीं है। कोई अरबपति नहीं, जनता भारत की नीतियां तय करेगी। इस पर कंगना ने मस्क पर तंज कसा, ओह! यह तो चुभ गया होगा। बहुत अच्छी बात कही और इसे अच्छी तरह समझाया। तीखा, सटीक और व्यंग्यात्मक।

अमेरिका में अंधाधुंध फायरिंग बच्चों समेत 9 की मौत

पेनसिल्वेनिया। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य में शुक्रवार शाम हुई अंधाधुंध फायरिंग में बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध हमलावर भी मृत मिला। आशंका है कि उसने खुद को गोली मारी। घटना एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर हुई। अमेरिकी न्यूज चैनल के मुताबिक, 24 सितंबर तक इस साल अमेरिका में मास शूटिंग की 343 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इन घटनाओं में 320 से ज्यादा लोगों की मौत हुई।

सिंगवासा तालाब पर गला रेतकर हत्या की गई

गुना। कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगवासा तालाब पर गला रेतकर हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले से गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पहचान 33 वर्षीय नब्बू उर्फ नवीन गोस्वामी के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 9 अक्टूबर 2026 की रात सूचना मिली थी कि सिंगवासा तालाब की पार पर मंदिर के पीछे एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां एक व्यक्ति खून से लथपथ मृत अवस्था में मिला, जिसके गले पर गंभीर घाव थे। मृतक की पहचान नब्बू उर्फ नवीन गोस्वामी, निवासी पठार मोहल्ला, हनुमंता मंदिर के पास, गुना के रूप में हुई। मौके पर घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए और जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

बलराम कृषि महोत्सव का हाल, कुर्सी खाली

शाजापुर। मध्य प्रदेश में सरकार भले ही कृषक कल्याण वर्ष-2026 और बलराम कृषि महोत्सव के जरिए किसानों के कल्याण के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन शाजापुर कृषि उपज मंडी में हुआ नजारा कुछ और ही कहानी बयां कर रहा है। यहां महोत्सव के नाम पर मंच पर तो बड़े-बड़े नेता और दिग्गजों का जमावड़ा दिखा, लेकिन पंडाल में किसानों की जगह खाली कुर्सियां ही तालियां बजाती नजर आईं! कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। उनके साथ स्थानीय विधायक अरुण भीमावत, जिला अध्यक्ष रवि पांडे और पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाड़ा जैसे कई दिग्गज नेता भी मौजूद रहे। तामझाम और वीआईपी मौजूदगी पूरी थी, लेकिन जब बात किसानों की भीड़ जुटाने की आई, तो सारे प्रशासनिक दावे फुस्स साबित हुए। हाल यह था कि पंडाल की आधे से ज्यादा कुर्सियां खाली पड़ी थीं और सन्नाटा पसरा हुआ था। खाली कुर्सियों को देख कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और कृषि विभाग के कर्मचारियों के हाथ-पांव फूल गए। फिर क्या था, अपनी नौकरी और रिपोर्ट बचाने के लिए साहब लोग खुद मैदान में उतर गए। किसानों को हाथ जोड़कर, समझा-बुझाकर और लगभग पकड़-पकड़ कर कुर्सियों पर बैठाते नजर आए।

PRATHAM COLONY
by
MAHAMANGAL INFRA
दूसरी व तीसरी किश्त जमा करने की सूचना
समस्त आवंटित भूखण्ड धारकों, निवेशकों व प्रापर्टी एडवाइजरों को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार फर्म "महामंगल इन्फ्रा कार्यालय पता-ए-102 फर्स्ट फ्लोर, सी-21 रेस-कॉम, नानाखेडा उज्जैन म.प्र. द्वारा ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन में विकसित "प्रथम कॉलोनी" में जिन भूखण्ड धारकों, निवेशकों व प्रापर्टी एडवाइजरों द्वारा भूखण्ड आवंटित करवाये है उन सभी की दूसरी व तीसरी किश्त का भुगतान मेरी पक्षकार फर्म के कार्यालय में सूचना दिनांक से 7 दिवस तक कर दिया जावें अन्यथा उक्त भूखण्ड को निरस्त कर राशि फारफीट कर ली जावेगी तथा मेरी पक्षकार फर्म उक्त भूखण्ड को अन्य को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र रहेगी। सूचित हो।
इति दिनांक 11-10-2026
महेंद्र मालवीय
(एड्वोकेट)
कार्यालय: ऑफिस नंबर 143 फर्स्ट फ्लोर, सी-21 रेस-कॉम, नानाखेडा, उज्जैन

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा
मुख्य अभियंता/ प्रोक्योरमेंट, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर द्वारा तथा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना संख्या CPCWCR-07-2026, CPCWCR-08-2026, CPCWCR-10-2026, CPCWCR-11-2026 दिनांक 06.10.2026 के विरुद्ध ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा बंद होने की तिथि 02.11.2026 को 15:00 बजे होगी। निविदाकर्ता केवल निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ प्रस्तुत कर सकेंगे। उपर्युक्त निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने वाला कोई भी मैनुअल ऑफर अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदा निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जाएगी। **(1) निविदा क्रमांक:** CPCWCR-07-2026, **दिनांक:** 06.10.2026 **कार्य का नाम एवं स्थान:** वेस्ट सेंट्रल रेलवे के कोटा डिवीज़न की रामगंजमंडी-भोपाल नई BG रेल लाइन परियोजना के तहत, राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों में घाटोली स्टेशन और बियावरा स्टेशन के बीच बचे हुए काम (जैसे ड्रेन और टो वॉल बनाना), कटिंग एरिया की सुरक्षा के काम और अन्य विविध सिविल इंजीनियरिंग के काम पूरे करना। **अनुमानित लागत:** ₹26,55,30,328.81/- **बयाना राशि:** ₹ 53,10,700/- **पूर्णता अवधि:** 06 माह मानसून सहित **(2) निविदा क्रमांक:** CPCWCR-08-2026, **दिनांक:** 06.10.2026 **कार्य का नाम एवं स्थान:** सिधी-सिंगरौली नई BG रेल लाइन प्रोजेक्ट के तहत सिधी-गोंडावली सेक्शन में स्टाफ क्वार्टर (गजराही, बाहरी, देवसर और गोंडावली स्टेशन पर) का निर्माण; ओवरहेड और अंडरग्राउंड पानी की टंकी, पानी की सप्लाई और डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन (प्लंबिंग, बोरवेल, हैंड पंप, ड्रेनेज, सीवरेज और सेप्टिक टैंक के साथ सैनिटरी काम सहित); बाउंड्री वॉल, सड़क का काम और अन्य विविध काम; साथ ही बड़े / छोटे पुलों, ऊंचे तटबंध ढलान की सुरक्षा, और उन जगहों पर RCC टो वॉल/गैबियन वॉल जैसे सुरक्षा कार्य जहां पानी अलाइनमेंट के समानांतर बहता है (रामपुर नाइकेन से सिधी के बीच)। **अनुमानित लागत :** ₹85,57,49,295.24/- **बयाना राशि:** ₹ 1,71,15,000/- **पूर्णता अवधि:** 18 माह मानसून सहित **(3) निविदा क्रमांक:** CPCWCR-10-2026, **दिनांक:** 06.10.2026 **कार्य का नाम एवं स्थान :** सागर नेहरू कॉलोनी में 28-यूनिट (टाइप-II-24 यूनिट, टाइप-III-4 यूनिट) क्वार्टरों की भारी मरम्मत का कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹3,12,91,194.34/- **बयाना राशि:** ₹ 6,25,900/- **पूर्णता अवधि:** 08 माह मानसून **(4) निविदा क्रमांक:** CPCWCR-11-2026, **दिनांक:** 06.10.2026 **कार्य का नाम एवं स्थान:** WCR के निर्माण प्रोजेक्ट्स में ट्रैक-बेस्ड रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार) की सप्लाई, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग-105 नग। **अनुमानित लागत:** ₹10,92,57,325.20/- **बयाना राशि:** ₹ 21,85,200/- **पूर्णता अवधि:** 60 माह मानसून **ई-निविदा बंद एवं खोलने की तिथि/समय:** टेंडर नं. 1, 2, 3 व 4 के लिए - दिनांक 02/11/2026 को 15.00 बजे बंद एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ताओं को अपनी बोली IREPS वेबसाइट के माध्यम से https://ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रस्तुत करना आवश्यक है। निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी परिवर्तन शुद्धिपत्र की जानकारी प्राप्त करने के लिए IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in को नियमित रूप से देखते रहें। इस निविदा के लिए निविदा प्रपत्र के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदंड लागू होगें।
(हस्ता.)
उप मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट), मुख्या/निर्माण, प.म.रे., जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
संख्या : W/623/5/1/NIT दिनांक: 09.10.2026
ई-टेंडरिंग नोटिस
मण्डल रेल प्रबंधक /मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम ने वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है - **क्र. सं.: 1. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-112. कार्य का नाम**: RTM-Cleaning of water storage PVC, RCC,Cement overhead/under ground tank for three years i.e. 2023-2026 Balance work. **अनुमानित लागत**: रु 38,54,468.72. **बयाना राशी**: रु 77,100/-. **कार्य की समापन अवधि**: 36 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 09.10.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 05.11.2026.
क्र. सं.: 1. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-113. कार्य का नाम: RTM Division - Execution of various works under - **1)** Civil wok in c/with -Ratlam - Provision of automatic coach washing plant at proposed coaching depot. **2)** Ratlam - Provision of store and C&W room at PF-2 including improvement to STR and terminating facility at RTM and UJN Stations. **अनुमानित लागत**: रु 96,69,658.98. **बयाना राशी**: रु 1,93,400/-. **कार्य की समापन अवधि**: 09 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 09.10.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 05.11.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता तर्तें एवं अन्य शर्तें वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। AK/5/1/294
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

न्यूज-कॉलम

नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

मन्दसौर। सफाई मित्रों की हड़ताल समाप्त होने के बाद मंदसौर नगर में सफाई व्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड क्र. 12 के जिला जेल के सामने मुख्य मार्ग और कैलाश मार्ग सहित कई प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित सफाई दरोगाओं को कचरे के त्वरित उठाव तथा मुख्य मार्गों और चौराहों की साफ-सफाई को प्राथमिकता देने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नपा सभापति दीपमाला मकवाना और क्षेत्रीय पार्षदगण भी उपस्थित रहे।

स्कूली छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

पिपलिया मंडी। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में आज स्वास्थ्य विभाग की टीम और विद्यालय में संचालित उमंग उज्जवल तथा हेल्थ केयर विभाग के द्वारा विद्यालय के छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर काउंसलिंग करके विभिन्न प्रकार की जानकारी से अवगत करवाया गया.. स्वास्थ्य विभाग पिपलिया मंडी से डॉक्टर प्रतिभा भाबर आयुष मेडिकल ऑफिसर, मंजू पिछोलिया महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मधुकांता शर्मा एएनएम एवं मंजूलता जगावत उमंग काउंसलर के द्वारा छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य एवं मन मानस में स्वच्छंद विचारों की आवृत्ति हेतु छात्रों को अपनी मनःस्थिति के विभिन्न प्रकार के आयामों बारे में उम्दा जानकारी प्रदान की गई इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्री बी.आर. सिसोदिया द्वारा छात्रों को व्यवहारिक जीवन में आने वाली कठिनाइयां एवं तात्कालिक परिस्थितियों से जागरूक रहकर अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर अध्ययन करने एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छंद विचारों के साथ समझने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।

रतलाम जिले में अवैध पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध

रतलाम। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बृजेन्द्र रावत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी कर रतलाम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में कार्बाइड गन सहित अवैध संशोधित पटाखों के निर्माण, आयात, भंडारण, विक्रय प्रदर्शन, वितरण एवं उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति संस्था व्यापारी अथवा पटाखा निमार्ता या विक्रेता लोहे धातु एवं पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ या कैल्शियम कार्बाइड भरकर अत्यधिक ध्वनि एवं धमाका उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखों (कार्बाइड गन) का निर्माण आयात भंडारण विक्रय प्रदर्शन वितरण अथवा उपयोग नहीं करेगा।

शासकीय मंदिरों की जमीनों पर दबंगों के कब्जे से पुजारियों में आक्रोश

रतलाम। जिले के शासकीय एवं प्राचीन मंदिरों की अति कीमती भूमियों पर भू-माफियाओं और दबंगों के बढ़ते अवैध कब्जों को लेकर राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ एवं अखिल भारतीय पुजारी संघ ने मोर्चा खोल दिया है। प्रेस वार्ता में पुजारियों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। आलम यह है कि वहां धूप, दीप, आरती और प्रसाद तक का खर्च निकालना दूभर हो गया है। नियमानुसार इन मंदिरों की देखरेख और व्यवस्था की जिम्मेदारी क्षेत्र के तहसीलदार और एसडीएम की है, लेकिन वे कभी मौके पर जाकर निरीक्षण तक नहीं करते। धामनोद का उदाहरण देते हुए संघ ने आरोप लगाया कि वहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मंदिर तथा मंदिर की भूमि पर कब्जा कर रखा है। भू-माफियाओं और स्थानीय दबंगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे मंदिरों की कृषि भूमियों का अवैध दोहन कर रहे हैं और विरोध करने पर पुजारियों पर अत्याचार किया जा रहा है। पुजारियों ने बताया कि पूर्व में कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

श्री कालिका माता मेले का 11 अक्टूबर को होगा भव्य शुभारंभ

मेले में प्रतिदिन रात्री में आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

श्री कालिका माता मंदिर परिसर में 11 से 20 अक्टूबर तक लगने वाले 10 दिवसीय श्री कालिका माता नवरात्रि मेले का भव्य शुभारंभ 11 अक्टूबर को मेला परिसर स्थित निगम रंगमंच पर सांय 7 बजे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री म.प्र. शासन माननीय श्री चेतन्य काश्यप, सांसद, रतलाम-झाबुआ अलीराजपुर श्रीमती अनिता-नागरसिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य, महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता, पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा के विशेष आतिथ्य, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप कुमार गांधी, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामू भाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, क्षेत्रिय पार्षद द्वय श्रीमती स्मिता माहेश्वरी, योगेश पापटवाल व पार्षद तथा एल्डरमेन की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया जायेगा।

सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी श्री धर्मेन्द्र व्यास ने बताया कि नगर निगम द्वारा आयोजित 10 दिवसीय श्री कालिका माता नवरात्रि मेले व सांस्कृतिक मंच का स्वरूप भव्य होगा। प्रतिदिन निगम रंगमंच पर रात्रि में गरिमामयी साहित्यीक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जावेगी। मेले की गरीमा को ध्यान में रखकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन किया गया है।

व्यास ने बताया कि निगम रंगमंच पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत 11 अक्टूबर रविवार को सांय 7 बजे मेला शुभारंभ तथा शुभारंभ पश्चात निगम रंगमंच पर श्री कालिका माता सेवा मण्डल ट्रस्ट की बालिकाओं द्वारा गरबा नृत्य व भक्ति-संगीत तथा उत्सव का कार्यक्रम, 12 अक्टूबर सोमवार को स्थानीय कलाकारों की आर्केस्ट्रा, 13 अक्टूबर मंगलवार को प्रसिद्ध भजन गायक गायिकाओं का सुर संगम, 14 अक्टूबर बुधवार को डांसिंग नाईट, 15 अक्टूबर गुरूवार को सेलिब्रिटी नाईट, 16 अक्टूबर शुक्रवार को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन, 17 अक्टूबर शनिवार को प्रसिद्ध भजन गायक की भजन संध्या, 18 अक्टूबर रविवार को भक्ति संध्या, 19 अक्टूबर सोमवार को लाईव बैण्ड आर्केस्ट्रा, 20 अक्टूबर मंगलवार को दशहरे पर नेहरू स्टेडियम (पोलोग्राउण्ड) में आर्कषक आतिषबाजी, ब्रासो बैंड की धुन के साथ रावण दहन किया जायेगा साथ ही बरबड़ मेला परिसर में आकर्षक आतिशबाजी व रावण दहन किया जायेगा।

महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप कुमार गांधी, क्षेत्रिय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य अक्षय संघवी, विशाल शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती प्रीति कसेरा, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, मनोहर लाल राजू सोनी, रामू भाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, अक्षय संघवी, सामान्य प्रशासन समिति सदस्य परमानन्द योगी पंडित, बलराम भट्ट, श्रीमती कविता चौहान, श्रीमती धीरजकुवंर-किशोरसिंह राठौर, श्रीमती प्रीति-संजय कसेरा, श्रीमती कविता-सुनील महावर, श्रीमती मनीषा-विजयसिंह चौहान, राजस्व समिति सदस्य रणजीत टांक, योगेश पापटवाल, श्रीमती निशा-पवन सोमानी, श्रीमती स्मिता-राजेश माहेश्वरी, श्रीमती अनिता-वसावा, श्रीमती भावना-हितेश पैमाल, श्रीमती उमा-रामचन्द्र डोई एवं समस्त पार्षद एवं एल्डरमेन ने नागरिकों से अपील की है कि मेला शुभारंभ एवं श्री कालिका माता नवरात्रि मेले मे प्रतिदिन रात्रि में निगम रंगमंच पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक की संख्या में उपस्थित रहकर आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनावें।

संयुक्त राष्ट्र संघ में बंशीलाल गुर्जर ने लहराया भारत की कूटनीति का परचम

श्री गुर्जर ने न्यूयॉर्क में देश का पक्ष पूरी मजबूती के साथ रखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



भारतीय राजनीति और किसान आंदोलन से जुड़े एक आम कार्यकर्ता का सफर किस प्रकार वैश्विक फलक तक पहुंच सकता है, इसका जीवंत उदाहरण भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने प्रस्तुत किया है।

हाल ही में, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय न्यूयॉर्क में आयोजित 81वें संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा से जुड़े भारतीय संसदीय प्रतिनिधि मंडल के कार्यक्रमों में भारत का नेतृत्व किया।

5 अक्टूबर से 9 अक्टूबर के बीच न्यूयॉर्क में आयोजित विभिन्न बैठकों और कार्यक्रमों में श्री गुर्जर ने देश का पक्ष पूरी मजबूती के साथ रखा। उनके इस दौरे की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके हुई। इसके पश्चात उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि द्वारा आयोजित ब्रीफिंग में हिस्सा लिया, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के साथ संवाद किया तथा प्रशासनिक एवं बजटीय समिति की बैठक में भारत का आधिकारिक वक्तव्य दिया।

मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के एक छोटे से गांव लालघाटी के सरपंच पद से राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले श्री गुर्जर ने अपनी मेहनत और निष्ठा के बल पर जनपद, जिला पंचायत, मंदसौर कृषि मंडी अध्यक्ष और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जैसे पदों की सीढ़ियां चढ़ते हुए संसद और अब अंतरराष्ट्रीय मंच तक अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। अप्रैल 2024 से राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यरत श्री गुर्जर ने संसदीय क्षेत्र में भी अपनी सक्रियता और उपस्थिति का लोहा मनवाया है।



राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता ग्वालियर संभाग ने जीती, उज्जैन रहा उपविजेता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिला शिक्षा विभाग द्वारा हॉकी टर्फ मैदान पर आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय हॉकी (14 वर्ष बालक) प्रतियोगिता ग्वालियर संभाग ने उज्जैन संभाग को 3-1 से हराकर अपने नाम की। इस प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग उपविजेता तथा सागर संभाग तीसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह में मंदसौर विधायक विपिन जैन, हॉकी फेडरेशन क्लब अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट, और लोक शिक्षण भोपाल के ऑब्जर्वर देवेंद्र बाथम सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पदक, शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।विशेष रूप से, जिला कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने शासकीय बालक उत्कृष्ट छात्रावास में ठहरी विभिन्न संभागीय टीमों के खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और भोजन, आवास तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) लखनऊ द्वारा 8 से 12 दिसंबर तक अंडर-14 बालक वर्ग की राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी भी मंदसौर जिला प्रशासन को सौंपी गई है।



सरस्वती शिशु मंदिर का 2 दिवसीय शैक्षणिक टूर ओंकारेश्वर एवं इंदौर में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी

नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की दो दिवसीय शैक्षणिक यात्रा आनंद के साथ संपन्न हुई! शैक्षणिक यात्रा दिनांक 8 अक्टूबर गुरुवार को पिपलिया मंडी से प्रारंभ हुई! रात्रि में सरस्वती शिशु मंदिर सनावद की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं से भैया बहिन परिचित हुए! सनावद विद्यालय के समिति प्रबंधन प्राचार्य जी एवं आचार्य परिवार के द्वारा भैया बहिनो के रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई! इसके पश्चात ब्रह्म नाद के साथ टूर प्रारंभ हुआ! सर्वप्रथम भैया बहिनो ने ओंकारेश्वर मे भगवान शिव जी के भव्य ज्योर्तिलिंग के दर्शन किए एवं मां नर्मदा की परिक्रमा एवं भगवान ममलेश्वर के दर्शन कर अभिभूत हुए! प्रातः कालीन अल्पाहार सरस्वती शिशु मंदिर सनावद एवं दोपहर कालीन भोजन ओंकारेश्वर में हुआ इसके बाद शैक्षणिक टूर इंदौर के लिए प्रस्थान हुआ!भैया बहिनो ने इंदौर में पित्र पर्वत हनुमान जी के दर्शन किए! एवं वहाँ के महत्व को जाना! हर एक समूह से एक भैया बहिन ने अपने अनुभव सभी के सम्मुख साझा किये! भैया बहिनो का रात्रि का भोजन पित्र पर्वत पर ही हुआ! विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रकाश धाकड़ द्वारा चिड़ियाघर का महत्व राजवाड़ा का महत्व एवं ओंकारेश्वर की पूरी व्याख्या भैया बहिनो को बताई गई! इस यात्रा में पशुपतिनाथ यात्रा संघ के संचालक श्री अभिषेक वैष्णव का एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा! आभार प्रधानाचार्य श्रीमती मीना वैष्णव ने किया।

रात्रिकालीन बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलन -सिसोदिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मल्हारगढ़



क्षेत्र में लगातार हो रही रात्रिकालीन बिजली कटौती को लेकर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री परशुराम सिसोदिया के नेतृत्व में मल्हारगढ़ विद्युत विभाग के डीई श्री उइके से मुलाकात कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने रात्रि के समय की जा रही बिजली कटौती को तत्काल बंद करने की मांग करते हुए विभाग को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी आम जनता के हित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि रात्रिकालीन बिजली कटौती के कारण आम नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय बिजली बंद होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और गर्मी एवं उमस के बीच आमजन को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, किसानों को भी बिजली आपूर्ति में अनियमितता के कारण समस्याएं हो रही हैं।

प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री परशुराम सिसोदिया ने कहा कि बिजली आम जनता की मूलभूत आवश्यकता है। सरकार और विद्युत विभाग की जिम्मेदारी है कि नागरिकों को नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बिना उचित कारण के रात्रि के समय बिजली कटौती करना आमजन की परेशानियों को बढ़ाना है। विभाग को जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की समस्याओं को लेकर चुप नहीं बैठेगी। यदि रात्रिकालीन बिजली कटौती पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई और बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वार उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग के अधिकारी से मांग की कि रात्रिकालीन बिजली कटौती तत्काल बंद कर क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों, किसानों और व्यापारियों को राहत मिल सके।

उन्होंने ने स्पष्ट किया कि जनता को राहत दिलाना उसकी प्राथमिकता है और जनहित के मुद्दे पर कांग्रेस सड़क से लेकर प्रशासन तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश कांग्रेस सचिव पूर्व विधानसभा प्रत्याशी परशुराम सिसोदिया,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा, ब्लाक कांग्रेस अल्प संख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष हाजी माजिद पठान, पिपलिया मंडी नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उनियारा, पार्षद दिलीप तिवारी, कांग्रेस नेता गोपाल भारती उपस्थित थे।

कलेक्टर व एसपी ने भादवामाता मेला परिसर का निरीक्षण कर जायजा लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



जिले के प्रसिद्ध धार्मिक आस्था केंद्र महामाया मां भादवामाता मंदिर में नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्किंग, सीसीटीवी कैमरे, दर्शन कॉरिडोर, एलईडी स्क्रीन एवं प्रकाश व्यवस्था का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंदिर में प्रवेश एवं निर्गम की व्यवस्था व्यवस्थित रखने के साथ ही पर्याप्त पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं।

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी करने तथा मंदिर तक आने वाले मार्गों पर सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस बल को सतर्कता बरतने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री पराग जैन, सीएसपी श्री किरण चौहान, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि महामाया मां भादवामाता मंदिर मालवा की वैष्णो देवी के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि के दौरान यहां जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक दर्शन उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

न्यूज कालम



पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मनाया संजा लोकपर्व

मन्दसौर। मालवा की प्राचीन लोक संस्कृति, प्रकृति से जुड़ाव और पारंपरिक मान्यताओं को संजोए रखने के उद्देश्य से मंदसौर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के हिंदी विभाग और सृजन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में लोकपर्व संजा पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।शुभारंभ पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. टी.के. झाला ने मालवा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता लोधा ने संजा पर्व के सांस्कृतिक महत्व और लोकगीतों पर प्रकाश डाला, जबकि सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा जैन ने इस लोकपर्व के संरक्षण में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। संस्कृत प्राध्यापक डॉ. अनिल आर्य ने भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में संजा पर्व की प्रासंगिकता समझाई। कार्यक्रम का संचालन तनीषा धाकड़ ने किया तथा आभार सृजन क्लब के अध्यक्ष नरेश व्यास ने व्यक्त किया।

इनरव्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट रैली स्नेह धारा का हुआ ऐतिहासिक आयोजन



मन्दसौर। मंदसौर में इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर के आतिथ्य में 42वीं भव्य डिस्ट्रिक्ट रैली स्नेहधारा का आयोजन सफलता के साथ संपन्न हुआ। मध्य प्रदेश के लगभग 25 से 30 जिलों से पधारे पदाधिकारी और सदस्यों के महासंगम ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन आरती जैन की मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस रैली में सदस्यों की छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए कई आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान इंटरनेशनल थीम पर आधारित रैंप वॉक, च्कबाड़ से जुगाड़ज यानी च्बेस्ट आउट ऑफ वेस्टज प्रतियोगिता, और बचपन की थीम पर आधारित मनमोहक समूह नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इस वृहद आयोजन की सफलता का श्रेय अध्यक्ष सोनम मेहता, सेक्रेटरी सुरक्षा चौधरी, रैली कन्वीनर प्रज्ञा पारिक, रैली प्रेसिडेंट आरती पारिक, रैली सेक्रेटरी अनीता तलेरा और रैली ट्रेजरर मेघा पोरवाल सहित पूरी च्टीम स्नेहधाराज की कुशल कार्यप्रणाली को जाता है।

अग्रसेन जयंती और आज का युवा: समाज से जुड़ने की आवश्यकता

नीमच। अग्रसेन जयंती समाज के संस्थापक, परम प्रतापी, समाजवाद के प्रणेता और अहिंसा के पुजारी महाराज अग्रसेन की स्मृति में 5150 वीं जयंती 11 अक्टूबर को मनाई जाएगी। महाराज अग्रसेन ने एक ऐसे आदर्श समाज की स्थापना की थी जहां ऊंच-नीच, अमीर-गरीब का कोई भेद नहीं था। उनका सबसे प्रसिद्ध सिद्धांत था–"एक रुपया और एक ईंट"। इसका मतलब था कि जब भी कोई नया व्यक्ति उनके नगर (अग्रोहा) में आकर बसता था, तो नगर का हर निवासी उसे एक रुपया और एक ईंट देता था। ईंट से वह अपना घर बनाता था और रुपयों से अपना व्यापार शुरू करता था। यह आज के आधुनिक युग में सामाजिक सुरक्षा और समाजवाद का सबसे बेहतरीन उदाहरण है।आज के समय में जब हम अग्रसेन जयंती मनाते हैं, तो सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आज के आधुनिक, तकनीक से घिरे और व्यस्त युवा वर्ग को समाज से कैसे जोड़ा जाए? आज का युवा सामाजिक सरोकारों से दूर होता जा रहा है। ऐसे में महाराज अग्रसेन के विचार उन्हें सही राह दिखा सकते हैं। युवाओं को समाज से जोड़ने के लिए प्रयास किए जा सकते हैं।

आयुष्मान योजना अंतर्गत निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को नहीं मिल रहा भोजन

मन्दसौर। आयुष्मान योजना के अंतर्गत निजी चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर सख्त मॉनिटरिंग और कार्रवाई की मांग उठाई है। अपने पत्र में उन्होंने बताया है कि आयुष्मान योजना के नियमों के अनुसार निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को डाइट पैकेज के अंतर्गत ही दोनों समय का भोजन, चाय और दूध दिए जाने का प्रावधान है, जिसके लिए मरीज को अलग से कोई भुगतान नहीं करना होता है, लेकिन यह देखने और सुनने में आ रहा है कि कई निजी चिकित्सालय इस योजना के तहत पैकेज में शामिल भोजन व नाश्ता मरीजों को नहीं दे रहे हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. इसे गंभीरता से लेते हुए पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि राज्य सरकार और भारत सरकार की मंशा के अनुरूप निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत भर्ती मरीजों को समय पर भोजन और नाश्ता अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के लिए सख्त निर्देश जारी किए जाएं और इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए।



अंधेरे में नीमच के गांव, सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगी कांग्रेस

नीमच। जिले के ग्रामीण अंचल में रात होते ही गांव अंधेरे में डूब रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती ने किसानों और ग्रामीणों का धैर्य अब पूरी तरह तोड़ दिया है। विद्युत विभाग की मनमानी और तानाशाहीपूर्ण कार्यप्रणाली जनता को आक्रोशित होकर सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर रही है। इसी को लेकर जिला कांग्रेस नीमच ने जनता के पक्ष में सड़क पर उतरेगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने विभाग को अंतिम चेतावनी देते हुए स्पष्ट कहा है कि स्थिति में तत्काल सुधार नहीं हुआ तो चरणबद्ध उग्र आंदोलन की शुरूआत की जाएगी। -चरणबद्ध आंदोलन का एलान,पहले गांव-गांव पुतला दहन, विधायकों व विद्युत मंडल घेराव और आमरण अनशन जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने बताया की कांग्रेस अब चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत कर रही है।



गायत्री परिवार ने किया भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

बड़नगर। अखिल विश्व गायत्री तीर्थ गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्ग दर्शन में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी उज्जैन जिले की बड़नगर तहसील में ₹भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट बड़नगर के प्रमुख ट्रस्टी शिवकांत पांडेय द्वारा बताया गया कि बड़नगर तहसील के 36 स्कूलों में इस परीक्षा का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इसमें 3143 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सभी शालाओ के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। इसमें छात्र छात्राओं के अभिभावकों ने भी अपने बच्चों को प्रेरित किया। साथ ही गायत्री परिवार के उमाशंकर मेहता, सुभाष गुप्ते, ओम प्रकाश भाटी, का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी गायत्री परिवार के परीक्षा संयोजक हितेश सोनी द्वारा दी गई।

हिंगलाज माता मंदिर में ज्योति व घट स्थापना आज

बड़नगर। प्राचीन हिंगलाज माता



मंदिर रंगारसेरी पर आगामी नवरात्रि की तैयारी जोर शोर से चल रही है। मंदिर पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि नवरात्रि की शुरूआत 11 अक्टूबर से चित्रा नक्षत्र में हो रही है। श्रीमद् भागवत की मान्यता के अनुसार रविवार से नवरात्र प्रारंभ होने के कारण मां दुर्गा का वाहन हाथी रहेगा। हाथी पर सवार होकर देवी मां का आगमन देश, प्रदेश मे सुख समृद्धि, आर्थिक प्रगति और कल्याण का सूचक माना जाता है। साधना और उपवास करने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह नवरात्र विशेष फलदाई सिद्ध होगी। हिंगलाज माता मंदिर में 11 अक्टूबर को प्रातः के शुभ मुहूर्त में घट स्थापना एवं ज्योति प्रज्वलित की जाएगी।

सारथी युवा मंडल मोड़ी ने किया सैनिक प्रजापति का सम्मान



सुसनेर। शुक्रवार को सेवा मेरा योगदान अभियान अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था सारथी युवा मंडल मोड़ी द्वारा गांव मोड़ी निवासी भारतीय सेना में जामनगर गुजरात में सेवा दे रहे वीर सैनिक पुरूषोत्तम प्रजापति को साफा बांध शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। वीर सैनिक श्री पुरूषोत्तम प्रजापति ने भी सेना के अनुभव साझा कर संवाद किया।इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री अश्वनी डावर , प्रीतम जैन, सेल्समैन राहुल कुशवाह , सारथी युवा मंडल मोड़ी के अध्यक्ष जगदीश परमार आदि उपस्थित रहे।

फोटो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

महिदपुर। थाना महिदपुर पुलिस ने बालिका को फोटो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी शुभम सिंह चौहान (21), निवासी चितावद को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे उपजेल महिदपुर भेज दिया गया। कार्रवाई थाना प्रभारी अशोक पाटीदार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत छात्रों ने सफाई की

बडौद। शासकीय महाविद्यालय बड़ौद में राष्ट्रीय सेवा संकल्प अभियान के चलते महाविद्यालय में गति विधियां संचालित है' जिसमें साफ सफाई अभियान कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर कि सफाई विद्यार्थियो ने की ' प्रभारी डॉक्टर रीना पाटीदार ने स्वच्छ वातावरण बनाये रखने के उपाय बताये ' परिसर की सफाई मे विद्यार्थियो के साथ समस्त स्टॉफ ने सहयोग किया।

सुसनेर नगर परिषद में एवजी प्रथा का खेल

वेतन ले रहे असली कर्मचारी, मैदान में झाड़ू लगा रहे डमी मजदूर, हादसा हुए तो जिम्मेदार कौन ?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



प्रदेश को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के दावों के बीच स्थानीय नगर परिषद सुसनेर से एक चौंकाने वाला और नियम-विरुद्ध मामला सामने आया है। नगर की सड़कों, गलियों और नालियों को साफ रखने के लिए तैनात कई मूल सफाई कर्मचारी खुद ड्यूटी से नदारद हैं। उन्होंने सरकारी नियमों को ताक पर रखकर अपनी जगह निजी तौर पर एवजी स्थानापन्न या डमी कर्मचारियों को काम पर लगा रखा है। पूरा वेतन मूल कर्मचारियों के खातों में जा रहा है, जबकि मैदान में पसीना बहाने वाले इन गरीब मजदूरों को सिर्फ चंद रुपयों की दिहाड़ी देकर टरकाया जा रहा है। यह खेल ऐसे समय में चल रहा है। जबकि ई-अटेडेंस के माध्यम कर्मचारियों को उपस्थिती देने का नियम लागु किया गया है। नगर परिषद सुसनेर में वर्तमान में 23 सफाई कर्मचारी नियमित तो 52 सफाई कर्मचारी अस्थाई कार्यरत है। इन कर्मचारियों से में से कई कर्मचारी कभी डयूटी पर आते ही नहीं है। इनकी जगह एवजी के रूप में अन्य लोग कार्य कर रहे है। सबसे चौकाने वाली बात यह है कि यह सब नगर परिषद के अधिकारियों की जानकारी में होने के बाद भी वे इस मामले में कोई कदम नहीं उठा रहे है।

सूत्रों से मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार नगर परिषद के कुछ नियमित और अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने सरकारी नौकरी को अपना निजी व्यवसाय बना लिया है। ये कर्मचारी सुबह उपस्थिति में अपनी हाजिरी दर्ज करवाते हैं या मेंट से लगवा लेते हैं और फिर गायब हो जाते हैं। इसके बाद उनके हिस्से का काम करने के लिए वार्डों में वे गरीब और जरूरतमंद लोग पहुंचते हैं, जिनका नगर परिषद के रिकॉर्ड से कोई लेना-देना नहीं है। मूल कर्मचारियों को मिलने वाले मोटे वेतन का एक छोटा सा हिस्सा इन एवजीदारों को थमा दिया जाता है। इस तरह बिना काम किए मूल कर्मचारी घर बैठे मोटी सरकारी पगार तोड़ रहे हैं।

कोई बीमा या कानूनी सुरक्षा नहीं- सफाई कार्य के दौरान विशेषकर गहरे गंदे नालों या मुख्य मार्गों पर यदि किसी एवजी कर्मचारी के साथ कोई गंभीर दुर्घटना या अनहोनी हो जाती है तो कानूनी तौर पर उसका जिम्मेदार कौन होगा।

रिकॉर्ड में नाम ही नहीं- चूंकि परिषद के दस्तावेजों में इन डमी कामगारों का कोई वजूद नहीं है, इसलिए दुर्घटना होने पर इन्हें न तो कोई सरकारी मुआवजा मिल सकेगा और न ही इलाज का खर्च।

जिम्मेदार अधिकारियों पर उठ रहे सवाल

नगर के नागरिकों का आरोप है कि यह पूरा खेल बिना आंतरिक संरक्षण के मुमकिन नहीं है। सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए स्वच्छता प्रभारी के साथ मेट तैनात होते हैं। सुबह जब कर्मचारियों की फील्ड पर हाजिरी ली जाती है, तब यह क्यों नहीं देखा जाता कि काम करने वाला व्यक्ति वही है जिसके नाम पर रजीस्टर में दर्ज है। नागरिकों का कहना है कि इस घालमेल में नीचे से लेकर ऊपर तक मौन सहमति है।

इनका कहना

नगर परिषद में ऐवजी के रूप में कर्मचारी काम कर रहे हे इसकी जानकारी नहीं हे।अगर कोई कर्मचारी काम कर रहा हे तो उसके साथ अगर कोई घटना होती हे तो उसके जवाबदार हम नहीं है। **हरिओम शर्मा सीएमओ**

त्यौहारों की आहट: नवरात्रि और दशहरे को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

■ व्यावसायिक ढोलीडा गरबा पर जताई आपत्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



आगामी शारदीय नवरात्रि और दशहरा पर्व को लेकर शुक्रवार को पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार भंवर सिंह चौहान, थाना प्रभारी अनिल मालवीय और मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा मौजूद रहे।

इस दौरान नवरात्रि के धार्मिक आयोजनों, मूर्ति स्थापना महोत्सव, चुनर यात्रा और गरबा सहित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले व्यावसायिक ढोलीडा गरबा आयोजन को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई। इस विषय पर अपनी बात रखते हुए गरबा आयोजन मंदिरों और माता रानी के पंडालों में ही किए जाने की बात कही गई. उल्लेखनीय है कि इससे पहले विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से भी व्यावसायिक गरबा आयोजन पर आपत्ति जताते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था।

बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा धार्मिक आयोजनों को आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नवरात्रि आयोजन समितियों के सदस्य, पत्रकार और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बच्चों की प्रगति और भविष्य की रणनीतियों पर हुई चर्चा

अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड़



शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर में पैरेंट्स-टीचर मीटिंग (ढळट) का आयोजन हुआ। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया और अपने बच्चों की शैक्ष णिक व सह-शैक्षणिक प्रगति पर शिक्षकों के साथ चर्चा की।

समिति के सचिव कैलाश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य रामेश्वर परमार ने बताया बैठक के दौरान शिक्षकों ने रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से अभिभावकों को उनके बच्चों के बारे में जानकारी दी। साथ ही, कक्षा में बच्चों के व्यवहार, अनुशा सन और उनकी क्षमताओं को और बेहतर बनाने के तरीकों पर भी बातचीत की जिनमें शैक्षणिक प्रदर्शनः बच्चों के कमजोर और मजबूत विषयों की पहचान कर उन्हें सुधारने ,नियमित उपस्थितिः परीक्षाओं और भविष्य की तैयारी के लिये छात्रों की स्कूल में नियमित उपस्थिति पर जोर दिया गया। बैठक में अभिभावकों से सहयोग का अनुरोध किया गया समिति सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये शिक्षक और अभिभावक दोनों का मिल कर काम करें यह जरूरी है। प्राचार्य रामेश्वर परमार ने सभी उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया

किसानों और व्यापारियों को मिलेगी बड़ी राहत

आठ माह से बंद उदनखेडी कृषि उप-मंडी सोमवार से होगी शुरू



अतिरिक्त आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी

मंडी सचिव भिलाला ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 अक्टूबर से उदनखेडी उप-मंडी में खरीद-बिक्री का कार्य विधिवत शुरू कर दिया जाएगा। इस निर्णय से स्थानीय किसानों को दूर-दराज भटकने से मुक्ति मिलेगी और अतिरिक्त आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी।

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

उदनखेडी कस्बे में पिछले आठ महीनों से बंद पड़ी कृषि उप-मंडी आखिरकार आगामी सोमवार 12 अक्टूबर से पुनः शुरू होने जा रही है। उप-मंडी के बंद रहने से क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। दरअसल पहले उदनखेडी में उप-मंडी संचालित होने से किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए पचोर मंडी नहीं जाना पड़ता था और वे आसानी से यहीं अपनी उपज बेच लेते थे। हालांकि, कुछ व्यापारियों ने पचोर मंडी में शासन द्वारा बडा तोल कांटा लगाए जाने की मांग को लेकर मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपा था। व्यापारियों का कहना था कि जब तक तोल कांटा नहीं लगेगा, वे माल खरीदने नहीं आएंगे। कांटा न लगने और मंडी बंद रहने के कारण किसानों को 10 से 25 किलोमीटर दूर पचोर मंडी जाना पड रहा था, जिससे उनका परिवहन खर्च और समय दोनों ज्यादा लग रहा था। किसानों की इस समस्या को देखते हुए मंडी सचिव अम्बाराम भिलाला ने उच्च अधिकारियों से परामर्श किया और उदनखेडी उप-मंडी को पुनः शुरू करने का निर्णय लिया। 12

संजा बनाने वाली बालिकाओं का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



शुभांकर मानव सेवा संस्थान बड़नगर द्वारा विगत छह वर्ष से बालिकाओं द्वारा संजा पर्व को जीवित रखने के लिए सम्मान-पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। संजा श्राद्ध पक्ष में 16 दिन चलने वाला कुंवारी कन्याओं के लिए विशेष पर्व होता है।

संस्थान की डॉ. किरण मंडलोई ने बताया कि इन दिनों में बालिकाएं गाय के गोबर से इन दिनों विभिन्न आकृतियां घर की दीवारों पर बनाकर फूलों एवं पत्तियों से आकर्षक रूप से सजाती है एवं संध्या के समय आरती पूजन कर समूह में लोक संस्कृति,पारिवारिक रिश्तों एवं सामाजिक परिवेश को दशार्ते बड़े ही मधुर गीत गाती है।

इन सोलह दिनों में संजा बालिकाओं की सखी बन जाती हैं। सर्व पितृ अमावस्या पर अगले वर्ष पुनः आने का वादा कर संजा बाई अपने ससुराल पुनः लौट जाती हैं।

पुराने समय में इस पर्व का अपना अलग ही महत्व था,समय के साथ अब यह पर्व फीका पड़ता जा रहा है।वह दिन भी याद आ रहे है जब रामगीर वर्मा,सुभाष उपाध्याय एवं नंदकिशोर सविता की टीम किला मैदान में नवरात्रि मेला ग्राउंड पर संजा के इन कर्ण प्रिय गीतों को गाती थी,लोक कला का एक अलग ही माहौल देखने को मिलता था। इस वर्ष संजा बाई नगर से बेहतरीन यादें ले के विदा हो रही है।

शुभांकर मानव संस्थान संस्था द्वारा विगत 6 वर्ष से इस पर्व पर बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान-पत्र प्रदान करती रही है। इस वर्ष भी मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात की लगभग 500 से ऊपर बालिकाओं, महिलाओं को आन लाईन यह सम्मान संस्था द्वारा प्रदान किया जा चुका है। इस कार्य में संस्था निर्देशक नितेश जोशी एवं कार्यक्रम संयोजक प्रमोद पंचोली सहित संस्था के पदाधिकारी नवीन त्रिवेदी मुखिया,भावना जोशी,सनत जैन की विशेष भूमिका रही।

हाईकोर्ट के फैसले के श्रीराम मंदिर मामले में प्रशासनिक अमल का इंतजार

खाचरोद। श्रीराम मंदिर, राममोहल्ला, खाचरोद से जुड़े दशकों पुराने विवाद में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ द्वारा 25 अगस्त 2026 को दिए गए महत्वपूर्ण फैसले के बाद अब प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। न्यायालय ने अपने निर्णय में श्रीराम जी की मूर्ति को मंदिर एवं उससे जुड़ी चल-अचल संपत्तियों का पूर्ण स्वामी घोषित किया है तथा मंदिर के प्रबंधन को राजस्व विभाग के अधीन राज्य द्वारा संचालित बताया है। यह बात माहेश्वरी समाज खाचरोद के सचिव दिनेश गगरानी ने जारी प्रेस बयान में कही।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर अध्यापकों का आंदोलन स्थगित

■ प्रथम नियुक्ति दिनांक से मिलेगी वरिष्ठता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना



प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदेश के तीन लाभ अध्यापकों को मिलेगी अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की जिसमें तय किया गया , यह निर्णय अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की धरना स्थल नीलम पार्क भोपाल में आकर आज उज्जैन संभाग के क्रम में उपस्थित हजारों अध्यापक शिक्षक साथियों की उपस्थिति में कर्मचारी कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री रमेश चंद्र शर्मा ने करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री उज्जैन से है, आपको यह निर्णय आज उज्जैन संभाग के शिक्षक साथियों की उपस्थिति में करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता है कर्मचारियों के हित में सरकार एक बड़ा निर्णय लेने जा रही है। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ ने बताया कि भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और क्रमिक भूख हड़ताल को अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के 13 दिन आज उज्जैन संभाग के क्रम पर एक बड़ा कर्मचारी हित में निर्णय हुआ।

आज उज्जैन से क्रमिक भूख हड़ताल में सुश्री सुषमा खेमसरा दीदी, शेख मोहम्मद हनीफ, नागजीराम गांधी, भारती अरोरा उज्जैन, हजारीलाल चौहान देवास , भगवान सिंह मेवाड़ा शाजापुर गिरीश द्विवेदी भोपाल बैठे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्री जगदीश यादव सुषमा खेमसरा, शेख मोहम्मद हनीफ, डॉ कैलाश बारोड, गोकुल सिंह नागदीया, एवं प्रदेश भर के अनेक पदाधिकारी ने संबंधित किया।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने बताया कि 20 दिसंबर तक मांगे पूरी नहीं होने पर पुणे आंदोलन किया जाएगा।

ये धरने में शामिल हुए

आज भोपाल धरना प्रदर्शन में उज्जैन जिले की ओर से प्रमुख कमल देथलिया, विजेंद्र सिंह राठौड़, रामलाल थावलीय, सदाशिव रावल, दिनेश मेहता, ओम प्रकाश जोशी देवीलाल झाला मुन्नालाल मालविया अजय दोहरे, निलोफर खान प्रमिला पंचोली सहित सैकड़ो अध्यापक शिक्षक सम्मिलित हुए।



चौराहे पर मनमाने ढंग से वाहनों की पार्किंग से लगता रहता है जाम

बडौद। नगर में इन दिनों किसानों के द्वारा अपना मॉल माल मंडी में बेचने के लिए लाया जा रहा है जिससे मंडी के बाहर सड़क के दोनों ओर लंबी लाइन लग रही है जिसका असर नगर के सुभाष मार्ग, आलोट रोड चौराहा पर पड़ रहा है जिसमें एक तरफ अतिक्रमण दूसरी ओर सड़क किनारे वाहनों का खड़ा रहना और ऊपर से ट्रांसपोर्टर का मॉल ट्रैकों को बीच सड़क पर रोक कर मॉल उतारना इससे यातायात के हाल-बेहाल हो जाते हैं और जाम लग जाता है जिसमें पैदल निकलना भी दुश्वार हो जाता है और पुलिस को आकर यातायात को सुचारू करना पड़ता तब जाकर जाकर वहां वाहन निकल पाते है ऐसे में अगर कोई आकस्मिक कोई बीमार मरीज या आपात कालीन कोई कार्य हो जाय और जाम लग जाय तो क्या हाल होगा इस समस्या को शांति समिति की बैठक में कितनी ही बार उठाया गया लेकिन समस्या का हल नहीं हुआ। गुरुवार को भी दिन 3 बजे जाम लग गया जिसको पुलिस ने खुलवाया।

दुर्गा वाहिनी द्वारा संजा माता की महाआरती का आयोजन



महिदपुर। दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति महिदपुर द्वारा संजा माता की महाआरती का आयोजन दुर्गा वाहिनी प्रखंड संयोजिका लीना व्यास के निवास पर किया गया। सह संयोजिका प्रियंका व्यास द्वारा बताया गया कि गाय के गोबर से संपूर्ण किलाकोट की आकृति बनाकर प्रत्येक दिन शाम को संजा माता की आरती एवं लोकगीत का आयोजन भी किया जाता है यही नहीं इन गीतों में कई बालिकाओं के साथ मातृ शक्ति भी बढ़ चढ़ कर सहभागिता करती है निश्चित ही यह भारतीय संस्कृति के गौरव का विषय है। दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा लोक गीत संजा तू थारा घरे जा के पारंपरिक लोकगीत के साथ बिदाई दी गई। कार्यक्रम में मातृ शक्ति जिला संयोजिका रजनी गुलाटी सहसंयोजीका सरोज पोरवाल, अन्य मातृशक्ति कुसुम दशोरा, ममता शर्मा, कनक चौबे, रेखा चौबे, सुधा शर्मा, दीपिका कसेरा, निक्की कसेरा, सपना कसेरा, शोभा चौरसिया, मोनिका जायसवाल आदि उपस्थित रही। यह जानकारी दुर्गा वाहिनी प्रखंड संयोजिका लीना व्यास द्वारा दी गई।

साहित्य के सागर में डुबकियां लगाते रहे श्रोता



नागदा जंक्शन। मेहतवास में गजलकार यशवंत दीक्षित ह्यशङ्क के संयोजन में आयोजित काव्य संध्या में श्रोताओं ने कविता, गजल, गीत, दोहे और व्यंग्य की विविध प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुंदरलाल जोशी ह्यसूरजङ्ग थे, जबकि अध्यक्षता दोहा सम्राट हरचरण सिंह चावला ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणापाणी की वंदना से हुआ। स्वर कोकिला श्रीमती रेखा उपाध्याय ने मधुर कंठ से वंदना प्रस्तुत की। हास्य-व्यंग्य की फुलझड़ियों के साथ अशोक कुमार शर्मा ह्यमृदुलङ्ग ने काव्यात्मक अंदाज में संचालन किया। डॉ. सुरेंद्र मीणा ने अपने व्यंग्य बाणों से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। यशवंत दीक्षित ह्यशङ्क एवं कैलाश सोनी ह्यसार्थकङ्ग की गजलों ने समां बांध दिया। सुरेश रघुवंशी और निर्भय रघुवंशी के गीतों पर श्रोता झूम उठे। सुंदरलाल जोशी ह्यसूरजङ्ग के शृंगार रस से ओतप्रोत मुक्तकों तथा राकेश मिश्रा के गीतों को भी खूब सराहना मिली। हरचरण सिंह चावला के दोहों ने श्रोताओं को आध्यात्म की सरिता में डुबकियां लगवाईं। विशेष अतिथि संध्या विश्व एवं गोपाल सुनहरे की प्रस्तुतियों ने भी प्रभाव छोड़ा। अंत में यशवंत दीक्षित ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

लोकसंस्कृति का प्रतीक संजा माता पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



सारंगपुर। पितृपक्ष में मालवा की समृद्ध लोकसंस्कृति का प्रतीक संजा माता पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुंवारी कन्याएं सुयोग्य वर, परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर गोबर, फूलों, पत्तियों और चटकीले रंगों से संजा माता की कलात्मक आकृतियां बनाकर विधि-विधान से पूजन कर रही हैं। शहरी परिवेश के बीच पिछले 10 वर्षों से संजा बना रहीं स्थानीय कन्याओं का कहना है कि यह परंपरा हमें अपनी सांस्कृतिक जडों से जोडे रखने के साथ-साथ रचनात्मकता का सुंदर मंच प्रदान करती है। आधुनिकता के दौर में भी लोक परंपरा को जीवंत रखकर खुशी का अनुभव होता है। संजा हमारी लोक संस्कृति का एक अनमोल और अहम हिस्सा है। 22

माधुरी के शो में आने वाले थे नाना पाटेकर

निधन के बाद अब इस एक्ट्रेस की होगी एंट्री

शो 'कौन होनार करोड़पति' मराठी भाषा में प्रसारित होने वाला 'कौन बनेगा करोड़पति' का वर्जन है। नाना इसके खास एपिसोड में आने वाले थे। इसके लिए इस वीकेंड शूटिंग होनी थी। लेकिन जिंदगी कब क्या मोड़ ले ले, कोई नहीं जानता। गुरुवार को नाना पाटेकर के निधन की खबर ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को गमगीन कर दिया।



बता दें कि माधुरी दीक्षित और नाना पाटेकर ने साल 1998 में आई फिल्म 'वजूद' में साथ काम किया था। नाना पाटेकर के निधन के बाद माधुरी दीक्षित ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'एक महान कलाकार, दमदार व्यक्तित्व और ऐसी आवाज, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। नाना पाटेकर के जाने से फिल्म इंडस्ट्री ने एक अनमोल और दिग्गज अभिनेता को खो दिया है। उनके परिवार और करीबियों के प्रति मेरी दिल से संवेदनाएं। उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि।



अब शो में नजर आएंगी ये एक्ट्रेस

नाना पाटेकर के निधन के बाद अब सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' के प्रीमियर एपिसोड में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे नजर आएंगी। पहले इस खास एपिसोड में नाना पाटेकर आने वाले थे, लेकिन उनके निधन के बाद शो में बदलाव किया गया है।

'जब मेरे पास कपड़े...', शहनाज गिल ने शो में दिया इस प्रतियोगी को समर्थन

'बिग बॉस 13' की कंटेस्टेंट रह चुकीं अभिनेत्री शहनाज गिल ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया और बताया कि वह फिलहाल सलमान खान होस्टेड शो नहीं देख रही हैं। इसके साथ ही शहनाज ने यह भी बता दिया कि वो इस सीजन में किसे सपोर्ट कर रही हैं और क्यों।



शहनाज गिल ने क्या किया पोस्ट?


अभिनेत्री शहनाज गिल ने 'बिग बॉस 20' से माही विज का समर्थन किया है। उन्होंने याद किया कि 'बिग बॉस 13' के दौरान मुश्किल समय में माही उनके साथ खड़ी थीं। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए शहनाज ने लिखा कि वह आगे भी माही का समर्थन करती रहेंगी, चाहे वह 'बिग बॉस 20' में कैसा भी खेल खेलें।

'बिग बॉस 13' से पहचान बनाने वाली शहनाज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर नोट शेयर करते हुए लिखा, 'मैं बिग बॉस नहीं देख रही हूं, इसलिए मुझे नहीं पता कि माही कैसा खेल रही हैं, अच्छा या बुरा। लेकिन मैं फिर भी उनका समर्थन कर रही हूं। एक समय था, जब मेरे पास कपड़े तक नहीं थे॒ङ्क माही ने आगे आकर मेरी बहुत मदद की थी।'

माही को लेकर क्या बोलीं शहनाज?

शहनाज गिल ने लिखा, 'जब मैं हंसती थी, तो वह मेरे साथ हंसती थीं। जब मैं रोती थी, तो वह मेरे साथ रोती थीं। वह सच में बहुत साफ दिल की इंसान हैं। मैंने उनका यह रूप देखा है। इसलिए, वह घर के अंदर चाहे जैसा भी खेल खेलें, मैं हमेशा माही का समर्थन करूंगी।' माही विज को 'लागी तुझसे लगन' और 'बालिका वधू' जैसे टीवी शो में काम किया है। वह 'नच बलिए 5' और 'फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 7' जैसे रियलिटी शो में भी नजर आ चुकी हैं।

ग्रैमी अवॉर्ड्स की रेस में 'धुरंधर 2'



रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 ग्रैमी अवॉर्ड्स की रेस में शामिल हो गई है। फिल्म के साउंडट्रैक को कई कैटेगरी में जमा किया गया है। टी-सीरीज और स्टूडियोज फिल्म के संगीत और कई गानों के लिए कैंपेन चला रहे हैं। इसमें कंपोजर शाश्वत सचदेव के काम को प्रमुखता दी गई है। फिल्म को बेस्ट कम्पाइलेशन साउंडट्रैक फॉर विजुअल मीडिया समेत कई कैटेगरी में कैंपेन किया जाएगा। हालांकि, इन एंट्रीज से ग्रैमी नॉमिनेशन पक्का नहीं होता। शाश्वत सचदेव को 'उरी' के लिए बेस्ट बैकग्राउंड स्कोर और 'आर्टिकल 370' के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिल चुका है। शाश्वत सचदेव को 'उरी' के लिए बेस्ट बैकग्राउंड स्कोर और 'आर्टिकल 370' के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिल चुका है। कैंपेन में फिर से, आरी आरी और जाइए सजनाजैसे गाने शामिल हैं।

इससे फिल्म के संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने का मौका मिल सकता है। ग्रैमी नॉमिनेशन के लिए इन एंट्रीज को रिकॉर्डिंग एकेडमी के एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा करना होगा और फिर वोटिंग प्रोसेस से गुजरना होगा।

Sport

रोहित की टाइमिंग और धोनी की फिनिशिंग भी लेना चाहेंगे

कोहली का सबकुछ चुराना चाहते हैं

एजेंसी ▸▸ रांची

भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा अपने सीनियर विराट कोहली से उनका सबकुछ चुराना चाहते हैं। इतना ही नहीं, वे रोहित शर्मा से टाइमिंग और पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी से फिनिशिंग की स्किल लेना चाहते हैं। दरअसल, अभिषेक से दूसरे टी-20 से पहले भारत और वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ियों की स्किल चुराने पर सवाल पूछा गया। उनसे पूछा गया कि वे किस खिलाड़ी की कौन सी स्किल लेना चाहेंगे।

विराट कोहली का नाम आने पर अभिषेक ने हंसते हुए कहा, सबकुछ । उन्होंने युवराज सिंह की मैच जिताने की क्षमता, धोनी की मैच फिनिशिंग और रोहित शर्मा की टाइमिंग लेने की इच्छा जताई। विराट कोहली तीनों फॉर्मेट के बेहतरीन बल्लेबाज हैं। वे किसी भी परिस्थिति में ढलकर मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके पास टाइमिंग, एक्यूरेसी, धैर्य और आक्रामकता जैसी कई खूबियां हैं। इन्हीं के दम पर उन्होंने 28 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, अभिषेक के मेंटर युवराज सिंह रहे हैं। उन्होंने भारत को कई मैच जिताए हैं। 2011 वर्ल्ड कप के फाइनल में धोनी ने 91 रन की पारी खेली थी। युवराज सिंह उस वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। अभिषेक ने रोहित शर्मा की गेंद को टाइम करने की स्किल लेने की इच्छा भी जताई।



अभिषेक ने कहा कि वे क्रिस गेल की तीनों फॉर्मेट में खेलने की मानसिकता अपनाना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वे ड्वेन ब्रावो के सेलिब्रेशन से काफी प्रभावित होते हैं। कीरोन पोलार्ड का नाम आते ही अभिषेक ने पावर कहा।

विराट कोहली पर क्या बोले अभिषेक

विराट कोहली तीनों फॉर्मेट के बेहतरीन बल्लेबाज हैं। वे किसी भी परिस्थिति में ढलकर मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके पास टाइमिंग, एक्यूरेसी, धैर्य और आक्रामकता जैसी कई खूबियां हैं। इन्हीं के दम पर उन्होंने 28 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, अभिषेक के मेंटर युवराज सिंह रहे हैं। उन्होंने भारत को कई मैच जिताए हैं। 2011 वर्ल्ड कप के फाइनल में धोनी ने 91 रन की पारी खेली थी। युवराज सिंह उस वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। अभिषेक ने रोहित शर्मा की गेंद को टाइम करने की स्किल लेने की इच्छा भी जताई।



एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी से पाकिस्तान ने नाम वापस लिया

नई दिल्ली। भारत में 27 अक्टूबर से होने वाली एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2026 से पाकिस्तान ने नाम वापस ले लिया है। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव का हवाला देते हुए अपने मैच न्यूट्रल वेन्यू पर कराने की मांग की थी। भारत ने टूर्नामेंट को दूसरे देश में कराने से इनकार कर दिया। बांग्लादेश को 6 टीमों के इस टूर्नामेंट में शामिल किया गया है। प्रतियोगिता 5 नवंबर तक जालंधर और मोहाली में खेली जाएगी। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने एशियन हॉकी फेडरेशन से अपने मैच भारत से बाहर कराने का अनुरोध किया था।

ऑस्ट्रेलिया-ए ने इंडिया-ए को 69 रन से हराया

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया-ए ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में इंडिया-ए को 69 रन से हरा दिया। इसके साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 275 रन बनाए। इसके जवाब में इंडिया ए की टीम 45.2 ओवर में 206 रन पर सिमट गई। भारत के लिए रजत पाटीदार ने 67 रन बनाए। अनुकूल रॉय ने नाबाद 34 रन की पारी खेली, लेकिन दोनों पारियां टीम को जीत नहीं दिला सकीं। इंडिया ए के टॉप ऑर्डर में साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और कप्तान ऋतुराज गायकवाड नहीं चल सके।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

नैनो न्यूज

- **श्रेयस अय्यर रैंकिंग में सातवें स्थान पर-** भारतीय टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर आईसीसी की ताजा टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं।
- **पीवी सिंधु आर्कटिक ओपन क्वार्टर फाइनल में-** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने फिनलैंड में जारी आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
- **मोहन बागान ने जीता आईएफए शील्ड खिताब-** मोहन बागान सुपर जायंट ने ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर आईएफए शील्ड 2026 का खिताब अपने नाम किया। मुकाबले का निर्णायक गोल पहले हाफ के अंतिम चरण में आया।
- **भारतीय महिला फुटबॉल टीम रूस से हारी-** कोलकाता में खेले गए अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले में भारतीय महिला फुटबॉल टीम को रूस के खिलाफ 0-4 से हार का सामना करना पड़ा।
- **भारतीय टेबल टेनिस जोड़ी सेमीफाइनल में हारी-** भारत के मानव ठक्कर और मनुष शाह को डब्ल्यूटीटी चाइना स्मैश के पुरुष युगल सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय तीरंदाजों के कोच को 3 महीने से सैलरी नहीं

एशियन गेम्स में 3 गोल्ड दिलाया था; अमेरिकी कोच डेव ने देश छोड़ने की चेतावनी दी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के कंपाउंड तीरंदाजी टीम के मुख्या कोच डेव कजिन्स पिछले 3 महीने से सैलरी नहीं मिलने से नाराज है। मई में कंपाउंड आर्चरी प्रोग्राम की जिम्मेदारी संभालने वाले अमेरिकी कोच ने बकाया भुगतान नहीं होने पर देश छोड़कर जाने की चेतावनी दी है। आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भुगतान में देरी स्वीकार की है। दोनों संस्थाओं ने इसे तकनीकी समस्या बताया। साथ ही भरोसा दिलाया कि भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने जापान में खेले गए एशियन गेम्स के तीनों टीम इवेंट मेंस, विमेंस और मिक्स्ड में गोल्ड जीते। वहीं इंडिविजुअल इवेंट में एक ब्रॉन्ज भी मिला। इसके साथ ही उन्होंने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक-2028 के लिए इवेंट का पहला कोटा हासिल किया।



साउथ कोरिया को हराकर भारत ने हासिल किया ओलिंपिक कोटा

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों की एशियन गेम्स में सबसे बड़ी सफलता मिक्स्ड टीम इवेंट रहा। इस मुकाबले में साहिल जाधव और चिकिता तनीपार्थी की भारतीय जोड़ी ने साउथ कोरिया को शूट-ऑफ में हराकर गोल्ड मेडल जीता। निर्धारित चार एंड के बाद दोनों टीमों का स्कोर 157-157 से बराबर था। इसके बाद शूट-ऑफ में भारतीय जोड़ी ने बाजी मार ली। कजिन्स की कोचिंग में भारत ने एशियन गेम्स के कंपाउंड इवेंट में तीन गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता। रिकर्व और कंपाउंड को मिलाकर भारत का कुल प्रदर्शन पांच गोल्ड, दो सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल का रहा। डेव कजिन्स ने भारतीय कंपाउंड टीम की जिम्मेदारी संभालने के बाद खिलाड़ियों की तैयारी और प्रक्रिया पर जोर दिया। एशियन गेम्स में सफलता के बाद उन्होंने कहा था- टीम का लक्ष्य खिलाड़ियों को पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतारना था।

कौन हैं डेव कजिन्स?- 49 साल के अमेरिकी कोच डेव कजिन्स खुद भी कंपाउंड आर्चरी के बड़े नाम रहे हैं। वह पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 तीरंदाज हैं और 1999 तथा 2003 में वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप के खिताब जीत चुके हैं। उन्हें मई में भारत का मुख्य कंपाउंड आर्चरी कोच नियुक्त किया गया था। कजिन्स की नियुक्ति सर्जियो पग्नी के जाने के बाद हुई थी। पग्नी की कोचिंग में भारत ने 2023 के हांगझोऊ एशियन गेम्स में तीरंदाजी के सभी पांच गोल्ड मेडल जीते थे। इसी बीच, आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया लॉस एंजिलिस ओलिंपिक की तैयारी के लिए रिकर्व टीम के साथ साउथ कोरियाई कोच पार्क चे-सून को जोड़ने की बातचीत भी कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पार्क दिसंबर तक भारत से जुड़ सकते हैं।

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

गढ़कालिका माता मंदिर में आज से शुरू होगा गरबा

धार। जिले के प्रसिद्ध गढ़कालिका माता मंदिर में आज से शुरू होने वाले गरबा पर्व को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर राजीव रंजन मीना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर सहित अधिकारियों ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मेला परिसर, दुकान परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा, पार्किंग और श्रद्धालुओं की आवाजाही से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

विकास मर्डर केस में 2 नए नाम आए सामने

धार। जिले के सादलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुणावद में विकास कायस्थ की चाकू मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को नामजद किया है। इनमें इमरान पिता इकबाल और बाबू शामिल हैं। दोनों को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है। इससे पहले पुलिस सद्दाम उर्फ गोलू पिता इकबाल, निवासी ग्राम गुणावद को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार, तिरुपति होटल पर आने की बात को लेकर विकास का आरोपियों से विवाद हुआ था। इस दौरान गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी और जातिसूचक शब्द कहने के आरोप हैं।

कपास के खेत में लगाए गांजे के 565 पौधे जब्त

धार। तिरला थाना क्षेत्र के ग्राम खरबारी में पुलिस ने गांजे की अवैध खेती पकड़ी है। कपास के खेत में गांजे के 565 हरे पौधे मिले हैं। पुलिस ने सभी पौधे जब्त कर लिए हैं। इनका कुल वजन 443.9 किलोग्राम है। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत 53 लाख 26 हजार 800 रुपए बताई गई है। मामले में खेत से बाबू पिता मदन मसर (54) निवासी ग्राम खरबारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम खरबारी में गांजे की खेती की सूचना मिली थी। पुष्टि होने के बाद 8 अक्टूबर को थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खेत पर दबिश दी।

शख्स का अपहरण करने वाले 3 युवक गिरफ्तार



आरोपियों और पीड़ित के बीच एक करोड़ के लेन-देन का विवाद था

झाबुआ। झाबुआ जिले के बामनिया क्षेत्र में हुए हाई-प्रोफाइल अपहरण केस का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि लगभग 1 करोड़ रुपए के लेन-देन के पुराने विवाद के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया था। घटना 28 अगस्त की है। खवासा निवासी योगेश व्यास ने पेटलावद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके रिश्तेदार अपूर्व शर्मा रक्षाबंधन पर घर आए हुए थे। जब अपूर्व बामनिया में मंचूरियन खाने गए, तब मारुति वैगनआर कार में आए तीन बदमाशों ने उन्हें जबरन अगवा कर लिया। पुलिस ने बामनिया से लेकर उज्जैन तक आरोपियों का पीछा किया। पुलिस की घेराबंदी और दबाव को देखकर अपहरणकर्ता अपूर्व शर्मा को इंदौर के देवास नाके पर छोड़कर फरार हो गए थे। इसके बाद से पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। 8 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि मुख्य आरोपी प्रकाश पटेल अपने साथियों के साथ इंदौर के विजय नगर और महालक्ष्मी नगर इलाके में घूम रहा है।

नैनो न्यूज

- **व्यापारियों ने डिजिटल शुल्क पर जताई चिंता-** इंदौर के व्यापारियों ने डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क की आशंकाओं को लेकर चिंता जताई। उनका कहना है कि इससे छोटे दुकानदारों की लागत बढ़ सकती है।
- **प्लास्टिक उद्योग में निवेश की तैयारी-** इंदौर में प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग से जुड़ी कंपनियां नई तकनीक, आधुनिक मशीनों और रीसाइक्लिंग कारोबार में अवसर तलाश रही हैं।
- **छोटे उद्योगों को बाजार की तलाश-** इंदौर के लघु उद्योग संचालक नए खरीदारों से जुड़ने के लिए व्यापारिक प्रदर्शनियों और औद्योगिक मेलों में भागीदारी बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।
- **थोक बाजार में मांग पर नजर-** इंदौर के थोक व्यापारियों ने त्योहारों के बाद बाजार की मांग का आकलन शुरू किया है। कारोबारी अब जरूरत के अनुसार माल मंगाने की रणनीति अपना रहे हैं।
- **होटल कारोबार में नई प्रतिस्पर्धा-** इंदौर में होटल और रेस्टोरेंट संचालक ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मेन्यू, सेवा और ऑनलाइन बुकिंग सुविधाओं में सुधार पर ध्यान दे रहे हैं।
- **ऑटोमोबाइल बाजार में ग्राहकों की हलचल-** इंदौर के वाहन डीलर त्योहारी मांग के बाद बिक्री की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कंपनियों के ऑफर और फाइनेंस योजनाएं अहम बनी हुई हैं।

रिपोर्ट लिखाने पहुंचे बीजेपी कार्यकर्ता को थाने में पीटा-घसीटा

विधायक समर्थकों ने किया घेराव, टीआई समेत 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम थाने में शुक्रवार रात भाजपा कार्यकर्ता पं. जयदीप दुबे और उनके जीजा पंकज चौबे के साथ मारपीट करने और घसीटने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक गोलू शुक्ला के 400 से ज्यादा समर्थक थाने पहुंच गए। उन्होंने संबंधित पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा बढ़ने पर एडिशनल डीसीपी सुमित केरकट्टा पहुंचे। उन्होंने देर रात टीआई वेदेंद्र सिंह कुशवाह समेत 7 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इसके बाद विरोध शांत हुआ।

जयदीप दुबे के मुताबिक, शुक्रवार शाम 5.30 बजे घर के पास अचानक ब्रेक लगाने की बात पर एक स्कूटी सवार ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। बीच-बचाव करने आए उनके परिवार (पत्नी व बच्चों) के साथ भी अभद्रता, मारपीट, छेड़छाड़ की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद वे एफआईआर लिखाने थाने पहुंचे थे।



सीने में दर्द की बात बताई, फिर भी सुनवाई नहीं होने का आरोप- दुबे के अनुसार, थाने पहुंचने पर उन्होंने पुलिस कर्मियों को घटना और सीने में दर्द होने की जानकारी दी, लेकिन उनकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि पुलिसकर्मी बार-बार कार्रवाई का आश्वासन देते रहे। दुबे ने बताया कि रात 11 बजे वे अपने जीजा पंकज चौबे के साथ दोबारा थाने पहुंचे। चौबे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हैं। आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के दौरान टीआई ने उनसे कहा कि वे ज्यादा नेतागीरी कर रहे हैं और विधायकों से फोन लगवा रहे हैं।

थाने में मारपीट और पत्नी से अभद्रता का आरोप- जयदीप दुबे का आरोप है कि टीआई वेदेंद्र सिंह कुशवाह, एएसआई नूर खजूर, आनंद सिंह, दिनेश मीणा, विजय वर्मा, चरण सिंह, मुकेश परमार और योगेश लश्करी ने लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की। उन्होंने दावा किया कि घटना थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। दुबे ने पत्नी और बहनोई के साथ भी मारपीट करने और धक्का देने का भी आरोप लगाया। दुबे के मुताबिक, टीआई ने उनकी पत्नी से पूछा, क्या तुम भी दारू पीती हो?

टीआई ने मेरे चेस्ट पर हाथ लगाकर मुझे धक्का दिया

जयदीप दुबे की पत्नी रानू दुबे ने बताया- पति, जीजा पंकज चौबे के साथ मैं रिपोर्ट दर्ज कराने गई थी। पहले तो रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। हमें वेटिंग रूम में बैठा दिया गया। जब बड़े साहब आए तो बोले- आप लोग पीते हो? ये लोग पीते हैं? हमसे बार-बार एक ही प्रश्न किया जा रहा था। हमने कहा- सर! हमारे यहां लहसुन-प्याज भी नहीं खाते। आप कैसी बात कर रहे हो? इस पर उन्होंने हमारे साथ बदतमीजी की। गलत तरीके से हमें टच किया। टीआई ने मेरे चेस्ट पर हाथ लगाकर मुझे धक्का दिया।

12 घंटे चला पॉलिटिकल और पुलिस का हाई-वोल्टेज ड्रामा

मामले में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि पीड़ित पक्ष का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा था। रिपोर्ट आते ही एफआईआर दर्ज की जानी थी। इसी बात को लेकर थाने में विवाद हुआ, जिसके बाद पंकज चौबे ने पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार और मारपीट के आरोप लगाए। तत्काल प्रभाव से 4 से 5 पुलिसकर्मियों को वहां से हटा दिया है। मामले की जांच मल्हार गंज एसीपी को सौंपी गई है। एरोड्रम क्षेत्र में शुक्रवार शाम 5.30 बजे एक विवाद से शुरू हुआ घटनाक्रम शनिवार सुबह 5 बजे तक चला। फरियादी के साथ मारपीट, विधायक गोलू शुक्ला को फोन करने, थाने पहुंचने, मेडिकल कराने, पुलिसकर्मियों पर मारपीट के आरोपों के बाद रात करीब 1 बजे समर्थकों ने एरोड्रम थाने का घेराव कर हंगामा किया।

चेहरे से बदमाशों की पहचान करेगी पुलिस, सिस्टम में लोड कर रहे चैन स्नैचर और हिस्ट्रीशीटरों के फोटो

इंदौर में आज इंडिया-वेस्टइंडीज मैच, 1500 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को होने वाले भारत-वेस्टइंडीज टी-20 मुकाबले को लेकर इंदौर पुलिस ने सुरक्षा घेरा मजबूत कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा के साथ अपराधियों पर नजर रखने के लिए फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए चैन स्नैचिंग, चाकूबाजी और अन्य अपराधों में शामिल बदमाशों के फोटो सिस्टम में अपडेट किए जा रहे हैं।

मैच के दौरान इंदौर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस सहित 1500 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बाहरी पुलिस बल की कंपनियां भी



बुलाई गई हैं। पुलिस की टीमें मैच से पहले ही मैदान और आसपास के इलाकों में सक्रिय रहेंगी। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि भारत-वेस्टइंडीज टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला रविवार को इंदौर में खेला जाएगा। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा, लेकिन पुलिस की तैनाती दोपहर 12 बजे से ही शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के बल के साथ बाहर से भी पुलिस कंपनियां बुलाई गई हैं। पुलिस और ट्रैफिक बल को मिलाकर 1500 से ज्यादा जवान सुरक्षा और व्यवस्था संभालेंगे। मैच के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए अलग-अलग स्तर पर इंतजाम किए जा रहे हैं।

एफआरएस कैमरों से होगी बदमाशों की पहचान

मैच की सुरक्षा में इस बार फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, चैन स्नैचिंग, चाकूबाजी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाशों के साथ हिस्ट्रीशीटरों के फोटो सिस्टम में अपडेट किए जा रहे हैं। स्टेडियम के बाहर लगे कैमरों के जरिए सिस्टम संदिग्ध अपराधियों के चेहरे की पहचान करने में मदद करेगा। यदि किसी बदमाश की पहचान होती है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

गांधी प्रतिमा परिसर में विरोध स्वरूप

सफाईकर्मियों के समर्थन में वाल्मीकि समाज अध्यक्ष ने कराया मुंडन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम के सफाईकर्मियों की नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन शुक्रवार को और तेज हो गया। वाल्मीकि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कल्याणे ने गांधी प्रतिमा परिसर में विरोध स्वरूप मुंडन कराया और राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त प्रताप करोसिया का पिंडदान किया।

सफाईकर्मी संगठन लंबे समय से स्थायी नियुक्ति, समान कार्य-समान वेतन, ठेका प्रथा खत्म करने, जोखिम भत्ता और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की मांग कर रहा है। संगठन का कहना है कि कर्मचारी करीब 28 साल से स्थायी नियुक्ति की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि मांगों पर बातचीत करने के बजाय आंदोलन खत्म कराने के लिए दबाव बनाया गया।

संगठन के प्रतिनिधि ने कहा कि इंदौर को स्वच्छता में आठ बार नंबर-1 बनाने में सफाईकर्मियों की मेहनत और योगदान रहा है। इसके बावजूद उन्हें स्थायी नौकरी और सम्मानजनक वेतन नहीं मिल पा रहा है। प्रतिनिधि के मुताबिक, करीब 10 हजार रुपए महीने में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी शहर की सड़कों और घरों के आसपास सफाई रखते हैं, लेकिन उनकी अपनी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। संगठन ने जेन जेड और जेन अल्फा के युवाओं से भी अपील की है कि वे सफाईकर्मियों की मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने में मदद करें।



निगम कमिश्नर से मुलाकात नहीं होने का आरोप

संगठन के प्रतिनिधि ने दावा किया कि वे नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल से मिलने के लिए तीन बार गए, लेकिन उन्हें समय नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए भी पिछले 20 दिनों से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। संगठन का कहना है कि वह अपनी मांगें प्रशासन और सरकार तक पहुंचाना चाहता है।

फंदे पर लटकी मिली 9वीं की छात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

9वीं क्लास की छात्रा ने शुक्रवार रात फांसी लगा ली। घटना के वक्त उसके माता-पिता घर पर नहीं थे। रिश्तेदारों ने उसे फंदे पर देखा और अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला है।

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, स्कीम नंबर 71 में रहने वाली वैष्णवी गोस्वामी ने शुक्रवार रात फांसी लगा ली। घटना के वक्त माता-पिता घर पर नहीं थे। रिश्तेदारों ने घटना देखी तो परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और छात्रा को अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पिता राजीवपुरी गोस्वामी ने बताया कि रात को घर पहुंचने पर उन्हें पता चला कि उनकी बेटी की मौत हो चुकी है। उनके दो बच्चे हैं- एक बेटा और एक बेटी। बेटी सराफा विद्या निकेतन स्कूल में 9वीं क्लास में पढ़ती थी। उन्होंने बताया कि बेटी पढ़ाई में अच्छी थी। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं है।

जैनागम को समझने के लिए अनेक दृष्टियों को समझना होगा : पट्टाचार्य विशुद्धसागर जी गुरुदेव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

ऋषभ विहार, दिल्ली में विराजित परम पूज्य पंचम पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने कहा कि जैनागम को समझने के लिए विभिन्न दृष्टियों का ज्ञान आवश्यक है। दार्शनिक, सिद्धांत, नय, प्रमाण, शब्दार्थ, आगममार्ग, व्यवहार और निश्चय जैसी अनेक दृष्टियों को समझकर ही जैनागम के वास्तविक स्वरूप को जाना जा सकता है। गुरुदेव शनिवार को त्रिदिवसीय राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी के प्रथम सत्र को संबोधित कर रहे थे।

समयसार पर विशेष प्रवचन देते हुए गुरुदेव ने कहा कि समयसार को सुनना सरल है, लेकिन उसके वास्तविक स्वरूप की अनुभूति



अत्यंत कठिन है। समयसार में शुद्ध आत्मा और उसके स्वरूप की चर्चा की गई है। इसे समझने के लिए केवल शास्त्रों का श्रवण पर्याप्त नहीं, बल्कि आत्मानुभूति और वीतरागी भाव की साधना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समयसार को सगुणी और निर्गुणी दोनों समझ सकते हैं, लेकिन समयसार के वास्तविक स्वरूप की अनुभूति निर्ग्रन्थ एवं वीतरागी अवस्था में ही संभव है। भोग-शय्या पर आत्मानुभूति नहीं होती। जो व्यक्ति आत्मा के स्वरूप को जानकर भेदभावना विकसित करता है और जो भोगवृत्ति से दूर होता है, वही आत्मा के परमानंद की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

सर्वर या कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम से छेड़छाड़

एमजीएम मेडिकल कॉलेज की वेबसाइट हैक, पोर्न वीडियो दिखा

डीन बोले- विजुअल्स सामने आए वे भी फेक हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर कथित तौर पर पोर्न वीडियो दिखाई देने का मामला सामने आया है। इस घटनाक्रम के बाद कॉलेज की वेबसाइट की साइबर सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, वेबसाइट पर आपत्तिजनक कंटेंट दिखाई देने के पीछे हैकिंग थी या कोई तकनीकी गड़बड़ी, इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्था की वेबसाइट पर इस तरह का कंटेंट दिखाई देने की जानकारी सामने आने से मामला गंभीर हो गया है। यदि वेबसाइट को हैक करके उसके कंटेंट में बदलाव किया गया है, तो यह साइबर सुरक्षा में सेंधमारी का मामला हो सकता है।

हैकिंग या तकनीकी गड़बड़ी, वजह साफ नहीं- वेबसाइट पर आपत्तिजनक वीडियो किस तरह दिखाई देने लगे, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। आशंका है कि वेबसाइट के सर्वर या कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम से छेड़छाड़ की गई हो। हालांकि, किसी बाहरी लिंक, विज्ञापन या अन्य तकनीकी समस्या के कारण भी ऐसा कंटेंट दिखाई देने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

कॉलेज की वेबसाइट की सुरक्षा पर सवाल- इस घटना ने सरकारी और शैक्षणिक संस्थानों की वेबसाइटों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ऐसी वेबसाइटों पर उपलब्ध जानकारी की विश्वसनीयता बनाए रखना और उन्हें अनधिकृत बदलावों से सुरक्षित रखना जरूरी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि वेबसाइट पर आपत्तिजनक कंटेंट कितनी देर तक दिखाई दिया, इसके पीछे कौन जिम्मेदार है और क्या वेबसाइट के डेटा या सर्वर को कोई नुकसान पहुंचा है। मामले में कॉलेज प्रबंधन की आधिकारिक प्रतिक्रिया और तकनीकी जांच से ही स्थिति साफ हो सकेगी।



डीन बोले- छवि खराब करने की हो रही कोशिश

डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि कॉलेज की वेबसाइट हैक नहीं हुई है। कॉलेज के जो विजुअल्स सामने आए हैं वे भी फेक हैं। मैंने कॉलेज की वेबसाइट मेंटेन करने वाले एक्सपर्ट को दिखवाया लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। कुछ लोगों द्वारा कॉलेज की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह क्लेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com